रांची
रविवार
11.09.2022
आश्विन कृष्ण पक्ष 01
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-219 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह
हर दिन मेरा महत्वपूर्ण दिन है, अगर यह सोच कर हर व्यक्ति कार्य करे, तो उसको जीवन में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

न्यूज गैलरी

कैबिनेट की बैठक 14 को कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की संभावना

रांची। झारखंड मंत्रिपरिषद की आगामी बैठक 14 सितम्बर को बुलायी गयी है। राजनीतिक असमंजस्यता के बीच होने वाली कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा द्वारा बताया गया कि अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

रिटायर आईएएस मेरी नीलिमा केरकेट्टा होंगी जेपीएससी की नयी अध्यक्ष

रांची। भारतीय प्रशासनिक सेवा की सेवानिवृत्त अधिकारी मेरी नीलिमा केरकेट्टा झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की नयी अध्यक्ष होंगी। राज्य सरकार ने जेपीएससी के रिक्त पड़े अध्यक्ष पद पर मेरी नीलिमा केरकेट्टा की नियुक्ति के लिए कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सीएम से की मुलाकात

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने जनजातीय परामर्शदात्री परिषद (ट्राईबल एडवाइजरी काउंसिल) का सदस्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और धन्यवाद दिया। इस मौके पर उन्होंने मांडर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए नये कॉलेज खोले जाने तथा सड़कों की मरम्मत और नये सड़क निर्माण की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में जल्द सकारात्मक पहल की जायेगी।

पिछली सीट पर बैठकर सीट बेल्ट नहीं लगाने पर कटेगा चालान

रांची। 15 सितम्बर से कार की पिछली सीट पर अगर कोई बैठ सीट बेल्ट नहीं लगाता है तो उसका चालान कटेगा। रांची पुलिस ने इसे लेकर निर्देश जारी कर दिया है। पीछे बैठ सीट बेल्ट न पहनने पर एक हजार का फाइन काटा जायेगा। पिछले दिनों टाटा ग्रुप के साइरस मिस्त्री की मौत के बाद फिर एक बार फोर व्हीलर में पीछे बैठनेवालों के लिए सीट बेल्ट पहनना जरूरी किया जा रहा है। राजधानी रांची में भी इसे लेकर पहल शुरू कर दी गयी है। शुरूआती दिनो में लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जायेगा और फिर 15 सितम्बर से इसे प्रभावी कर दिया जायेगा। रांची शहर में इसके बाद जो भी लोग कार की पिछली सीट में बैठकर सीट बेल्ट नहीं पहनेगा, तो फिर उसका फाइन काटा जायेगा।

दुर्गा सोरेन की जयंती पर शिबू सोरेन संग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी श्रद्धांजलि, सीएम बोले -

शहीदों और पूर्वजों के सपनों के अनुरूप झारखंड का हो रहा नवनिर्माण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन शनिवार को दुर्गा सोरेन की जयंती के अवसर पर लोवाडीह, स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पहुंचे। वहां उन्होंने अलग झारखंड राज्य आंदोलन के प्रणेता दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मंत्री जगरनाथ महतो, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीता सोरेन एवं अन्य ने भी दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है। समय आने पर इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। सीएम हेमंत सोरेन शनिवार को रांची के लोवाडीह के निकट स्व. दुर्गा सोरेन चौक पर आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित कर रह थे। पूर्व विधायक स्व. दुर्गा सोरेन जेएमएम के वरिष्ठ नेता थे और सीएम हेमंत के बड़े भाई थे। उनकी जयंती पर आज यह समारोह आयोजित किया गया था। हेमंत सोरेन ने बीजेपी नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इन लोगों ने उम्र के इस पड़ाव में जेएमएम प्रमुख शिबू सोरेन को भी नहीं बख्शा, येन-केन-प्रकारेण उनके खिलाफ दोषरोपण करने का काम किया है, लेकिन जेएमएम और झारखंड की जनता ऐसे चीजों से डरनेवाली नहीं है। अंग्रेजी शासन के जमाने से ही इस तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे डरने की जरूरत नहीं है, संघर्ष करने की जरूरत है। पार्टी के आम कार्यकर्ताओं से ही संगठन को इतनी ताकत मिलती है कि जेएमएम जैसा छोटा दल भी आज बीजेपी जैसी राष्ट्रीय पार्टी को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है।

जल, जंगल और जमीन बचाने का प्रयास करें : शिबू सोरेन

मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री तथा राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन ने कहा कि आज सभी अपने वीर शहीदों को याद कर रहे हैं। उन्होंने यहां की प्राकृतिक संपदा तथा जल, जंगल, जमीन को बचाने का काम किया है। आनेवाली पीढ़ी भी झारखंड के जल, जंगल, जमीन बचाने का प्रयास करें, इसी में सभी की भलाई है। इस अवसर पर मंत्री जगरनाथ महतो, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीता सोरेन एवं अन्य ने भी दुर्गा सोरेन की प्रतिमा पर पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद को किया नमन

स्व. दुर्गा सोरेन की जयंती पर माल्यार्पण कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर कांटाटोली चौक रांची स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह झामुमो के पूर्व केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम, केन्द्रीय सदस्य समनुर मंसुरी, सुशीला एक्का, जिला सचिव डॉ. हेमलाल कुमार मेहता हेमू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

बड़े भाई ने घर-द्वार छोड़ कर सर्वस्व समर्पित किया

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि अलग झारखंड राज्य आंदोलन में यहां के वीर सपूत निर्मल महतो, बिनोद बिहारी महतो सहित हजारों आदिवासी-मूलवासियों ने अहम भूमिका निभायी। इन महान विभूतियों ने जल, जंगल, जमीन एवं अलग झारखंड राज्य की परिकल्पना को पूरा करने का काम कर दिखाया है। यह सभी के लिए गौरव की बात है। अलग राज्य के लंबे संघर्ष में कई अगुआ साथी, मार्गदर्शक, पिता तुल्य एवं बड़े भाई समान वीर शहीदों ने अपना घर-द्वार छोड़कर इस राज्य के लिए सर्वस्व समर्पित किया।

वीर सपूतों का सपना टूटता बिखरता आ रहा है नजर

उन्होंने कहा कि यहां के वीर सपूतों के लंबे संघर्ष के बाद अलग झारखंड राज्य मिला, परंतु राज्य गठन के 20 वर्ष पूरे होने के बाद भी जो विकास और उन्नति का सपना हमारे पूर्वजों ने देखा था वह टूटता और बिखरता नजर आया है।

डीजीपी के लिए छह पदाधिकारियों का नाम यूपीएससी को भेजा गया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नीरज सिन्हा का कार्यकाल 2023 में खत्म हो रहा है। जिसके बाद नये डीजीपी कार्यभार संभालेंगे। इसके साथ ही नये डीजीपी की तलाश भी शुरू हो गयी।

फरवरी 2023 में डीजीपी नीरज सिन्हा का कार्यकाल होगा समाप्त

राज्यों में नियुक्ति के लिए अब नये नियम के तहत यूपीएससी से वरीय पुलिस पदाधिकारियों के नाम का एक पैनल तैयार हो रहा है। इसे लेकर गृह विभाग द्वारा भी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गयी है। सूत्रों के मुताबिक झारखंड पुलिस के छह आईपीएस अधिकारियों की सूची यूपीएससी को भेजी गयी है। राज्य सरकार की ओर से जिन छह आईपीएस अधिकारियों का नाम डीजीपी पैनल के लिए भेजा गया है, उनमें एसएन प्रधान, अजय कुमार सिंह, अनिल पालटा, अनुराग गुप्ता, प्रशांत सिंह और आरके मलिक का नाम शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार डीजीपी की नियुक्ति के लिए सरकार कम से कम पांच नाम की अनुशंसा यूपीएससी से करती है। जिसके बाद यूपीएससी इनमें से तीन नाम सरकार को बताती है और उनमें से किसी एक को पुलिस महानिदेशक नियुक्ति किया जाता है।

केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन में पीएम मोदी बोले -

भारत बनेगा रिसर्च और इनोवेशन का ग्लोबल सेंटर

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अहमदाबाद में साइंस सिटी में आयोजित दो दिवसीय केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन किया और कहा कि आज का नया भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ ही जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है। मोदी ने इस अवसर पर सभा को भी संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी के भारत के विकास में विज्ञान उस ऊर्जा की तरह है जिसमें हर क्षेत्र के विकास को हर राज्य के विकास को गति देने का सामर्थ्य है। आज जब भारत चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करने की तरफ बढ़ रहा है तो उसमें भारत की साइंस और इस क्षेत्र से जुड़े लोगों की भूमिका बहुत अहम है। समाधान का, सॉल्यूशन का, इवोलूशन का और इनोवेशन का आधार विज्ञान ही है। इसी प्रेरणा से आज का नया भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ ही जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हम पिछली शताब्दी के शुरुआती दशकों को याद करें तो पाते हैं कि दुनिया में किस तरह तबाही और त्रासदी का दौर चल रहा था, लेकिन उस दौर में भी बात चाहे ईस्ट की हो या वेस्ट की हर जगह के साइंटिस्ट अपनी महान खोज में लगे हुए थे। पश्चिम में आइन्स्टाइन, फर्मी, मैक्स प्लांक, नील्स बोर, टेस्ला जैसे साइंटिस्ट अपने प्रयोगों से दुनिया को चौंका रहे थे। उसी दौर में सीवी रमन, जगदीश चंद्र बोस, सत्येंद्रनाथ बोस, मेघनाद साहा, एस चंद्रशेखर समेत कई वैज्ञानिक अपनी नयी-नयी खोज सामने ला रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हम अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करते हैं तो साइंस हमारे समाज का हिस्सा बन जाती है वो पार्ट ऑफ कल्चर बन जाती है। इसलिए आज सबसे पहला आग्रह मेरा यही है कि हम अपने देश के वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को जमकर सेलिब्रेट करें। भारत रिसर्च और इनोवेशन का ग्लोबल सेंटर बनेगा। हमारी सरकार साइंस बेस्ड डेवलपमेंट की सोच के साथ काम कर रही है।

भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 46वें स्थान पर

2014 के बाद से साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में इन्वेस्टमेंट में काफी वृद्धि की गयी है। सरकार के प्रयासों से आज भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 46वें स्थान पर है जबकि 2015 में भारत 81 नंबर पर था। उन्होंने कहा कि इस अमृतकाल में भारत को रिसर्च और इनोवेशन का ग्लोबल सेंटर बनाने के लिए हमें एक साथ अनेक मोर्चों पर काम करना है। अपनी साइंस और टेक्नॉलॉजी से जुड़ी रिसर्च को हमें लोकल स्तर पर लेकर जाना है। इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारों को ज्यादा से ज्यादा वैज्ञानिक संस्थानों के निर्माण पर और प्रक्रियाओं को सरल करने पर बल देना चाहिए। राज्यों में जो उच्च शिक्षा के संस्थान हैं उनमें इनोवेशन लैब्स की संख्या भी बढ़ायी जानी चाहिए। राज्यों में राष्ट्रीय स्तर के अनेक वैज्ञानिक संस्थान होते हैं, नेशनल लेबोरेटरीज भी होती हैं।

राज्य में सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना

नवीन मेल संवाददाता

रांची। बंगाल की उत्तर-पश्चिमी खाड़ी में लो प्रेशर एरिया स्थित है। इसके अगले 24 घंटों के दौरान दक्षिण ओडिशा-उत्तर आंध्र प्रदेश के तटों से दूर उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक प्रेशर के रूप में केंद्रित होने की संभावना है। इसका प्रभाव झारखंड में 11 सितम्बर से देखने को मिलेगा। इसके कारण आनेवाले दिनों में कई जगह भारी बारिश होगी। राज्य में कहीं-कहीं वज्रपात भी होने की आशंका है। यह जानकारी रांची मौसम केंद्र ने शनिवार को दी। 11 सितम्बर को राज्य में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। वहीं, 12 से 14 सितम्बर को राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। 15 और 16 सितम्बर को राज्य में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल उम्मीद है।

कोलकाता में कारोबारी के घर ईडी की रेड, सात करोड़ कैश बरामद

कोलकाता (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन जांच के तहत कथित फर्जी मोबाइल गेमिंग ऐप के प्रमोटरों के खिलाफ कोलकाता में छापेमारी की। ईडी ने इस कार्रवाई में सात करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गयी है। अधिकारियों ने बताया कि छह परिसरों में रेड मारने पर अब तक सात करोड़ रुपये कैश बरामद कर लिए गए हैं। फिलहाल नोटों की गिनती जारी है। ईडी की टीम ने कोलकाता में छह जगहों पर रेड की कार्रवाई की है। केंद्रीय एजेंसी ने बयान जारी कर बताया कि गेमिंग एप ई-नग्गेट्स और इसके प्रोमोटर आमिर खान के आधा दर्जन से ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। ईडी ने बताया कि परिसरों से अब तक सात करोड़ रुपये से अधिक की नगदी बरामद की गयी है। बरामद नकदी की गिनती अब भी जारी है। कोलकाता पुलिस ने फरवरी 2021 में कंपनी और उसके प्रमोटरों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की थी और इसी से धन शोधन का मामला सामने आया है। एजेंसी इस बात की जांच कर रहा है कि इस ऐप और इसके प्रोमोटरों का संपर्क कहीं चीन के नियंत्रण वाले ऐप से तो नहीं है। बीते दिनों कांग्रेस ने चीनी लोन ऐप को लेकर केंद्र सरकार पर कई सवाल और निशान खड़े किये थे। पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा था कि पिछले 2 साल में चीनी लोन ऐप, जिनकी संख्या लगभग 1100 हो चुकी है, उनमें से 600 अवैध हैं। 2017-2020 के बीच इन ऋण एप से डिजिटल ट्रांजेक्शन में 12 गुना की वृद्धि हुई है।

प्रोफेसर संग मारपीट के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार, गये जेल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। डोरंडा थाने की पुलिस ने कॉलेज के प्रोफेसर मतिउर रहमान के साथ मारपीट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। जेल जानेवाले आरोपियों में मो. दानिश, मो. तस्लीम और मो. शाहीद शामिल है। तीनों डोरंडा इलाके के रहनेवाले हैं। थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि आरोपी दानिश ने शाहीद का नाम लिया था। उसने बताया कि मारपीट के दौरान शाहीद घटनास्थल में मौजूद नहीं था, लेकिन वह कॉलेज गेट के पास मौजूद था। बता दें कि बीते गुरुवार की सुबह डोरंडा कॉलेज में अड्डेबाजी करनेवाले बदमाशों को जब प्रोफेसर ने परिसर से बाहर जाने के लिए कहा। तब आरोपी उनके साथ उलझ गये और मारपीट कर दी। इस संबंध में प्रोफेसर के बयान पर सात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

दाल के छिलके में दूध से छह गुना ज्यादा कैल्शियम

अध्ययन 100 मिलीग्राम दूध में 120 मिलीग्राम होता है कैल्शियम

- आरपी सिंह

नयी दिल्ली। हाल ही में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि दूध कैल्शियम के लिए अच्छा नहीं है,

- **100 ग्राम अरहर की दाल के छिलके में 652 मिलीग्राम होता है कैल्शियम**
- **मनुष्य को प्रतिदिन औसतन 800 से 1,000 मिलीग्राम कैल्शियम की होती है जरूरत**

बल्कि दाल के छिलके अच्छे हैं। जिसे जानवरों को खिला दिया जाता है। इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स (इक्रीसेट) द्वारा किये गये एक शोध में यह पता चला है। यह शोध परिणाम पीयर-रिव्यू जर्नल सस्टेनेबिलिटी में प्रकाशित हुए है। इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स के अनुसार, अरहर की दाल की भूसी में दूध की तुलना में छह गुना अधिक कैल्शियम होता है। जो ऑस्टियोपोरोसिस और रिकेट्स के इलाज के लिए खाद्य और दवा कंपनियों के लिए मूल्यवान है।

इक्रीसेट में किये गये एक अध्ययन के अनुसार, तुअर दाल के छिलके में दूध की तुलना में कैल्शियम की मात्रा ज्यादा होती है। जो बेबी फूड और मिनरल सप्लीमेंट्स के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। इन दालों की भूसी को अपशिष्ट या पशु आहार के रूप में उपयोग किया जाता ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

कैसे पता करें शरीर में कैल्शियम की कमी

शरीर में कैल्शियम की कमी से कमजोरी, थकान, मांसपेशियों में दर्द या ऐंठन, सुन्नता या विशेष रूप से उंगलियों और जबड़े में झुनझुनी, चक्कर आना, निगलने में कठिनाई जैसे लक्षण हो सकते हैं। यह होने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श करें।

कैल्शियम की कमी से होनेवाले रोग

डिप्रेशन, भ्रम की स्थिति, हड्डियों में फ्रैक्चर, मांसपेशियों में ऐंठन, कमजोर और खराब नाखून, याददाश्त कमजोर होना, मांसपेशियों में ऐंठन या मांसपेशियों में दर्द हाथ, पैर और चेहरे में सुन्नपन और झुनझुनी।

कैशकांड में गिरफ्तार कांग्रेस विधायकों के मामले में सीबीआई जांच की मांग

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कोलकाता में 49 लाख रुपये के साथ कांग्रेस के तीन विधायक की गिरफ्तारी का मामला झारखंड हाईकोर्ट पहुंच गया है। मिथिलेश कुमार सिंह ने जनहित याचिका दायर कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। याचिका के माध्यम से बताया है कि कैश बरामदगी मामले से झारखंड की काफी बदनामी हो रही है। यह मामला झारखंड, असम और पश्चिम बंगाल राज्यों से जुड़ा हुआ है। इसलिए यह साफ होनी चाहिए कि आखिर इसके पीछे क्या मामला है। कोलकाता में कांग्रेस के तीन विधायकों की गिरफ्तारी के बाद सत्ता पक्ष परेशानी की स्थिति में है। इसके बाद सत्ता पक्ष के कई विधायक छत्तीसगढ़ के एक होटल में रुके थे।

उनका कहना था कि बीजेपी झारखंड में ऑपरेशन लोटस चला रही थी। इस विवाद के बाद ही हेमंत सरकार ने झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर विश्वास मत हासिल किया था। इसके बारे में कहा गया कि विश्वास मत का प्रस्ताव लाकर और उसे जीतकर, जनता में ये संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि केंद्र की भाजपा सरकार चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने की साजिश रच रही है और हेमंत सरकार जनता की सहानुभूति और बीजेपी के खिलाफ माहौल बना रही है। हालांकि, झारखंड विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव का विरोध करते हुए भाजपा सदन से वॉकआउट कर गयी थी।

झारखंड उच्च न्यायालय में दायर की गयी याचिका

न्यूज गैलरी

रोजगार शिविर का आयोजन

सिल्ली। स्किल इंडिया योजना के तहत डिडियुकेके (दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र) एवं मिटकॉन मेगा स्किल सेंटर की ओर से सिल्ली प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में सोलर टेक्निशियन, फीटर, इलेक्टिसियन एवं सिलाई मशीन ऑपरेटर के पदों के लिये रोजगार प्रशिक्षण कोर्स के लिये आवेदन लिये गए। आवेदकों का साक्षात्कर भी किया गया। कुल 50 युवकों ने आवेंदन भरे। मोबलिजशन मैनेजर चित्रकान्त जयसवाल ने बताया कि तीन महीने के इस प्रशिक्षण के दौरान रहने खाने की निशुल्क व्यवस्था है। अलावे प्रशिक्षण के बाद प्लेसमेन्ट भी दिया जायेगा। मौके पर एमआईएस एक्जक्यूटिव आकाश वर्मा, एक्सक्यूटिव आफताब आलम समेत मौजूद थे।

कृषकों को लाह प्रशिक्षण कराया गया

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड के नागेडीह पंचायत के बूढ़ा बेहरा गांव में आईसीआईसीआई फाउंडेशन की ओर से किसानों का तीन दिवसीय लाह प्रक्षिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया। आठ से 10 सितंबर तक चले इस प्रक्षिक्षण में तीस किसानों ने भाग लिया। फाउंडेशन के ब्लॉक फैसिलिटेटर अमृत बेदिया ने लोगों को लाह उद्योग से मुनाफा पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिल्ली प्रखण्ड के इलाके में लाह की उत्पादन की काफी संभावना है ।हर साल किसान लाखों कमा सकते है। किसानों को प्रशिक्षण रमेश चंद्र कुम्हार,और बालाजी मिश्रा ट्रैनर के द्वारा दिया गया। मौके पर नागेडीह पंचायत मुखिया रेखा देवी, पसस पंचानंद मांझी ,ग्राम प्रधान सोमरा बेदिया,वार्ड सदस्या बुरहाबहेरा सरिता देवी, सुंदर गोपाल मांझी आदि किसान उपस्थित थे।

जेसीबी ने बरगांवा में लगा लोन मेला

नामकुम। जेसीबी एवं इंडसडइण्ड बैंक के संयुक्त रूप से नामकुम के पतराटोली पेट्रोल पंप के समीप लोन मेला आयोजन किया गया। इस दौरान जेसीबी के कुंदन किशोर सहाय एवं इण्डसइण्ड बैंक के ब्रांच हेड अभय कुमार एवं अध्यक्ष कुमार उपस्थित हुए। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में पहुंचे और जेसीबी लोन संबंधी जानकारी लेते हुए बुक कराया। वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि में झारखण्ड प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल सह प्रभारी बिकू सिंह राजा साहब उपस्थित हुए।

विधायक मद से 5 गांव में दिया गया ट्रांसफार्मर

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड के 5 गांवों में पिछले कई दिनों से विभाग के उदासीन के कारण ग्रामीण अंधकार में जीने को विवश थे। ग्रामीणों की मांग पर स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने अपने मद से 9 लाख रुपया खर्च कर धातकीडीह, रायकोचा, श्यामनगर, बरेडीह समेत 5 गांव में ग्रामीणों के लिए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। इनके अलावा पांच और गांव के ट्रांसफार्मर शीघ्र मंगाया जाएगा। बताया गया कि बंता में भी पिछले कई दिनों से खराब पड़े एक सौ केवी के ट्रांसफार्मर भी ग्रामीणों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 17 और गांव के ग्रामीणों के आवेदन ट्रांसफार्मर के लिए मिले हैं वहां भी ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया किया जा रहा है।

शिक्षक दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए जीप सदस्य

चान्हो। क्रिएटिव हर्ट स्कूल गुटुवा में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जीप सदस्य आशुतोष तिवारी शामिल हुए। सर्वपल्ली राधाकृष्णन के फोटो में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा पेश किये गए रंगारंग कार्यक्रमों ने वहां उपस्थित सैकड़ों दर्शकों का मन मोह लिया गया। मौके पर प्राचार्य बिनोद टोप्पो के साथ स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

उपायुक्त ने नामकुम अचंल कार्यालय का किया निरीक्षण, कहा-

वेलफेयर योजनाओं पर बिना देरी किये तत्काल काम करें कर्मचारी

नवीन मेल संवाददाता

नामकुम। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा नामकुम प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्याल्य में प्रखण्ड व अंचल के सभी कर्मियों की लोग बुक, आगत निर्गत पंजी, सेवा पुस्तिका, रोकड़ पंजी, संचिका, जन शिकायत, पेंशन के सीसी तथा अन्य सभी कागजात की जांच की गई। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में प्रखण्ड कार्यालय के सभागार हॉल में कार्यालय के सभी पदाधिकारियों प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ज्ञान शंकर जासवाल व अंचल पदाधिकारी बिनोद प्रजापति सहित अन्य सभी विभागों के कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान उपायुक्त ने सभी विभागों की आवेदन प्रक्रिया से लेकर निष्पादन करने की पूरी जानकारी ली। इस दौरान खिजरी अंचल हल्का-3 कर्मचारी रितेश कुमार से जमीन खरीद-बिक्री के के हस्तानातरण से संबंधित कई सवाल पुछे गये। उपायुक्त ने कहा कि वेलफेयर

योजनाओं को तत्काल बिना बिलम्ब किये बिना ही लोगों को पहुंचाने पर तत्काल काम करें। इस कोई भी कर्मचारी कागजात जांच कर काम करें। इस दौरान उन्होंने कृषि फसल राहत प्रक्रिया को तत्काल जांच कर हर हाल में 15 सितंबर से पूर्व करने का आदेश दिया। कार्यालय के सभी विभागों के कक्षों जाकर रजिस्ट्र की पूरी सूची देखी। गोदाम के जांच के दौरान उन्होंने पिछले तीन माह राशन आवंटन की सूची उपब्लध कराने को कहा। इस दौरान जिला परिषद् सदस्य रामाअवतार केरकेट्टा व विपिन टोप्पो ने उपायुक्त को एक आवेदन देकर प्रभारी बीएसओ की अनुपस्थित शिकायत की। आवदेन के माध्यम से अवगत कराते हुए प्रभारी बीएसओ पदाधिकारी को दो दिन नामकुम प्रखण्ड में उपस्थि होना है। लेकिन सप्ताह में एक भी दिन नहीं बैठते हैं जिससे कई कार्डधारियों को प्रतिदिन बिना काम के

> गोदाम के जांच के दौरान उन्होंने पिछले तीन माह राशन आवंटन की सूची उपब्लध कराने को कहा। इस दौरान जिला परिषद् सदस्य रामाअवतार केरकेट्टा व विपिन टोप्पो ने उपायुक्त को एक आवेदन देकर प्रभारी बीएसओ की अनुपस्थित शिकायत की।

लौटना पड़ रहा है। वहीं इस दौरान कई स्थानीय लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा बाल विकास परियोजना श्रम पशुपालन जेएसएलपीएस तथा अन्य विभाग के साथ सभी प्रखण्ड तथा अंचल कर्मी सम्मिलित हुए जिसमे सभी विभागों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त निरीक्षण के क्रम लैम्प्स नामकुम, प्रज्ञा केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा नामकुम थाना का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही उनके द्वारा दिव्यांग बच्चों को विहील चेयर एवं दिव्यांग यंत्र का वितरण किया गया।

जिनगा जंगल से पुलिस ने युवक का शव बरामद किया

नवीन मेल संवाददाता

ओरमांझी। ओरमांझी थाना क्षेत्र के जिनगा जंगल से शनिवार को ओरमांझी पुलिस ने युवक का शव बरामद किया है। शव का शिनाख्त ग्राम मसमानो, पोस्ट ऑफिस मुड़मा, थाना मांडर रांची निवासी स्वर्गीय कुर्बान अंसारी का पुत्र आलम अंसारी के रूप में किया गया है। आलम अंसारी अपने घर से 7 सितंबर को काम करने जाने का नाम से निकला था, जो वापस घर नहीं गया। इसके बाद इसका भाई मोइन अंसारी ने 8 सितंबर को मंडर थाना में गुमशुदगी का सन्हा दर्ज कराया था। आलम अंसारी के शव मिलने के बाद उसके परिजनों ने बतलाया के आलम अंसारी 7 सितंबर को काम करने के नाम से निकला था जो वापस नहीं गया। आलम अंसारी कुछ दिन से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था जिसके कारण उसे 2 महीने से काम करने नहीं जाने दे रहे थे । 7 सितंबर को वह काम करने का नाम लेकर निकला था। जब वह घर वापस नहीं पहुंचा तो दूसरे दिन इस संबंध में मांडर थाना में सन्हा दर्ज कराया था। जिनगा पतरा मे शव मिलने की सूचना मिलने पर ओरमांझी पुलिस घटनास्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है और घटना से संबंधित पुलिस जांच में जुट गई है।

भाभी के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रांची। लोअर बाजार थाने की पुलिस ने भाभी के साथ छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम जुगून अंसारी है और वह कांटाटोली रजा कॉलोनी का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ उसकी भाभी ने लोअर बाजार थाने में दो दिन पहले प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पीड़िता का आरोप था कि आरोपी जुगून अंसारी दो दिन पहले उसके घर में घुसा और जबरन उसके साथ अश्लील हरकत की। उसने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी उसके घर पर कब्जा करना चाहता है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने आरोपी को बीते शुक्रवार को गिरफ्तार किया। सदर थाने की पुलिस ने घर में घुसकर मोबाइल चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपियों का नाम वर्दवान कंपाउंड का रोहित बड़ाईक और कोकर भाभा नगर का आर्यन लोहरा शामिल है। इन आरोपियों के पास से चोरी का मोबाइल भी बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि कोकर चून्ना भट्टी निवासी लक्ष्मी लकड़ा नामक व्यक्ति के घर से बीते शुक्रवार को दोनों आरोपी घुसे और मोबाइल लेकर भागने लगे।

रातू पिर्रा में विधायक नवीन जयसवाल ने रखी पीसीसी पथ की आधारशिला

रातू। हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने शनिवार को फुटकलटोली पंचायत के पिर्रा में विधायक कोष से पिर्रा रोड नंबर 2 पीडब्ल्यू डी रोड से साकेत पूरी के घर होते हुये राजकुमार के घर तक 700 फिट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस बीच उन्होंने मौजूद ग्रामीणों की समस्याओं को भी जाना और इनके समस्याओं की हरसंभव निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा की क्षेत्र में कोई भी महत्वपूर्ण सड़क कच्चे या जर्जर हालत में नहीं रहेगा। नाली,गली, बिजली उनकी प्राथमिकता है। जेम्स बांड खलखो, रूपेश गोप, सुबोध साहू,,रामधीर तिवारी, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

घर में घुसकर अपराधियों ने मां-बेटी से की छेड़खानी व मारपीट

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची के तुपुदाना ओपी क्षेत्र के सिलादोन में सिगरेट देने से इंकार करने पर मां और उसकी बेटी के साथ घर में घुसकर अपराधियों ने सिर्फ छेड़खानी की, बल्कि उनके साथ मारपीट भी किया है। घटना सात सितंबर देर रात की है। हालांकि मामले को गंभीरता से लेते हुए तुपुदाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने चाकू भी बरामद किया है। वहीं दूसरा आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। गिरफ्तार आरोपी का नाम हकीम अंसारी है और वह सिलादोन का ही रहने वाला है। वहीं दूसरे आरोपी जहीर अंसारी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापेमारी भी कर रही है। मामले में पीड़िता ने तुपुदाना ओपी में दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

हथियार लेकर पहुंचे दोनों अपराधी

> महिला ने घटना की जानकारी अगले दिन अपने रिश्तेदारों को दी। आठ सितंबर की दोपहर एक बजे दोनों अपराधी चाकू लेकर महिला की दुकान पर फिर से पहुंच गए। गाली-गलौज करते हुए जान मारने की धमकी दी। इसी बीच महिला की पुत्री ने अपने रिश्तेदारों को फोन कर बुला लिया। रिश्तेदारों के साथ अपराधी उलझ गए। दोनों के बीच मारपीट भी हुई। इसी क्रम में महिला के रिश्तेदार ने एक अपराधी से चाकू छीन लिया। इसके बाद दोनों भाग निकले। शाम में फिर से दोनों अपराधी पिस्टल लेकर महिला के दुकान में पहुंचे और रिश्तेदारों के आने के बाद दोनों अपराधी भाग निकले। इसके बाद महिला थाने पहुंचकर पुलिस को मामले की जानकारी दी।

एक बजे रात को सिगरेट लेने पहुंचे थे अपराधी : बताया जा रहा है कि सिलादोन में एक मां और बेटी दोनों अकेले रहती है। घर के बाहर दोनों मां-बेटी किराना का दुकान भी चलाकर अपना गुजर बसर करती हैं। बीते सात सितंबर की रात एक बजे दोनों आरोपी महिला के दुकान में गए। दोनों आरोपी नशे में धुत थे। आवाज देकर सिगरेट की मांग की। घर में पुरुष नहीं होने की वजह से दोनों ने देर रात को सिगरेट देने से इंकार कर दिया। कहा कि अगले दिन सुबह में आएं, तभी मिलेगा। इसके बाद दोनों आरोपी घर के बाहर खड़ा होकर मां और बेटी को गाली देने लगे। इससे दोनों मां और बेटी सहम गयी। डर से दोनों ने घर का दरवाजा नहीं खोला। तब दोनों आरोपी जबरन दरवाज तोड़कर महिला के घर में घुस गए। महिला की पुत्री के साथ छेड़-छाड़ भी किया। इसके बाद दोनों आरोपी वहां से भाग निकले।

सुखाड़ से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार रहे : प्रमुख

नवीन मेल संवाददाता

ओरमांझी। अल्पवृष्टि से उत्पन्न सुखाड़ की स्थिति से निपटने की तैयारी को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को प्रमुख अनुपमा देवी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सुखाड़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारी की जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी ने बताया कि प्रखंड के वैसे किसान जिनका अभी तक किसान क्रेडिट कार्ड नही बना हैं। उसका युद्ध स्तर पर किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के जिम्मेदारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी को दिया गया । इसके अलावे प्रखंड में बृहद रूप से रोजगार सृजन करने के लिए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को जिम्मेदारी दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में कृषि मजदूरों को रोजगार मुहैया कराने के लिए पंचायत स्तर पर कार्य योजना तैयार कर मजदूरों को रोजगार दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में बीमारी से निपटने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक दवाओं के पूर्ति करने का निर्देश दिया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से पोष्टिक आहार एवं सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन सुनिश्चित करना अनिवार्य कर दिया गया है। बैठक में जेएसएलपीएस को अल्पवर्षा के कारण उत्पन्न

सुखाड़ की स्थिति से निपटने के लिए बृहद रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को गरीबों को मिलने वाले अनाज को बिना लेट लतीफ किए हुए युद्ध स्तर पर वितरण करने का निर्देश दिया गया है। जिससे किसी व्यक्ति का मौत भूख से ना हो सके। व्यक्ति के पास खाद्यान्न की कमी होने पर पंचायत में मुखिया से संपर्क कर उसे आकस्मिक निधि से यथाशीघ्र खाद्यान्न मुहैया कराया जाएगा। जिस व्यक्ति के पास राशन कार्ड नहीं है और वह राशन कार्ड के लिए अहर्ता पूरी करता है तो उस योग्य व्यक्ति को तुरंत राशन कार्ड मुहैया कराया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, सहित पंचायत समिति के सदस्य और प्रखंड के कर्मचारी उपस्थित थे।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच प्रेमचंद महतो इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

ओरमांझी। प्रेमचंद महतो इंटर कॉलेज के प्रांगण में शनिवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच शिक्षक दिवस मनाया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । शिक्षक दिवस समारोह में इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं के द्वारा अपने शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी अपने छात्र छात्राओं को तहे दिल से शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वचन दिए। शिक्षक दिवस समारोह में मुख्य रूप से इंटर कॉलेज के प्राचार्य उमेश यादव, डॉ0 प्रभारानी, शशि कला देवी, हरिमनी सूबेदी, संजय कुमार, अनीता रानी, सीमा ममता मींज, सरवर आलम, सुधा तिवारी, निशा कुमारी, नैना कुमारी, अशोक कुमार, अनिल भट्ट सहित कॉलेज के कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

डीआरएम ने मुरी स्टेशन का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

मुरी। डीआरएम प्रदीप गुप्ता अपने विशेष सैलून से करीब 10:30 बजे की मुरी स्टेशन पहुंचे। तत्पश्चात अपने अधिकारियों की टीम के साथ मुख्य मंडल परिचालन निरीक्षक के कार्यालय का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने कार्यालय के छत को क्षतिग्रस्त पाया उन्होंने तुरंत कार्य अभियंता से कहा कि जल्द से जल्द इसे मरम्मत किया जाए। उसके बाद वहां से वह चालक नियंत्रण कार्यालय लोको का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने भंडार कक्ष में काफी मात्रा में आनावश्यक कागजात को देखा और उसे जल्द से जल्द साफ करने को कहा और सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा ।इसके बाद वे प्लेटफार्म नंबर 2 पर सामिष और निरामिष भोजनालय का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के क्रम में निरामिष भोजनालय में जनता खाना 15 रुपए का खाना गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया परंतु वे संतुष्ट नहीं हो पाए साथ ही साथ उन्होंने भोजनालय के कर्मचारी श्यामलाल को बिल निकाल कर देने को कहा परंतु कर्मचारी बिल निकाल कर नहीं दे पाया जिसके कारण वह और असंतुष्ट हो गये। इसी क्रम में उन्होंने अधिकारी विश्राम गृह तथा स्टेशन के मुख्य द्वार पर लगे बगीचे का भी निरीक्षण किया और कर्मचारियों से कहा कि बगीचे में फूल तथा घास का सृजन करें ताकि बगीचे की सुंदरता बढ़ सके और पूछताछ केंद्र में बैठे कर्मचारियों ने डीआरएम से शिकायत किया कि पूछताछ के बाहर साफ सफाई नहीं रहता है वेटिंग हॉल में बाल्टी मग भी नहीं रहता है जिस पर स्टेशन प्रबंधक एमएस खान को सफाई को लेकर हिदायत दिया और स्टेशन पर अलाउंसमेंट के दौरान जनता खाना के बारे यात्रियों को जानकारी प्रदान करें।

विश्व आत्महत्या विरोध दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

लोगों को आत्महत्या के विचारों से दूर रहने की दी गयी सलाह

नवीन मेल संवाददाता

रांची। यूएस पॉलीक्लिनिक, डिप्टीपाड़ा रोड, कचहरी चौक, रांची में पॉलीक्लिनिक के मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. उमाशंकर वर्मा के द्वारा विश्व आत्महत्या विरोध दिवस पर शनिवार को लोगों को आत्महत्या के विचारों से दूर रहने की सलाह दी गयी। मौके पर डॉ. वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि विश्व आत्महत्या विरोध दिवस की शुरूआत विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 2003 में शुरू की गयी जिससे लोगों में आत्महत्या करने की प्रवृत्ति को रोका जा सके और लोगों में आत्महत्या के विरुद्ध जागरूकता संदेश फैलाया जा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आह्वान पर इसका आयोजन पूरे विश्व में किया जाता है तथा हर वर्ष अलग-अलग थीम व संदेशों के साथ इसे मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम है क्रिएटिंग होप थ्रूू एक्शन।

डॉ. वर्मा ने बताया कि पूरे विश्व में प्रतिवर्ष करीब आठ लाख लोग आत्महत्या कर लेते हैं।

साथ ही एक आत्महत्या करनेवाले व्यक्ति से प्रेरित होकर अन्य 20 लोगो में भी आत्महत्या करने का विचार पनपने लगता है, जोकि काफी भयावह प्रवृत्ति है। विश्व आत्महत्या विरोध दिवस पर यूएस पॉलीक्लिनिक में जागरूकता पैदा करने के ख्याल से एक शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें सैकड़ों लोगों को जागरूक किया गया कि ये जिंदगी मिलेगी ना दोबारा, अतः इस जिंदगी को संवारे सजायें और खुशमिजाज रह कर जीवन व्यतीत करें। सुख-दुख हो, आर्थिक तंगी हो सबसे झेलने की शक्ति विकसित करें, दोस्तों से, घर के लोगों से हंसी-खुशी बातचीत करें और सभी से मेल-मिलाप बनायें। लेकिन किसी बात से अधिक आघात पहुंचे तो आध्यात्मिक ध्यान लगाकर दूर करने की कोशिश करें, देखेंगे कि कुछ समय बाद ही सब कुछ सामान्य हो गया।

डॉ. वर्मा ने कहा कि आत्महत्या करने से पहले लोगों में एक तरह का अवसाद या डिप्रेशन पाया जाता है जिसके कारण रोगी उदास, लोगों से व परिवार से अलग-थलग रहने लगता है। बातचीत बंद करने के साथ ही शराब, गांजा सहित अन्य नशापान अधिक करने लगता है। देर रात तक जगे रहता है। आत्महत्या के पीछे मनोवैज्ञानिक, सामाजिक आर्थिक ,परिवारिक व्यक्तिगत एवं परिस्थिति प्रतिकूल कारण हुआ करता है। अभी का आंकड़ा यह बताता है कि हर 40 सेकंड में भी कोई न कोई व्यक्ति आत्महत्या कर लेता है। लगभग 75 प्रतिशत मामले निम्न या मध्यम वर्ग के लोगों में पाया जाता है तथा शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र में तीन गुना अधिक आत्महत्या हो जाया करता है।

मनोवैज्ञानिक आत्महत्या की घटना को रोकने का कर रहे कार्य

डॉ. वर्मा ने कहा कि आजकल अनेकों मनोवैज्ञानिक आत्महत्या रोकने के संबंध में बड़े ही सफल कार्य करने में जुटे हुए हैं और उनकी कार्य करने की शैली और तौर-तरीकों से काफी लोगों की जान भी बच पायी है। आजकल रिनपास रांची हेल्पलाइन नंबर 9471136697 पर आपातकालीन सेवा का लाभ भी लिया जा सकता है तथा सीआईपी, कांके रांची के हेल्पलाइन नंबर 18003451849 पर काउंसलिंग इलाज और थेरेपी की सेवा ली जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल संख्या 9835167743 पर संपर्क किया जा सकता है।

उपायुक्त का कार्यालय,हजारीबाग (नजारत शाखा)

निविदा शुद्धि पत्र

निविदा संख्या–525/2022–23

हजारीबाग जिलान्तर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों के मॉडलीकरण हेतु आवश्यक सामग्री आपूर्ति के लिए दर निर्धारण हेतु विभिन्न इच्छुक फर्मों/एजेन्सी से निविदा संख्या 525/2022–23 सहपठित PR NO. 276971 के द्वारा आमंत्रित निविदा कार्यालय में जमा करने की तिथि 12.09.2022 के अपराहन 02:00 बजे तक थी। विभिन्न श्रोतों से प्राप्त अनुरोध के आलोक में निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 20.09.2022 के अपराहन् 02:00 बजे तक बढ़ाई जाती है। साथ ही निविदा खोलने की तिथि दिनांक 21.09.2022 के अपराहन 03:00 बजे निर्धारित की जाती है। शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

नजारत उपसमाहर्ता,
हजारीबाग

PR 277504 District(22-23).D

न्यूज गैलरी

साहिल सिद्दीकी के नेतृत्व में कॉलेज प्राचार्य मिलकर प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा

रांची। शनिवार को एनएसयूआइ डोरंडा कॉलेज अध्यक्ष साहिल सिद्दीकी के नेतृत्व में कॉलेज प्राचार्य डा.बी.पी.वर्मा से प्रतिनिधिमंडल मिला एवं ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर साहिल सिद्दीकी ने कहा की जैसा की मालूम है 2 दिन पूर्व कॉलेज परिसर में कुछ आसमजिक तत्वों ने कॉलेज के शिक्षक के साथ दुर्व्यवहार किया एवं मार पिट की। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) मांग करती है की ऐसे सभी आरोपियों को कॉलेज प्रशासन चिंहित कर प्रशासनिक करवाई करे और कॉलेज परिसर में पुलिस पिकेट लगवाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसा किसी अन्य शिक्षकों के साथ ना हो और कॉलेज की मान-मयार्दा बनी रहें। मौके पर शुभम सिंह, तालिब हुसैन, मो.जीकुरुल्लह आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

9 झारखंड बटालियन एनसीसी कैडेट्स का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जारी

रांची। 19 झारखंड बटालियन एनसीसी रांची द्वारा आयोजित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम खेल गांव, होटवार, रांची में एनसीसी के जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के एनसीसी कैडेटों का विशेष वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 8 का आरंभ हुआ। यह 7 सितंबर से शुरू हुआ है। 14 सितंबर तक चलेगा। उक्त शिविर में रांची, बोकारो, तेनुघाट, मुरहू, मांडर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 500 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। इस शिविर में श्एश प्रमाण पत्र परीक्षा 2023 में भाग लेने वाले कैडेटों को विशेष प्रशिक्षण की तैयारी कराई जा रही है। 19 झारखंड बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एच के पाठक और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल सुकांत बहरा की देखरेख में एवं पीआई स्टाफ विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी पदाधिकारियों द्वारा तैयारी करायी जा रही है। साथ ही कैडेटों को एन.डी.आर.एफ, अग्निशमन, ट्रैफिक कंट्रोल एव प्राथमिक उपचार की विशेष जानकारी शिक्षण एवं प्रदर्शन के माध्यम से दी जा रही है। साथ ही कैडेट्स के स्वर्णिम विकास के लिए अनेक स्पर्धा का आयोजन भी किया जा रहा है।

पूर्वी क्षेत्र जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स में पहले दिन झारखंड टीम का दबदबा

रांची। भारतीय एथलेटिक्स संघ एवम बिहार एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 10 से 12 सितंबर तक पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित 33वी पूर्वी क्षेत्र जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चौंपियनशिप में झारखंड टीम ने पहले दिन 08 स्वर्ण,08 रजत ,10 कांस्य पदक के साथ कुल 26 पदक जीतकर अपना दबदबा कायम किया। खिलाड़ियो के साथ साथ टीम प्रशिक्षक योगेश प्रसाद यादव, आशू भाटिया, प्रभात रंजन तिवारी, सिद्धू किस्कू, श्यामल बाउरी, टीम प्रबंधक बंधन टोप्पो, श्याम कुजूर, रेशमा पांडे को झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुकान्त पाठक, सचिव सी डी सिंह,आशीष झा,डॉ प्रभात शंकर, एस के पांडे, आलोक मिश्रा,सुखेर भगत, साई प्रभारी विनोद कुमार सिंह,वरुण कुमार, प्रभाकर वर्मा,भरत यादव, अशोक कुमार महतो,किरण रानी, संजय त्रिपाठी, सिकंदर महतो, रविन्द्र मुर्मू, अजीत साहू,अजय नायक,रणवीर सिंह, शशांक भूषण सिंह,, समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सीएम से मुलाकात की

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने जनजातीय परामर्शदात्री परिषद ,(ट्राईबल एडवाइजरी काउंसिल) का सदस्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया और धन्यवाद दिया । इस मौके पर उन्होंने मांडर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए नए कॉलेज खोले जाने तथा सड़कों की मरम्मत और नए सड़क निर्माण की दिशा में पहल करने का आग्रह किया । मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में जल्द सकारात्मक पहल की जाएगी।

पांच महीने में 3570 किमी की पदयात्रा पूरा करेंगे कांग्रेसी नेता

राहुल की यात्रा से बीजेपी नेताओं में बौखलाहट : कांग्रेस

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोरनाथ शाहदेव और डॉ0 राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का शनिवार को चौथा दिन है, यह यात्रा 150 दिन चलेगी, यात्रा में उमड़ रही भीड़ और जगह-जगह हो रहे स्वागत से भाजपा के अंदर बौखलाहट का माहौल है। आने वाले समय में झारखंड के भी कई पाटी कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ पदयात्रा में शामिल होंगे। कांग्रेस सशक्तीकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दूबे ने कहा कि पांच महीने में 3570 किमी की अपनी इस पदयात्रा में पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को महंगाई, बेरोजगारी, सीमा सुरक्षा और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर जबर्दस्त समर्थन मिल

रहा है। इस यात्रा से बीजेपी नेताओं में जिस तरह की बौखलाहट सामने आ रही है, उससे यह साफ हो गया है कि कांग्रेस ही देश में विपक्ष का मुख्य चेहरा और आवाज है। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की पदयात्रा से आम कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश नजर आ रहा है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस की इस यात्रा का मकसद बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर आम लोगों के बीच बहस और चर्चा छेड़ने की कोशिश है, जिसमें चार दिनों में बबड़ी सफलता मिली है। कन्याकुमारी में त्रिवेणी संगम के उस संगम से यात्रा की शुरूआत हुई है, जहां हिन्द महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी का

> कांग्रेस की इस यात्रा का मकसद बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर आम लोगों के बीच बहस और चर्चा छेड़ने की कोशिश है।

मेल होता है। राहुल गांधी बीते चार दशकों में पहले नेता है, जो कन्याकुमारी और कश्मीर तक की यात्रा कर रहे है। पार्टी की यह यात्रा भारतीय राजनीति को बदलने वाली साबित होगी। कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और जोश का संचार हुआ है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि करीब 5 महीने तक चलने वाली इस यात्रा के क्रम में राहुल गांधी किसी होटल या सरकारी गेस्ट हाउस में नहीं रूक रहे हैं।

गोमिया विधायक के बेटे शशि शेखर ने फतह किया माउंट मणिरंग का सम्मिट कैंप

शशि शेखर ने एनआइएमएएस से किया है पर्वतारोहण का कोर्स

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शशि शेखर ने माउंट मणिरंग के सम्मिट कैंप पर तिरंगा फहराया है जो कि लगभग 19000 फीट पर स्थित है। माउंट मणिरंग हिमाचल प्रदेश में स्थित भारत की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है जिसकी कुल ऊंचाई 21631फीट है। तकनीकी संसाधनों की कमी के कारण उनका समूह चोटी तक नहीं पहुंच पाया। शशि शेखर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के बड़े पुत्र हैं। शशि शेखर ने शांति रॉय जो कि पश्चिम बंगाल के सबसे पुराने माउंटेनियरिंग क्लब में से एक 'ट्रैवेलर्स गिल्ड' के सेक्रेटरी हैं, के मार्गदर्शन में इस एक्सपीडिशन का प्रयास किया। शशि शेखर ने इससे पूर्व नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स

(एनआइएमएएस), अरुणाचल प्रदेश से पर्वतारोहण का कोर्स किया है, जहां उन्होंने 16500 फीट पर स्थित गोरिचेन ग्लेशियर पर ट्रेनिंग किया था।पर्वतारोहण के शौकीन शशि शेखर का आगे चलकर कई ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराने का लक्ष्य है। उनकी इस उपलब्धि पर भी गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने चेंबर चुनाव में लिया हिस्सा

रांची। व्यवसायियों की झारखंड राज्य की अग्रणी एवं मुख्य संगठन ,एफ जे सी सी आई, और भी सशक्त हो, कार्यकारिणी के चुनाव में संगठन में कार्य करने वाले सदस्य चुनाव में जीत कर आएं। इस विषय मे रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों की एक बैठक स्थानीय दिगम्बर जैन भवन में आज आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से सजंय जैन, सुनील सिंह चौहान, एस बी सिंह, ऋषिदेव यादव, रणजीत तिवारी, नीरज ग्रोवर,सुनील माथुर, ओम प्रकाश हेतमसरिया, दीपक सिंह, श्यामबिहारी सिंह,रवींद्र नाथ दुबे, मदनलाल पारीक सुनील माथुर, पशुपति गुप्ता वी एस नारायण आदि शामिल थे। बैठक में निर्णय लिया गया, सभी सदस्य जो एफ जी सी सी आई के भी सदस्य हैं, एकजुटता के साथ वैसे प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करेंगे, जो हम व्यवसायी वर्ग की पीड़ा को सरकार, प्रशासन तक पहुँचा सकने में समर्थ हैं, साथ ही परिवहन व्यवसायी से जुड़ी समस्याओं के समाधान का प्रयास करेंगे। चेम्बर, मजबूती के साथ, व्यवसायियों की समस्या का समाधान हेतु संघर्षशील रहे, राँची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन यथा सम्भव सहयोग करेगा, वर्तमान चुनाव हम व्यवसायी वर्ग के लिये बहुत अहम है, एवँ आर जी टी ए, चुनाव परिणाम में मजबूती से निर्णायक की भूमिका तय करेगा।

स्वर्ण जयंती के अवसर पर श्री श्याम मंदिर में 27वां श्री श्याम भंडारा का हुआ आयोजन

श्री श्याम के भक्तों ने भगवान श्याम की भक्ति में डूबे रहे

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष पर शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 27 वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। श्री श्याम भंडारा में आज इडली व नारियल चटनी का प्रसाद निर्मित किया गया। इडली नारियल चटनी का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को समर्पित किया गया । इसके बाद भोग को विशाल भंडारे में मिश्रित करके भक्तों को प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि श्री श्याम भंडारे के अवसर पर संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तजनों से भरा हुआ था। भक्तों द्वारा की जा रही भक्ति के जय जयकारों से मंदिर ही नहीं हरमू रोड भी गूंज रहा था। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू इस अवसर पर अपने सहयोगियों के साथ श्री श्याम मंदिर पधार कर खाटू नरेश के दरबार में अपना माथा टेका। सांसद आदित्य साहू ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद भक्तजनों के बीच वितरित किया।

मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी व मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू से मंदिर व्यवस्था व श्री श्याम भंडारे के बारे में जानकारी प्राप्त की। श्री साहू ने जनहित के सभी सहयोग करने की बात कही। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में लगभग 2100 भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। मंडल के प्रथम महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया सर्वश्री श्रवण ढानढनिया, रतन शर्मा, अरुण बुधिया, राज कुमार केडिया, चंडी डालमिया, राजकुमार अग्रवाल, संजय सराफ, अनुज मोदी, अमित सरावगी, आशीष डालमिया, अरविंद सोमानी, स्नेह पोद्दार, दिनेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, रोशन खेमका, निखिल नारनोली, मीरा अग्रवाल, सहित सैकड़ों स्वयंसेवकों ने श्री श्याम भंडारा व्यवस्था में सहयोग किया।

मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ का होगा आयोजन

मंगलवार को संध्या 4:30 बजे से हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 17वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ होगा। राजेश जयसवाल, रमा जयसवाल परिवार के संग अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे। श्रवण ढानढनिया, साकेत ढानढनिया द्वारा गुड़ चना प्रसाद की सेवा निवेदित की जाएगी। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

दशलक्षण व्रतधारियों का हुआ सम्मान

रांची। जैन धर्म अनुयायियों के महापर्व दशलक्षण का समापन शनिवार को हुआ। इस दौरान रांची से तीन श्रद्धालुओं ने दस उपवासों की साधना की। शनिवार को ही रांची जैन समाज की ओर से सामूहिक पारण और व्रतधारियों का सम्मान जैन मंदिर के सभागार में किया गया। जयपुर से आए संजीव शास्त्री का भी सम्मान व अभिनंदन किया गया। उन्होंने दस दिनों में दस धर्म की पूर्ण विवेचना करते हुए व्याख्यान दिये। समारोह के बाद व्रतियों को जुलूस के रूप में नगर भ्रमण कराया गया। अंत में उन्हें उनके निवास स्थान पर छोड़ा गया। अब रविवार को क्षमावाणी महोत्सव पर जिनेन्द्र प्रभु की आराधना के बाद लोग पूर्व की गलतियों के लिए एक-दूसरे से क्षमा याचना करेंगे। कार्यक्रम में साधना करनेवालों को सम्मानित भी किया जाएगा।

एक्सआईएसएस में मनाया गया फ्रेशेर्स-डे

नवीन मेल संवाददाता

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची ने सभी प्रबंधन कार्यक्रमों के बैच 2022-24 के छात्रों के लिए फ्रेशेर्स-डे का आयोजन किया। ये कार्यक्रम वित्तीय प्रबंधन कार्यक्रम, विपणन प्रबंधन कार्यक्रम, ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम, और मानव संसाधन प्रबंधन कार्यक्रम के छात्र छात्राओं के स्वागत में क्रमशः 7, 8, 9, 10 सितम्बर आयोजित की गई, जिन्होंने एक्सआईएसएस में अपनी यात्रा शुरू की है। कार्यक्रम का उद्देश्य नए बैच की इस यात्रा को यादगार बनाने और कुछ खूबसूरत यादों को संजोना था। इस कार्यक्रम में निदेशक, सहायक निदेशक, डीन एकेडमिक्स, सभी कार्यक्रमों के प्रमुख, फैकल्टी, स्टाफ, और प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और डॉ. जोसफ मारियानुस कुजुर एसजे, निदेशक, एक्सआईएसएस के स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसमें उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ये दो वर्ष आपके आने वाले जीवन की नीवं रखेंगे जब आपका सामना चुनौतियों,

> मिस्टर एंड मिस फ्रेशर के विजेता : वित्तीय प्रबंधन कार्यक्रम- हर्षित देव एवं जूली एक्का, विपणन प्रबंधन कार्यक्रम- उत्कर्ष सुनेजा एवं श्रेया गुप्ता, ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम-अमोल शेरोन लकडा एवं तहसीन खान, मानव संसाधन प्रबंधन कार्यक्रम में हुए विजेता।

सपने, आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं से होगा। मेरी शुभकामनाएं आप सभी के साथ है। डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, सहायक निदेशक, एक्सआईएसएस, ने छात्रों का स्वागत करते हुए कहा की सभी नये छात्र अब इस संस्थान का हिस्सा हैं, जहां आपको जिम्मेदारी और स्वामित्व लेना है, क्योंकि सब कुछ आपका है, आप न केवल अपने कार्यक्रम का हिस्सा हैं बल्कि इस जेसुइट संस्थान का भी हिस्सा हैं। कार्यक्रम में 'गुलाबी आँखें', 'काफिरना', 'सोचा है' जैसे गीत छात्रों द्वारा गाए गए और उन्होंने अपने मधुर आवाज से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। नृत्य भी प्रस्तुत किये गए जैसे की मोहिनी पर ट्राइबल नृत्य और काला चश्मा पर पश्चिमी नृत्य की प्रस्तुति की गयी जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। एमबीए लाइफ और शिक्षा के मूल्य विषय पर एक स्किट का प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही ढेर सारी मस्ती और खेल भी हुए बाद में मिस्टर एंड मिस फ्रेशर की घोषणा की गई। कार्यक्रम का आयोजन सभी द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा किया गया था।

युवा पीढ़ी उर्दू को मुकाम तक पहुंचाने को आगे आए : डॉ. कहकशां परवीन

रांची। अंजुमन फरोग ए उर्दू की ओर से डॉ मसऊद जामी हमा जेहत फनकार विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन शनिवार को किया गया। अंजुमन रहमानिया मुसाफिर खाना में आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता रांची विवि, उर्दू विभाग की अध्यक्षत डॉ कहकशां परवीन ने की। अध्यक्षीय भाषण में डॉ कहकशां परवीन ने डॉ मसऊद जामी की शायरी और फनकारी पर रोशनी डाली। कहा कि बिहार एवं झारखंड में उर्दू को ऊंचाई तक पहुंचाने में डॉ मसऊद जामी की अहम भूमिका रही है। उर्दू अदब को हम बिहार से अलग कर नहीं देख सकते हैं। अब झारखंड की युवा पीढ़ी से उम्मीद है कि वे उर्दू अदब को राज्य में ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने युवा पीढ़ी से अपील की कि वे उर्दू को मुकाम तक पहुंचाने में योगदान दें। उर्दू पढ़ें और लिखें ताकि नई पीढ़ी उर्दू जबान व अदब से वाकिफ हो सके। वहीं, डॉ मसऊद जामी ने उर्दू के विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के शाकिर तसनीम, अध्यक्ष मो इकबाल, दानिश अयाज, मो इमरान, वसीम अकरम, हाफिज आरिफ व अब्दुल अहद उपस्थित थे।

सेमेस्टर 5 एवं 6 की स्पेशल परीक्षा जल्दी ले महाविद्यालय : आजसू

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शनिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल मारवाड़ी कॉलेज के सेशन वर्ष 2019-22 के स्पेशल परीक्षा की मांग को लेकर कॉलेज के प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा। मौके पर राहुल तिवारी ने कहा की सेशन वर्ष 2019-22 सेमेस्टर 6 के परीक्षा में महाविद्यालय द्वारा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को फेल कर दिया गया था, जिसके बाद महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने पूर्व में ही प्रिंसिपल से मिलकर विशेष परीक्षा लेने का आग्रह किया था किंतु अब तक विशेष परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया ह, ऐसे में सैकड़ों छात्र-छात्राओं का भविष्य बर्बाद होने के कगार पर हैं। अखिल झारखंड छात्र संघ राज्य से छात्र

हित में मारवाड़ी कॉलेज प्रशासन से मांग करती है कि वैसे सभी छात्र-छात्राओं के लिए विशेष परीक्षा का आयोजन किया जाए ताकि सभी छात्र-छात्राएं अपने आगे की पढ़ाई पूरा कर अपने भविष्य को उज्ज्वल कर सकें। अगर जल्द ही विशेष परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया तो आजसू छात्र हित में चरणबद्ध आंदोलन करेगी। मौके परः जमाल गद्दी, राहुल पांडे, विकी यादव, विवेक भगत, आनंद यादव, निखिल कुमार, सावित्री कुमारी, अभिषेक कुमार,सौरभ,के अलावा कई छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनायेगी भाजपा

भारत को आत्मनिर्भर बनाना भाजपा का लक्ष्य : दीपक प्रकाश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में आज प्रदेश मुख्यालय में पार्टी की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक हुई जिसमें आगामी 17 सितंबर से 2अक्टूबर तक पार्टी द्वारा आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में नेता विधायक दल एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, सांसद पी एन सिंह, बीडी राम, संजय सेठ, सुदर्शन भगत, सुनील सोरेन विधायकगण, प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, विभाग,

प्रकोष्ठ, प्रकल्प के संयोजक एवम सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम से जुड़े जिलों के कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ने किया। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का राजनीतिक उद्देश्य देश और देश वासियों की सेवा है। पार्टी के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है। हमारा अंतिम लक्ष्य समाज परिवर्तन से राष्ट्र पुनर्निर्माण, भारत को आत्मनिर्भर और वैभवशाली बनाना। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश एक भारत श्रेष्ठ भारत बनने की ओर तीव्र गति से अग्रसर है। सेवा पखवाड़ा में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि पार्टी ने जिला स्तर, मंडल, शक्तिकेंद्र और बूथ स्तर तक कार्यक्रमों की रचना की है जिसमे स्वास्थ्य शिविर, रक्त दान, दिव्यांग जन केलिए कृत्रिम अंग वितरण, टीबी रोग से ग्रस्त लोगों केलिए दवाइयों की व्यवस्था एवम एक एक टीबी मरीज की पूरे वर्ष देखभाल की जिम्मेवारी, कोविड टीकाकरण का विस्तृत अभियान, वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जल ही जीवन अभियान के तहत लोगों को पानी बचाने,उसके सदुपयोग का आग्रह करेंगे। साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत जल श्रोतों,नदी सरोवर, तालाबों की सफाई, सार्वजनिक स्थलों, महा पुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई,धार्मिकस्थलों की सफाई का कार्यक्रम भी करेंगे।

झारखंड चेंबर चुनाव के लिए मतदान, आमसभा में कार्यों का दिया गया ब्यौरा, मतगणना आज

रांची। झारखंड चेंबर चुनाव के पहले शनिवार को वार्षिक आमसभा की बैठक हुई। बैठक के बाद 3570 मतदाता 57 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे । दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक वोट डाले गये रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक मतगणना होगी। चेंबर चुनाव में तीन टीमें टीम किशोर टीम राहुल और टीम शैलेंद्र चुनाव मैदान में शामिल है। चेंबर चुनाव से पहले वार्षिक आमसभा हुई, जिसमें पिछले कार्यकाल पर हुए कार्यो का ब्यौरा गया। चेंबर चुनाव में तीन टीमें टीम किशोर टीम राहुल और टीम शैलेंद्र चुनाव मैदान में शामिल हैं। 21 पदों के लिए यह चुनाव हो रहा है। इस 21 मे से ही 1 अध्यक्ष वोटिंग के माध्यम से चुना जांयगा। चुनाव पर्यवेक्षक ललित केडिया ने बताया सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है । 57 प्रत्याशी चुनाव में खड़े हुए हैं।

बिरसा उच्च विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार आयोजित

रांची नगर निगम के सहयोग से सैकड़ों पौधों का वितरण बिरसा उच्च विद्यालय में किया गया

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शनिवार को बिरसा उच्च विद्यालय कांके रोड में रांची नगर निगम, समाजिक संस्था स्नेह फाउंनडेशन एव एलुमुनाई एसोसिएशन मारवाडी कॉलेज, रांची के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत एक पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कोरोना काल के बाद पर्यावरण संरक्षण अभियान के महत्व विषय पर परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों के लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता सह छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य एव रोगमुक्त रहने के लिए

महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई।यह कार्यक्रम प्राचार्या सुषमा तिवारी के दिशा निर्देश में किया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वनवासी कल्याण केन्द्र के महानगर अध्यक्ष सह वार्ड नं 1 के पार्षद नकुल तिर्की, झारखंड के नागपुरी फिल्मों के सुपरस्टार अभिनेता रमन गुप्ता एव अभिनेत्री वर्षा ऋतु, स्नेह फाउंडेशन के आशुतोष द्विवेदी, राजीव रंजन, एलुमुनाई एसोसिएशन मारवाडी कॉलेज के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, एलुमनाई प्रवक्ता राफिया नाज,एलुमनाई सचिव शुभम मंत्री, विमल कुमार उपस्थित थे।यह कार्यक्रम स्कूल प्राचार्या सुषमा तिवारी के देख-रेख में सम्पन्न हुआ। सभी छात्रों को बताया गया हमें अपने जीवन को संस्कार के साथ साथ भारत की संस्कृति से भी अवगत होने की आवश्यकता है।

न्यूज गैलरी

मानक के अनुरूप मध्याह्न भोजन नही मिलने की शिकायत पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की जांच

कुडू - लोहारदगा। प्रखंड के विद्यालयों में केंद्रीयकृत किचन चिरी द्वारा बच्चों को उपलब्ध कराया जा रहा मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) मानक के रूप नहीं मिलने की लगातार मिल रही शिकायत के बाद शनिवार को कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार ने कुडू प्रखंड के राजयकृत उत्क्रमित उच्चय विद्यालय चंदलासो में उपलब्ध कराए गए भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उनके साथ प्रखंड बिस सूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के क्रम में मानक के अनुरूप भोजन नही दिए जाने को देख बीडीओ श्री कुमार ने नाराजगी जताई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि सभी स्कूलों में ऐसा ही भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। लगातार सुधार के लिए संपर्क किये जाने के बावजूद कोई सुधार नही किया गया है। बीडीओ मनोरंजन कुमार ने बताया कि इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गयी है। बताते चलें कि भले ही किसी अनजाने भय के कारण शिक्षक सीधे मुंह इस पर कुछ बोलने से परहेज कर रहे हैं। लेकिन जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों द्वारा भोजन सही नही मिलने से बच्चे खाना खाना नही चाहते, कई बच्चे तो अब घर से टीपीन लेकर विद्यालय पहुंच रहे हैं। जैसी शिकायत लगातार मिल रही हैं। स्कूल पहुंचने पर बच्चे बताते हैं कि अब स्कूल मे मिल रहे भोजन में सब्जी से ज्यादा पानी रहता है। उसमें भी बिना नामक और मसाले की सब्जी मिलती है और सब्जी मिलती है तो दाल नही मिलती।

छेड़छाड़ का आरोपी युवक गिरफ्तार

कैरो/लोहरदगा। कैरो थाना पुलिस द्वारा शनिवार को कैरो नयाटोली निवासी 20 वर्षीय शौयब खान पिता हुसैन खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विदित हो कि करमा विसर्जन कर लौट रहे जुलूस में छेड़छाड़ को लेकर हुए विवाद के बाद 6 नामजद लड़को पर मामला दर्ज कराया गया है। जिसमे पहले ही एक अभियुक्त वसीम खान को जेल भेजा जा चुका है। वंही थाना प्रभारी सखंनाथ उरांव ने बताया कि बाकी अभियुक्तों का धर पकड़ के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

सिमडेगा। सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा में शनिवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के मौके पर कॉलेज के छात्र छात्राओं के बीच स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां पर मुख्य रूप से क्लीनिकल फिजिकोलॉजिस्ट संतु बड़ाईक, सोशल वर्कर शर्मिला बड़ाईक, माधुरी कुमारी, पुष्पेंद्र शर्मा, मोनिका कुमारी, सोनिया कुमारी संदीप कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। सन्तु बड़ाईक ने बताया कि डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, आत्महत्या की वजह से हर साल दुनियाभर में आठ लाख से ज्यादा लोग अपनी जान गंवाते देते हैं। डब्ल्यूएचओ का यह भी कहना है कि आत्महत्या करने वालों में ज्यादातर 15-29 साल के लोग शामिल हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आत्महत्या करने वालों में ज्यादातर किशोर और युवा उम्र के लोग हैं। दिवस को मनाने का उद्देश्य सुसाइड करने वाले लोगों के व्यवहार पर शोध करना, लोगों के अंदर जागरूकता लाना और इसका पूरा डेटा भी जमा करना है। साथी बताया गया कि कभी भी मरीज को अकेला नहीं छोड़ना है मरीज से बात करता था गंभीरता से उनकी बातों को लेनी है नासा पांच से पूरी तरह से दूर रहना है संतुलित भोजन एवं अच्छी नींद लेनी है दोस्त का परिवार को ज्यादा समय देनी है संगीत सुनना है तथा योगा मेडिटेशन करनी है ताकि आत्महत्या को रोका जा सके।

किनकेल में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जन संगठन की हुई बैठक

केरसई। प्रखंड के किनकेल पंचायत के किनकेल राजस्व ग्राम में शनिवार को वनाधिकार कानून 2006 के तहत झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के बैनर तले ग्राम सभा अध्यक्ष जुवेल कुजूर की अध्यक्षता में किया गया।इस बिशेष मौके पर झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जन संगठन के केरसई प्रखंड प्रभारी अनूप लकड़ा एवं जिलास्तरीय ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस मौके पर अनूप लकड़ा ने कहा कि जंगल है तो हम सब हैं, वनोपज से हमारी जीविका भली भांति से चलती है। वनोपज को हम सब बेहतर बनाने के लिए तैयार रहना होगा चूंकि हमारी जीविका का सबसे बड़ी संसाधन है। जंगलों के खर पतवार से जैविक खाद बनाने की विधि को जानना होगा। इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि जंगलों और गांव में रहने वाले आदिवासियों एवं अन्य परम्परागत रूप से रहने वालों को ग्राम सभा को मजबूत बनाने की जरूरत है, क्योंकि ग्राम सभा को कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने का अधिकार प्राप्त है, गांव की विकास में सरकारी योजनाओं को लाने के लिए ग्राम विकास समिति, निगरानी समिति, न्याय समिति, स्वास्थ्य समिति, शिक्षा समिति, बजट समिति आदि का गठन कर गांव के विकास के भागीदारी सुनिश्चित करें।जिससे कि जंगलों और गाँवों में रह रहे लोगों की सवार्गीण विकास हो सके। मौके पर ग्राम सभा मंच के प्रखंड अध्यक्ष प्रफुल्ल बिलुंग सहित सैकड़ों लोग की उपस्थित थे।

पोकलो-ढोडहा पुल के समीप गिरने से स्कूटी सवार दो महिला घायल

बेड़ो। थाना क्षेत्र के रांची गुमला पोकलो ढोडहा पुल के समीप बने ठोकर में गिरकर स्कूटी सवार लगभग 40 वर्षीय शाजिया तिर्की पति त्रिलोक तिर्की और 24 वर्षीय निकिता तिर्की पिता राकेश कुमार तिग्गा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना शनिवार की संध्या करीब 5:30 बजे की है। इधर घटना के बाद घटनास्थल पहुंचे पीसीआर 5 के पुलिस अधिकारियों ने स्कूटी सवार दोनों महिलाओं को उठाकर इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डॉ मेघा भगत ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर अस्पताल से ही दवा देकर घर के लिए छुट्टी दे दिया। इधर घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार रांची हटिया से स्कूटी में सवार होकर दोनों घायल बेड़ो के खिरदाभट्टी बाबा के आश्रम गए थे। वहीं वापस लौटने के दौरान पोकलो ढोडहा पुल के समीप ठोकर में स्कूटी असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे स्कूटी सवार शाजिया तिर्की और निकिता तिर्की के हाथ पैर समेत अन्य हिस्सों में चोटे आई है।

बीडीओ ने सीआरपी-बीआरपी के साथ बैठक कर बनाई रणनीति

जाति प्रमाण पत्र बनाने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता

लापुंग। लापुंग के प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा की अध्यक्षता में परियोजना कर्मियों तथा सीआरपी बीआरपी सहित पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर जाति प्रमाण पत्र बनाने को लेकर प्रखंड मुख्यालय में रणनीति बनाई गई। मौके पर आयोजित बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने जाति प्रमाण पत्र को युद्ध स्तर पर बनाने के लिए प्रज्ञा केंद्र संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने विद्यालयों के सभी शिक्षकों को सभी छात्र छात्राओं के

जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए समय सीमा के अंदर काम पूरा करने का निर्देश जारी किया गया। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी तरह की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने सीआरपी बीआरपी को निर्देश दिया कि प्रत्येक विद्यालय में जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिक्षकों को निर्देशित करें कि आवेदन प्राप्त कर प्रधान शिक्षक के माध्यम से उसे तुरंत प्रज्ञा केंद्र भेजें ताकि समय सीमा के अंदर जाति प्रमाण पत्र का कार्य सम्पन्न हो सके। उन्होंने प्रत्येक दिन विद्यालय के प्रधानाध्यापक तथा प्रज्ञा केंद्र के संचालकों से किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्राप्त करें और दैनिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक का संचालन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी को मिलजुल कर काम को संपन्न करना है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक के दौरान प्रखंड कल्याण सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विजय रंजन तिर्की, बीपीओ लीलावती तिर्की, बीआरपी बबलू कुमार महतो, लाल केश्वर यादव, रेशम शाहदेव, सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, चंद्रमोहन ठाकुर, मनोज कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह, मंटु कुमार साहु सहित कई लोग मौजूद थे।

बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी वर्ष का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड के ईंटा पंचायत के ईंटा गांव में शनिवार को बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी वर्ष 2022-23 का शुभारंभ किया गया।वृक्षारोपण के शुभारंभ के पूर्व गांव के पहान द्वारा पूजा कर वातावरण की शुद्धि की गई। इसके बाद सभी अतिथियों के द्वारा एक- एक आम का पौधा लगाकर आम बागवानी का शुभारंभ किया गया। विदित हो कि बेड़ो प्रखंड में आम बागवानी एवं अन्य योजनाओं को लेकर मनरेगा पार्क का निर्माण किया जा रहा है। उसी कड़ी में यहां पर भी एक पार्क का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें लाभुक सीताराम उरांव रुकमणी देवी,आशा देवी सहित 7 लाभुकों का 5 ड्ड5 एकड़ जमीन में आम बागवानी का कार्य प्रारंभ किया गया है। आम बागवानी में प्रति एकड़ लागत 3.76 लाख होता है। कार्यक्रम के दौरान ही झारखंड सरकार की बहुचर्चित योजना सर्वजन पेंशन के तहत 15 लोगों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन की स्वीकृति दी गई। साथ ही स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इसके बाद हरिहरपुर जामटोली में भी वृक्षारोपण का कार्य किया गया। वहीं मौके पर पूर्व विधायक बंधु तिर्की,जिला परिषद् सदस्य पूर्वी पार्वती भगत, जिला परिषद् सदस्य पश्चिमी बेरोनिका उरांव, बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, प्रमुख विनीता कच्छप, उप प्रमुख मुदस्सिर हक,सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा,मुखिया अनीता बाड़ा,जामटोली पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया व सुनील कच्छप आदि मौजूद थे। इधर बेड़ो प्रखंड के दिघिया पंचायत भवन में प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य योजनाओं में काम की प्रगति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज मिस्त्री का एक दिवसीय प्रशिक्षण का कार्य का प्रारंभ किया गया।

लावारिस पशुओं से परेशान किसान खड़ी फसलों को कर रहे हैं बर्बाद

नवीन मेल संवाददाता

कुरडेग। कुरडेग वासी और किसान इन दिनों लावारिस और छुट्टे पशुओं के आतंक से त्रस्त हैं। जहाँ ये लावारिस पशु किसानों की खड़ी फसलों को बर्बाद कर रहें हैं। वहीं सड़कों पर एकत्रीत होकर दुर्घटनाओं का सबब बन रहे हैं। इतना ही नही पशु कई बार राहगीरों को टक्कर मार कर अस्पताल का रास्ता दिखा चुकें हैं। जहां राहगीरों को अपनी जेबें ढीली कर अपना इलाज करवाना पड़ता है। इन अवारा पशुओं को बचाते समय कई बाइक सवार व वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो चुकें हैं। वहीं ये पशु रात को किसानो के खेतों में घुसकर हरी भरी फसल व उगाई गई सब्जीयों को चट कर रहे हैं जिससे किसानों को अपनी आजिविका की चिंता सताने लगी है , किसानों को आर्थिक तंगी से भी गुजरना पड़ रहा है ।शनिवार को लावारिस एवं

छुट्टे पशुओं से परेशान होकर कुरडेग निवासी किसान शमीम अंसारी ने मौखिक रूप से कुरडेग थाना में गुहार लगाकर अपनी फसलों को पशुओं द्वारा की जा रही बबार्दी से रोकने की मांग की।जिस पर त्वरित कार्यवाई करते हुए कुरडेग थाना के एएसआइ विजय कुमार दल बल के साथ खेत में जा कर पशुओं को चरते देख पशु पालकों को कड़ी फटकार लगाते हुए भविष्य में अपने पशुओं को निगरानी में रखने की बात कही ताकि किसी किसान का फसल बर्बाद न हो ।

बेरीटोली किसान क्लब ने हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच सह सांस्कृतिक प्रतियोगिता का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

पाकरटाड़। प्रखण्ड के बेरीटोली में अमजद खान की अध्यक्षता में बेरीटोली किसान क्लब हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर विधायक ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए कमेटी के लोगों को बधाई दी। उन्होंने खेल आयोजन के लिए कमेटी के प्रति आभार जताते हुए कहा खेल आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरेगी। कहा कि अब खेल हमारे जिले के युवाओं के लिए रोजगार का सबसे उत्तम साधन बन चुका है। खेल के माध्यम से बेहतर भविष्य बनाने की

बात कहते हुए कहा कि खिलाड़ियो को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार खेल के विकास एवं स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशने का काम कर रही है। उन्होंने सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता का भी प्रोग्राम किया गया। जहां कई नृत्य मंडलियों ने रंगारंग आदिवासी नाच की प्रस्तुती की। प्रतियोगिता के फाइनल में कुजूर ब्रदर ने बेहराटोली की टीम को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। संस्कृतिक नाच में सोगड़ा नृत्य मंडली विजेता बनी। विजेता और उपविजेता को विधायक ने परुस्कार देकर समानित किया। मौके पर जनप्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित थे।

निजी जमीन पर बागवाणी योजना के तहत किया पौधरोपण

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त संदीप बख्शी के द्वारा सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी पारुल सिंह, मुखिया ज्योत्सना देवगम के मौजूदगी में चाईबासा प्रखंड स्थित पंचायत तुईबीर के ग्राम टेरगो में बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत तुराम बूढ़ीउली के निजी जमीन पर बागवानी योजना में पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही पदाधिकारियों द्वारा उक्त पंचायत में मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित अन्य योजनाओं का भी निरीक्षण किया गया। स्थल भ्रमण के क्रम में जिला उपायुक्त के द्वारा अमृत सरोवर का जायजा लेते हुए जिला मत्स्य पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर मछली पालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

प्रखंड प्रमुख की पहल पर केरया-रचाकोना जाने वाली जर्जर सड़क को जेसीबी से कराया गया दुरुस्त

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। प्रखंड अंतर्गत केरया पंचायत के रचाकोना जाने वाला मुख्य पथ कुछ दिन पूर्व अत्याधिक बारिश होने के कारण बह चुका था ,जिसकी शिकायत लेकर रचाकोना के ग्रामीणों ने ठेठईटांगर प्रखंड बिपिन पंकज मिंज से मिलकर उसे जल्द से जल्द बनवाने का आग्राह किया था तथा प्रमुख ने भी उस क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लेते हुए जल्द से जल्द बनवाने का आश्वासन दिया था ,इसी के तहत शनिवार को प्रमुख खुद वहां उपस्थित होकर उस सड़क की मरम्मत जेसीबी के द्वारा कराई क्योंकि आगामी 14 सितंबर को उस क्षेत्र में क्रूस विजय पर्व तीर्थ यात्रा का आयोजन होना है, चुंकि अतिथि आएंगे गाड़ियां आएगी जिससे उन्हें काफी परेशानी का

सामना करना पड़ता उसको देखते हुए इस पथ की मरम्मत अति आवश्यक थी जिससे ग्रामीणों के विशेष आग्रह पर अपने स्तर से ठेठईटांगर प्रमुख ने सड़क की मरम्मत कराई ।इससे वहां की जनता काफी खुश हुए एवं प्रमुख को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया , और कहा हमारा क्षेत्र बहुत ही सुदूरवर्ती इलाके में है जिससे कि विकास का कार्य यहां नहीं के बराबर है साथ ही किसी भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र में कभी नहीं आते हैं, और ना ही ध्यान देते हैं, जिससे कि हमारा क्षेत्र और पिछड़ा होते चला जा रहा है ,इस क्षेत्र में ना बिजली है ना शुद्ध पेयजल है ना सड़क की सही व्यवस्था है,प्रमुख ने आश्वासन दिया कि प्राथमिकता के आधार पर समस्या का समाधान किया जाएगा ,और अब क्षेत्र में आते जाते रहेंगे, साथ ही रचाकोना के ग्रामीणों ने क्रूस विजय पर्व तीर्थ यात्रा में उन्हें आमंत्रित किया, इस दौरान विलियम डुंगडुंग, रसल डुंगडुंग पौलुस बिलुंग, लोरेंग डुंगडुंग देउनिस डुंगडुंग,पीटर डुंगडुंग, मगदल्लिना डुंगडुंग कलिस्ता डुंगडुंग एवं प्रिंस कुमार तथा अन्य लोग मौजूद थे।

चार दिसंबर को पल्ली दिवस मनाने को लेकर तैयारियों में जुटे लोग

नवीन मेल संवाददाता

रांची । काफी अरसे के बाद रांची महाधर्मप्रांत के अंतर्गत रांची पल्ली के काथलिक समुदाय अपनी पल्ली दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ 4 दिसंबर को मनाने की तैयारियों में जुटा गया है। पल्ली दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसके तहत सांस्कृतिक, लघु नाट्य मंचन, गायन , नाचगान के अलावे फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस टूर्नामेंट एवम स्पोर्ट्स डे होंगे जो सर्वप्रथम फुटबॉल मैच के साथ 11सितम्बर 2022 से ही आरंभ होकर 16 अक्टूबर 2022 रविवार को फाइनल मैच के साथ सम्पन्न होगा। अन्य अनेकानेक कार्यक्रमों के साथ पल्ली दिवस 4 दिसम्बर को अपनी चरम सीमा को प्राप्त करेगा। फिलवक्त फुटबॉल टूर्नामेंट में सम्पूर्ण रांची पल्ली के कुल 16 काथलिक ग्रामसभा के सभी काथलिक खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। सभी ने अपना टीम तैयार कर रजिस्ट्रेशन करा लिया है। इसका उद्देश्य खेल के प्रति युवा वर्ग का रुचि बढ़ाना भी है। रांची पल्ली दिवस के उपलक्ष्य में फादर कॉन्सटांट लीवंस फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला उद्घाटन मैच वर्दवान कंपाउंड एवं अल्बर्ट कंपाउंड के बीच संत अल्बर्ट कॉलेज के ऐतिहासिक मैदान में दिनांक 11 सितम्बर को 11 बजे दिन से खेला जाएगा। प्रतिभागियों एवम सभी दर्शकों के लिए प्रवेश लोयला मैदान के पश्चिमी दिशा से होगा । टूर्नामेंट का उद्घाटन झारखण्ड फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव गुलाम रब्बानी करेंगे । रांची डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एंजेलो कुक, चेयरमैन सुनील लकड़ा के साथ अन्य पदाधिकारी यथा आशीष बोस, शसुरेश प्रधान आदि भी शिरकत करेंगे।

सिंदुरिया में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर हुई बैठक

भवनाथपुर। दुर्गा पूजा समिति सिंदुरिया के तत्वाधान में सिंदुरिया पुनर्वास घाघरा विद्यालय के प्रांगण में उदय गुप्ता के अध्यक्षता में दुर्गा पूजा मनाने के लिए बैठक किया गया ' दुर्गा पूजा धूम धामसे मनाने के लीए कमिटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष लालू साह, उपाध्यक्ष शनीचर अगरिया, सचिव उपेंद्र गुप्ता, सह सचिव सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष विकास वियार, सह कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, संगठन मंत्री सोनू कुमार गुप्ता, संरक्षक उदय कुमार गुप्ता, मुख्य संरक्षक अजय साह, रोशन वियार, अशोक गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य सतीश गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, धमेंद्र पासवान, जितेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, राजू कुमार, अमित पासवान, मंजय वियार, तेजू पासवान, वीरेंद्र शाह, आशीष पासवान आदि मौजूद थे।

लोहरदगा में दो दिवसीय 22 वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरू

खेल से जीवन में अनुशासन का होता है संचार: डीसी

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। 22 वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता शनिवार को रेलवे साइडिंग स्तिथ अमृत पैलेस में आरंभ हुई। दो दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर, सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखण्ड प्रदेश के विभिन्न जिले के 600 खिलाड़ी भाग लें रहे है। शनिवार को प्रतियोगिता का उद्धघाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व एसपी आर रामकुमार के द्वारा पंच मार के किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल जरुरी है। खेल से जीवन में अनुशासन के साथ-साथ सद्भावना का भी संचार होता है।मौके पर एसपी आर रामकुमार ने कहा कि लोहरदगा जैसे छोटे शहर में ताइक्वांडो जैसे खेल का राज्य स्तरीय आयोजन यहां के खिलाड़ीयो

के लिए गर्व का बात है। साथ ही इस खेल के प्रति यहां के खिलाडियो के जुनून को दशार्ता है।उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट खासकर ताइक्वांडो खेल एक बेहतरीन कला है। एसपी आर रामकुमार ने आनेवाले दिनों में इस खेल को जिले के पहाड़ी और ग्रामीण क्षेत्रो में भी आयोजन कराने के साथ इसमें खासकर स्कूल की बच्चियों को सीखने की बात कही। मौके पर झारखंड ताइक्वांडो संघ के उपाध्यक्ष गोपाल कुमार, संयुक्त सचिव मिथलेश सिंह, आयोजन समिति के तकनीकी निदेशक पारस साहू, रेफरी इंचार्ज अमर बाउरी, उपाध्यक्ष राजेश महतो, सचिव अजय कुमार महतो, बीके बालंजिंपा, रितेश साहू, अरविंद यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

अज्ञात चोर ने बंद मकान से ताला तोड़ कर जेवरात सहित नगद किया चोरी

सेन्हा-लोहरदगा। बदला ढोढहा टोली स्थित मकान से अज्ञात चोर ने जेवरात सहित नगद घर का ताला तोड़ किया चोरी पीडता ने थाना में कराया प्राथमिकी दर्ज सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत बदला पंचायत के ढोढहा टोली ग्राम स्थित बन्द मकान का ताला तोड़ अज्ञात चोर ने गला का चेन कान का टॉप अंगूठी सोना का और गाड़ी का चाभी कागजात सहित 15 से 20 हजार नगद की चोरी किया गया। जानकारी सेन्हा थाना को देते हुए पीडता तेतरी उराँव ने कहा कि घटना के पूर्व करमा पूजा में घर में ताला लगा मायके गई थी। दूसरे दिन पड़ोसी के द्वारा सूचना मिला कि घर का ताला टूटा हुआ है। तभी मैं अपने मायके से अपना घर लौट कर देखा तो घर का ताला एवं अंदर बक्सा का ताला टूटा हुआ है। घटना की जानकारी थाना प्रभारी को देते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का गुहार लगाई। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि पीडता तेतरी उराँव के द्वारा चोरी घटना का सूचना प्राप्त होते ही थाना कांड संख्या 90/22 दर्ज कर यूएस 380 आईपीसी के तहत पुलिस कारवाई जारी है।

शिक्षकों को वो सम्मान दें जिसका वे हकदार हैं: विधायक भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। संत पौल पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल पोजेंगा केउदंटोली में शनिवार को शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर शिक्षकों के सम्मान में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमडेगा विधानसभा के कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक भूषण बाड़ा ने अपने संदेश में कहा कि 5 सितम्बर को शिक्षकों के सम्मान में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा गुरु-शिष्य की परंपरा भारत की संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है। जिसके कई स्वर्णिम उदाहरण इतिहास में दर्ज हैं। गुरु और गोविन्द में गुरु का पैर पहले छूने का वर्णन अपनी कविता में महान कवि कबीर साहब ने किया है। विधायक ने कहा कि शिक्षकों को सम्मान मिलना चाहिए, जिसके वे हकदार हैं। एक गुरु ही शिष्य में अच्छे चरित्र का निर्माण करता है। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के प्रति मेहनत लगन से शिक्षण कार्य तथा विद्यार्थियों को भी शिक्षकों को सम्मान देना चाहिए। गुरु-शिष्य की परंपरा को बनाऐ रखना विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों का ही दायित्व है। वे इस महान परम्परा को बेहतर ढंग से समझें और एक अच्छे समाज के निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संतोष गुप्ता ,बीस सूत्री अध्यक्ष अध्यक्ष विनय लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि बसंत गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन, विधायक प्रतिनिधि भूषण सिंह, सिमडेगा जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, जॉनी,बन्नू, बिक्की,सोनू, स्कूल के प्रिंसिपल रोहित एक्का सहित शिक्षक, शिक्षिका एवं भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

विधायक ने की दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्षों के साथ बैठक

बड़कागांव। बड़कागांव स्थित झारखंड कॉलेज के प्रांगण में शनिवार को प्रखंड के दुर्गा पूजा कमेटियों के अध्यक्ष के साथ विधायक अंबा प्रसाद ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने की। विधायक ने सभी कमेटी के अध्यक्षों एवं उपस्थित लोगों से विचार विमर्श करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। अध्यक्षों के द्वारा एक स्वर से कहा गया कि विगत दो वर्षों से कोरोना के कारण सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके पूजा संपन्न कराया गया था। इस वर्ष कोरोना का किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है इसलिए सभी कमेटियों ने निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा भव्य, शांतिपूर्ण और धूमधाम से मनायी जाएगी। मौके पर विशेश्वर नाथ चौबे,जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, चंदर साव, सुरेश महतो, लालमणि महतो, धनु प्रसाद, देवनाथ प्रसाद, जितेंद्र कुमार, तपेश्वर कुमार, रंजीत कुमार, राम गोविंद महतो, जागेश्वर कुमार, रामसुंदर महतो, सोना साहू, धनेश्वर प्रसाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

चरही वनक्षेत्र के रौता में दो दिनों से जमे जंगली हाथी

चरही। चरही वनक्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव रौता में पीछले दो दिनों से 14 जंगली हाथियों का झुंड जमे हुए हैं। कई ग्रामीणों के खेत और बारी में लगे मकई और धान के फसल को नष्ट कर दिया है। चमन महतो के बारी में लगे मकई को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। दयाल महतो, दुती महतो, अकलू महतो, चेतो मांझी, मोहन मांझी, मानाराम मांझी, हुकुम नाथ महतो के खेतों में लगे धान के फसल को बर्बाद कर दिया। जंगली हाथियों के झुंड अभी करमा टांड़ के जंगल में दो दिनों से जमे हुए हैं। हाथियों ने अभी तक किसी के घर को क्षति नहीं पहुचाया है। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने चरही वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही बर्बाद किये गए फसलों का जायजा लेने वन विभाग के लोग पहुंचे। लोगों को सलाह दी है कि हाथियों के नजदीक नहीं जाएं और बेवजह तंग नहीं करें। साथ हीं सजग रहें।

शहादत दिवस पर याद किये गये महेंद्र प्रताप सिंह, लोगों ने दी श्रद्धांजलि

दारू। टाटीझरिया प्रखंड के मुक्ति दूधमनिया में शनिवार को शहीद महेंद्र प्रताप सिंह का 39वां शहादत दिवस मनाया गया। शहीद की पत्नी गायत्री, पुत्र पूर्व जिप सदस्य रवि सिंह, राहुल सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव, झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, नीलकंठ महतो, टेकोचंद महतो, सुरेश यादव, मासस नेता मिथलेश सिंह, देवचंद महतो, राजेंद्र गोप, आरडी मांझी आदि ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि जमींदारी, सूदखोरों एवं जुल्म करने वालों के खिलाफ महेंद्र प्रताप सिंह हमेशा लड़े। मौके पर पौधा वितरण और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिप सदस्य विष्णुगढ़ जयप्रकाश पटेल, जगदीशचंद्र यादव, दशरथ महतो, गिरजा साव, देवीराम हेंब्रम, तूफानी राम, कामेश्वर पांडेय, भोला भुईयां, जगन्नाथ सिंह, बासो साव, क्यूम अंसारी आदि उपस्थित थे।

छेड़खानी का आरोपी भेजा गया न्यायिक हिरासत में

हजारीबाग। कोर्रा थाना पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी राजवीर रवि को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी इचाक थाना क्षेत्र के भराजो का रहने वाला है। बताया जाता है कि उसने कोर्रा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक लड़की का कॉलेज और कोचिंग आने-जाने के दौरान हमेशा पीछा किया करता था। एक दिन उसने चाकू दिखाकर लड़की का कपड़ा उतरवा लिया और उसका फोटो लेकर वीडियो वायरल करने की धमकी देते ब्लैकमेल करने का प्रयास कर रहा था। पीड़िता ने इसकी शिकायत कोर्रा थाना में की थी। जिसके आलोक में कांड संख्या 202/22 दर्ज करते पुलिस ने यह कार्रवाई की।

पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति का गठन

हजारीबाग। पंच मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा का आयोजन को लेकर समिति का गठन किया गया। इस बाबत शनिवार को रामावतार खंडेलवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसका संचालन विजय केसरी ने किया। बैठक में गत वर्ष के आय-व्यय की संपूष्टि की गई। समिति में सुरेश सोनी अध्यक्ष एवं सुरेंद्र वर्मा मंत्री बनाए गये। राम प्रकाश वर्मा मुख्य संरक्षक, विवेक प्रियदर्शी अजय साहू, विजय केसरी सह संरक्षक बनें। प्रदीप स्नेही, अनूप सोनी, प्रेम खंडेलवाल उपाध्यक्ष, कुणाल सोनी, अश्वनी चीकू, संजय कुमार उप मंत्री, अनिल कुमार कोषाध्यक्ष, संजय कुमार उप कोषाध्यक्ष, फनी यादव आय-व्यय निरीक्षक, अभिषेक गुप्ता पूजा प्रबंधक, संतोष कुमार गुप्ता सह पूजा प्रबंधक, रामावतार खंडेलवाल भंडारा प्रभारी, अखिलेश प्रसाद, मनोज यादव, अरविंद गोपख गोलू सह भंडारा प्रभारी बनाएं गये।

मवेशी चराकर लौट रही महिला की वज्रपात से मौत

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ में शुक्रवार की शाम वज्रपात से एक महिला की मौत हो गई। महिला मुनिया देवी (35) पति बरियार मांझी गोविन्दपुर पंचायत अंतर्गत डुमरसुंघा की रहने वाली थी। बताया जाता है कि वह अपने घर से कुछ दूर जानवर चराने गई थी। शाम लगभग छह बजे वापस लौटने के क्रम में हल्की बारिश के बीच हुए वज्रपात से महिला बेहोश हो गई। हो-हल्ला होने पर परिजन उसे विष्णुगढ़ सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। शनिवार को मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

विधायक ने तुर्कबाद में सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया

बरकट्ठा। विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड के तुर्कबाद में एसबीआई के ग्राहक सुविधा केंद्र का उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रखंड के सुदूर गांव में एसबीआई के सुविधा केंद्र खुलने से आमजनों को इसका लाभ होगा। विधायक ने कहा कि छोटी राशि निकासी और जमा करने के लिए लोंगो को परेशानी नहीं होगी। वहीं वृद्धा पेंसन राशि निकासी, स्कूली छात्रों का खाता खुलवाने में लोंगो बैंक का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

सेविका व सहायिका दीदी ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

कोडरमा। एक सितंबर से 30 सितंबर तक चल रहे राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका व सहायिका दीदी द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर गर्भवती माताओं, किशोरियों व बच्चों को पौष्टिक आहार और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बताया कि हम सभी भी स्वस्थ आहार के प्रति जागरूक रहें और नियमित पौष्टिक आहार लें।

विकास कार्यों व आम जनों के लिए विभिन्न सुविधाओं को लेकर डीसी ने किया रामगढ़ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण, कहा

पुस्तकालय का व्यापक प्रचार-प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को दे लाभ

- विद्युत शवदाह गृह, सिद्धू-कान्हू मैदान, इनडोर स्टेडियम, स्विमिंग पूल व कम्युनिटी पार्क का निरीक्षण कर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। विभिन्न विकास कार्यों व आम जनों के लिए विभिन्न सुविधाओं को लेकर शनिवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शहर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने गांधी घाट के समीप विद्युत शवदाह गृह, रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय के समीप डीएमएफटी मद से निर्मित पुस्तकालय, बाजारटांड़ के समीप निमार्णाधीन सिद्धू कान्हू स्टेडियम, छत्तरमांडू स्थित इंडोर स्टेडियम, स्विमिंग पूल व कम्युनिटी पार्क का निरीक्षण किया। विद्युत शवदाह ग्रह के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने शवदाह गृह के संचालन की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विद्युत शवदाह गृह में निर्वाध रूप से विद्युत सप्लाई, जलापूर्ति सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय के समीप डीएमएफटी मद से निर्मित पुस्तकालय के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पुस्तकालय के माध्यम से विद्यार्थियों को मिल रहे हैं लाभ की जानकारी ली । उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध किताबों व अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन को पुस्तकालय के सफल संचालन हेतु समिति का गठन करने व व्यापक प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

बाजारटांड़ रामगढ़ स्थित निमार्णाधीन सिद्धू-कान्हू स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने अब तक हुए कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने संवेदक को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए तय समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश दिया। छत्तरमांडू स्थित इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने बैडमिंटन कोर्ट, जिम, अन्य खेल उपकरणों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने मेंबरशिप शुल्क निर्धारित करने व प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर ज्यादा से ज्यादा जिले वासियों को इनडोर स्टेडियम के माध्यम से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। स्विमिंग पूल के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने हुए निर्माण कार्यों वह उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निमार्णाधीन कम्युनिटी पार्क में अब तक हुए कार्यों का जायजा लेते हुए उपायुक्त ने संवेदक को तीव्र गति से कार्य करने, डीएमएफटी टीम को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने व जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के सहायक अभियंता, कनीय अभियंताओं, डीएमएफटी टीम के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

बरकट्ठा के बरकनगांगो में दो अवैध क्रशरों को किया गया सील, मालिकों पर प्राथमिकी दर्ज

- जांच टीम द्वारा 05 ट्रैक्टर अवैध बालू एवं 01 ओवरलोड गिट्टी लोड हाईवा बरकट्ठा थाना में जब्त, चालक व मालिक पर प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, हजारीबाग के द्वारा जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिये निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी बरही पूनम कुजूर द्वारा गठित अनुमंडल स्तरीय खनन टास्कफोर्स टीम के सदस्य श्रीकांत लाला मांझी, अंचल अधिकारी, बरकट्ठा, सुनिल कुमार, खान निरीक्षक हजारीबाग,थाना प्रभारी, बरकट्ठा एवं अभीनव कुमार सिन्हा, प्रदुषण विभाग द्वारा 9 सितंबर को बरकट्ठा थाना के बरकनगांगो में स्थापित दो अवैध क्रशरो को सील कर संचालक उमेश राम, पिता बिरबल राम व हरिलाल चौधरी पिता सरजू महतो, दोनो ग्राम बरकनगांगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

इसके अतिरिक्त जांच टीम द्वारा अवैध बालू लोड वाहनों की भी औचक छापेमारी की जिसमें 05 ट्रैक्टर एवं 01 ओवरलोड गिट्टी लोड हाईवा को पकड़ा गया है। ट्रैक्टर एवं हाईवा के चालको के पास खनिजो का वैध चालान नही होने के कारण सभी को खान निरीक्षक सुनिल कुमार द्वारा जब्त कर बरकट्ठा थाना के हवाले करते हुए चालक एवं मालिको पर प्राथमिकी दर्ज की कारवाई की गई। इस क्रम मे दो चालक संतोष शर्मा एवं सुरेन्द्र शर्मा, कोडरमा को गिरफ़्तार किया गया है।

खान निरीक्षक सुनिल कुमार ने बताया कि हाईवा को पकडने के बाद गिरिडीह जिले के क्रशर मालिक विश्वजीत मंडल के द्वारा चलान देकर जांच टीम को धोखा देने का प्रयास किया है इसलिए उन्हे भी अभियुक्त बनाया गया है। जांच टीम द्वारा सभी अवैधकर्ताओं पर खनन अधिनियम, प्रदुषण अधिनियम एवं भारतीय दण्ड संहिता के कई धाराओ के तहत नामजद कर कुल 12 अज्ञात एवं 05 नामजद लोगो के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा है की जिला से लेकर अंचल की टीम लगातार अवैधकर्ताओ पर कार्रवाई कर रही है जो आगे भी जारी रहेगी।

जियो टेग में हेराफेरी कर आवास आवंटन में अनियमितता का लगाया आरोप

कटकमसांडी। जियो टेग में हेराफेरी कर आवास आवंटन में अनियमितता बरतने का आरोप मसीरातु निवासी संतोष गोप ने लगाया है। इस संबंध में उन्होंने डीसी को आवेदन सौंपकर कारवाई का मांग की है। सौंपे गए आवेदन में लिखा है कि मसरातू गांव के रीता देवी पति संतोष गोप को पीएम आवास के प्रतिक्षा सूची का प्रथम जियो टेग पांच मार्च 2019 को किया गया था। जिसके बाद फाइनल सूची में नाम आया लेकिन जब आवास आवंटन हुआ तो मेरे तथा मेरी पत्नी के नाम मिलता झुलता दूसरे व्यक्ति को आवास आवंटन कर दिया गया। संतोष गोप ने आरोप लगाया है कि जिस रजिस्ट्रेशन का आईडी नंबर जेएच 1504102614 मेरे नाम का था उसी आईडी को वित्तीय वर्ष 2021-22 में दिखाकर दूसरे व्यक्ति का पीएम आवास मुहैया करा दिया गया।

राधा गोविन्द विवि के कृषि विभाग के विद्यार्थियों का एक माह प्रशिक्षण संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के चौथे वर्ष के विद्यार्थियों को दुग्धशाला प्रशिक्षण के लिए बोकारो के डेयरी प्लांट में एक महीने के प्रशिक्षण पर भेजा गया था। प्रशिक्षण कार्य की अवधि 8 अगस्त से 8 सितंबर तक निर्धारित थी। प्रशिक्षण से लौटने के बाद विद्यार्थियों में काफी उत्साह दिखी। प्रशिक्षण में उन्हें डेयरी प्लांट से संबंधित जानकारी दी गई। जिससे विद्यार्थियों के कार्य अनुभव के साथ-साथ उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा। प्रशिक्षण खत्म होने के बाद सभी को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। प्रशिक्षण को समाप्त कर लौटने पर विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय को कुलाधिपति बीएन साह, प्रति कुलाधिपति प्रो. डॉ. एम. रजीउद्दीन, कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, विभाग के व्याख्यातागण अनिल जेना, बी.के. अग्रवाल सहित अन्य सभी व्याख्याताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

झारखंड राज्य आत्मा कर्मी संघ का कृषि मंत्री आवास के समक्ष प्रदर्शन कल : जिलाध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड राज्य आत्मा कर्मी संघ अपनी मांगो को लेकर 12 सितंबर को रांची में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के आवास के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष सुभाष कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्री के आवास के समक्ष प्रदर्शन के बाद 13 सितंबर को राज्यपाल भवन के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि झारखंड राज्य आत्मा कर्मी संघ के आह्वान पर हजारीबाग जिला आत्मा कार्यालय में पिछले एक सप्ताह से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चल रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन आत्मा में नियुक्ति हुई है। पिछले 15 वर्षों से वह कृषि और उससे संबंधित विभाग की दर्जनों योजनाओं को प्रखंड के विभिन्न गांवों में धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि की ईकेवाईसी हो या फिर झारखंड सरकार द्वारा वर्तमान समय में चलाई जाने वाली सूखा राहत योजना या फिर केसीसी ऐसी दर्जनों योजना जो जिला कृषि विभाग, भूमि संरक्षण विभाग, उद्यान विभाग सहित अन्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के निष्पादन उनके द्वारा किया जाता है। इतना ही नहीं सालो भर जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए हर पर्व और त्योहार में मजिस्ट्रेट की ड्यूटी निभाते हैं। प्रखंड स्तर पर कृषि योजना के साथ साथ अन्य योजनाओं में भी हमलोग से काम लिया जाता है। बाबजूद इसके लिए उन्हें किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिलती है। ऐसे में उनकी मांग है कि वर्तमान समय में कृषि विभाग में रिक्त पड़े सैकड़ों पद उनके अनुभव और योग्यता के अनुरूप उनका समायोजन किया जाय ताकि उनका भी भविष्य सुरक्षित रहे। लंबी अवधि से संविदा पर कार्यरत कर्मियों को सरकार द्वारा नियमितकरण एवं समायोजन की घोषणा सरकार द्वारा की गई थी और इस ओर पहल भी की जा रही है लिहाजा इसमें उनको भी शामिल किया जाए। धरना कार्यक्रम में अनिकेत टुड़वार, उमेश कुमार, राजेश कुमार, संजय यादव, शंभू प्रसाद सिंह, रजनीश आनंद, प्रदीप महतो, सुशील कुमार, अनिल कुमार सिन्हा, श्याम कृष्ण देव, विजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुशील कुमार, रमा कुमारी, पुष्पा कुमारी, रामकृष्ण शर्मा, बिरेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

आजसू छात्र संघ का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

जिला व प्रखंड के टॉपर छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। आजसू छात्र संघ द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन पटेल छात्रावास रामगढ़ में 10 सितंबर को किया गया। समरोह में जिला एवं प्रखंड के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता बिनोवा भावे विद्यालय प्रभारी राजेश कुमार महतो एवं संचालन विभावि उपाध्यक्ष अनुराग भारद्वाज ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंदप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, नप उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, आजसू के वरिष्ठ नेता अमृतलाल मुंडा, बुद्धिजीवी मंच के महेंद्र मोदी, प्रदेश सचिव अरविंद महतो, वार्ड पार्षद चितु महतो सहित जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चौधरी ने समारोह को संबोधित करते हुए

कहा की रामगढ़ जिला को एजुकेशन हब बनाना हमारी सोच है और आज हमारे प्रयास से रामगढ़ जिले में पॉलिटेक्निक की पढ़ाई, आईटीआई की पढ़ाई, इंजीनियरिंग की पढ़ाई, महिला इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना, रामगढ़ महाविद्यालय में एमए, एम कॉम तथा बी.सी.ए, बी.बी.ए की पढ़ाई सुचारू रूप से शुरूआत की गई है। कहा कि आगे भी बीएड की पढ़ाई एवं मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने को लेकर प्रयासरत हूं। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष देवा महतो,जिला सचिव सुबिन तिवारी,कोषाध्यक्ष नीतीश निराला, प्रवक्ता शिवम मिश्रा, उपाध्यक्ष रवि कुमार,सुमंत चौधरी, विश्विद्यालय सचिव अमित दास, मनोज कुमार महतो, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंघानिया, चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार गिरी, दुलमी प्रखंड अध्यक्ष अनिल इग्नेश, पतरातू प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल सिंह,विशु रजवार, महेश महतो, जगदेव महतो, राहुल सिंह, रूपेश कुमार, होरिल कुमार, आकाश कुमार, अजय आस्था, आशिष कुमार, पिंटू कुमार एवं जिला और प्रखंड के छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक गण उपस्थित थे।

रॉयल फूड फंक्शन फैमली रेस्टुरेंट का उद्घाटन

पदमा। पदमा-इटखोरी सड़क स्थित पदमा सरैया पंचायत सिमाना पर शनिवार को रॉयल फूड फंक्शन फैमली रेस्टुरेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अथिति पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने संयुक्त रूप से किया। ग्रामीण क्षेत्र मे शहर की तरह सुविधा देने को लेकर अतिथि प्रसन्न दिखे। रेस्टुरेंट संचालक आनंद कुमार मेहता और विकास मेहता ने बताया कि यह रेस्टुरेंट ग्राहकों को 24 घंटे सुविधा देने के लिए तत्पर रहेगी। रेस्टुरेंट में उत्तम भोजन, उत्तम नाश्ते के साथ भेज, नॉन भेज की व्यवस्था रहेगी। ग्राहकों को बेहतर सुविधा के साथ उचित रेट पर उत्तम व्यवस्था देना प्राथमिकता होगी। ज्ञात हो कि पदमा-इटखोरी मोड़ से इटखोरी तक कहीं भी खाने पीने के लिएं किसी अच्छे रेस्टोरेंट की उपलब्धता नहीं है। ऐसे में इस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों एवं वाहन चालकों को भोजन संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस रेस्टोरेंट के खुल जाने से अब वैसे लोगों को उचित दर पर उत्तम क्वालिटी का भोजन उपलब्ध होगा।

डीसी ने कई विद्यालयों का किया निरीक्षण, जेई को लगायी फटकार

नवीन मेल संवाददाता

मरकच्चो। कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन ने शनिवार को मरकच्चो प्रखंड के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने जिले के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों को कोडरमा बुलाकर विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था सुधारने व बच्चों में संस्कार भरने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के बाद शनिवार को कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन ने मरकच्चो प्रखंड के परियोजना उच्च विद्यालय देवीपुर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय योगीडीह, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गेरागी, सर्वोदय + 2 उच्च विद्यालय मरकच्चो, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय मरकचो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालयों के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं से बात की और विद्यालय में बदले माहौल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उत्क्रमित उच्च विद्यालय योगीडीह के विद्यालय प्रांगण के बीच में भवन बनाए जाने को लेकर जेई अवधेश कुमार सिन्हा को कड़ी फटकार लगाई। वहीं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के शिक्षकों को प्रशिक्षण से लौटने के बाद भी छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को लेकर कार्य में उदासीनता को देखते हुए उपस्थित सभी शिक्षकों को फटकार लगाया तथा वेतन पर रोक लगाने की बात कही। कोडरमा उपायुक्त ने बताया कि इतना जल्दी सब कुछ सुधर नहीं जाएगा। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक अलका जायसवाल, एरिया अफसर जयनगर, मरकच्चो कनक लता, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मरकच्चो जगन्नाथ महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय कर्मी दिनेश गोप, प्रमुख विजय कुमार सिंह, मुखिया रंजीत कुमार सिंह, टिपन पासी आदि उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें : डीसी

कोडरमा। शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर मरकच्चो स्थित सभागार में प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को अपने अपने आंगनबाड़ी को मॉडल बनाने व बच्चों में सर्वांगीण विकास लाने को लेकर डीसी आदित्य रंजन ने कार्य करने को कहा। उन्होंने प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविकाओं को अंतिम बार चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आप लोग कार्य के प्रति रुचि ना दिखाकर कार्य के प्रति लापरवाह रहेंगे तो अच्छी बात नहीं है। फिर आप अगले निरीक्षण में अपना अंतिम सेवा ही समझेंगे। उन्होंने उपस्थित दोनों महिला पर्यवेक्षिका को भी कड़ी फटकार लगाते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों का निरंतर निरीक्षण करने की बात कही। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, अंचलाधिकारी मरकच्चो राम सुमन प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो पप्पू कुमार रजक, उत्तरी पंचायत मरकच्चो के मुखिया रंजीत कुमार सिंह, टीपन पासी, बीपीओ राकेश रंजन, महिला पर्यवेक्षिका माधुरी कुमारी आदि उपस्थित थे।

फर्जी वंशज बताकर जमीन हथियाने का आरोप, एसपी से न्याय की गुहार

नवीन मेल संवाददाता

इचाक। प्रखंड के परासी गांव निवासी राजेश वैद्य ने फर्जी वंशज बनकर खतियान जमीन हथियाने संबंधी ज्ञापन एसपी को सौंपा है। आवेदन में कहा है कि आरोपी पक्ष के सुनील उर्फ नेपाल वैद्य, दामोदर वैद्य, तेजन वैद्य, प्रीतम वैद्य, सागर वैद्य, रितिक वैद्य, प्रकाश वैद्य, प्रहलाद वैद्य, विक्रम वैद्य और अंकेश वैद्य जो गणपत वैद्य के वंशज हैं। आरोपियों ने मेरे पूर्वज नन्हू वैद्य के नाम से खतियानी दर्ज जमीन को गलत तरीके से हथियाने के फिराक में हैं। पीड़ित पक्ष ने कहा है कि खाता नंबर 257 का जमीन मेरे पूर्वज नन्हू वैद्य के नाम खतियानी दर्ज है।आरोपी पक्ष के लोगों ने खतियान में छेड़छाड़ कर नन्हू वैद्य के जगह नानू वैद्य कर दिया है। जो नन्हू वैद्य का वंशज बताकर मेरे पूर्वज के जमीन को हड़पना चाहते हैं। भुक्तभोगी सुनील वैद्य ने एसपी से मामले की उच्चस्तरीय जांच करा कर जमीन पर कब्जा दिलाने तथा आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। इधर आरोपी पक्ष के सुनील उर्फ नेपाल वैद्य ने कहा कि राजेश वैद्य का सांठगांठ भू माफिया से है जो अंचल कर्मियों से मिलकर भीखो कुआरी के नाम खातियानी दर्ज जमीन को अपने पूर्वज के नाम करा कर हम लोगों को बेदखल करना चाह रहा है। उसने बताया कि नन्हू वैद्य, गणपत वैद्य और नानू वैद्य तीनो भाई थे। जिनका पूर्वज भिखो कुआरी थी। सुनील वैद्य ने गलत तरीके से मेरे हिस्से की जमीन से बेदखल करने के मकसद से झूठा आवेदन एसपी को दिया है। जिसके खिलाफ कोर्ट में गुहार लगाऊंगा।

न्यूज गैलरी

सिमडेगा डाक बंगला में झारखंड टेंट एंड डेकोरेटर एसोसिएशन की हुई बैठक

सिमडेगा। शहरी क्षेत्र स्थित जिला परिसद डाकबंगला में झारखंड टेंट एंड डेकोरेटर एसोसिएशन की बैठक प्रदेश से आये प्रदेश स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में हुई। बैठक में प्रदेश से आए सुबोध कुमार अध्यक्ष, संजय कुमार राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह सलूजा महासचिव रांची, राजेश गुप्ता चैयरमेन अधिवेशन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश से आए पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 एवं 9 अक्टूबर को होने वाली रांची में होने वाले टेंट अधिवेशन के विषय में जानकारी दी। बैठक में जिले के टेंट, केटरर, डेकोरेटर एवं साउंड एंड लाइट व्यसाय से जुड़े लोग काफी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक में प्रदेश एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा अधिवेशन के बाद जल्द ही जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। समिति के गठन के पश्चात टेंट एसोसिएशन को हो रही समस्याओं को समाधान के लिए सामूहिक रूप से प्रयास होगा।बैठक में मुख्य रूप से सतेन्द्र रोहिल्ला, मंटू केशरी, महेश शर्मा, विकास वर्मा, कमलेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, बबलू वर्मा, सरजू प्रसाद एवं रोहित जोगी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

दुर्गा पूजा समिति का हुआ पुनर्गठन गौरीशंकर सिंह बने अध्यक्ष

बोलबा। प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से गौरीशंकर सिंह को अध्यक्ष, हीरा लाल प्रधान को उपाध्यक्ष, रमेश दास को सचिव,सियाबर सिंह को उप सचिव, प्रशांत जायसवाल को कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। सुरजन बड़ाईक, परमानन्द बड़ाईक, भानूप्रताप सिंह,टकबर सिंह,अजय जायसवाल,रामसुभक प्रधान,किशोर कुमार सिंह , चन्द्रदेव सेनापति आदि को संरक्षक के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक में मंदिर के रंग रोगन के कार्य का जिम्मा अजय जायसवाल को देते हुए यथाशीध्र कराने के लिए कहा गया।अगली बैठक आगामी सोमवार 12 सितंबर को 4 बजे रखा गया है जिसमें आगे के कार्यक्रम तय किए जाएंगे। बैठक में उक्त के अलावे शेखर जायसवाल, शिवशंकर बड़ाईक, हीरा बड़ाईक, चंद्रशेखर सिंह, लोकेन्द्र सिंह, विनोद बड़ाईक,चंद्रनारायण मंडल,हरेन्दर प्रसाद, हीरा जायसवाल, कृष्णा बड़ाईक आदि उपस्थित थे।

चट्टी स्थित गणिनाथ मंदिर प्रांगण में गणिनाथ पूजा दस को

भंडरा/लोहरदगा। मध्यदेशिय वैश्य समाज के तत्वावधान में भंडरा के चट्टी स्थित गणिनाथ मंदिर प्रांगण में दस सितंबर को गणिनाथ महोत्सव सह पुज्नोत्स्व का आयोजन किया गया। इसमें लोहरदगा सहित गुमला, रांची, लातेहार आदि जिलों से समाज के लोग शामिल हुए। पूजन के पश्चात झंडोत्तोलन का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात समाज के लोगों ने समाज के उत्थान पर अपने विचार देते हुए कहा कि यह सिर्फ वार्षिकोत्सव नहीं बल्कि समाज के लिय बड़ा मंच है। कार्यक्रम के दौरान भक्ति जागरण का भी आयोजन हुआ।जिसमें रांची के जाने माने कलाकारों ने भक्ति गीतों से सभी को झूमने के लिये मजबूर कर दिया।इससे पूर्व डांस, घड़ा फोड़ और कुर्सी रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सफल संजना गुप्ता, नित्या, अनिस्का, रीमा, आकृति, अनीता, सुनीता गुप्ता को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कृष्ण प्रसाद, रघुवीर प्रसाद, अवध बिहारी, श्याम बिहारी, रामसेवक साहू, जगदीश साहू, गोविंद साहू, शंकर साहू, ईश्वर साहू, रामकुमार साहू, हीरा साहू, राजेश साहू, महेश साहू, रंजीत साहू आदि अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

समसेरा मुखिया के उपस्थिति में किया गया राशन वितरण

बोलबा। बोलबा प्रखंड के समसेरा पंचायत में मुखिया के उपस्थिति में राशन वितरण किया गया। शिवानी दल अलिंगुड डीलर और कार्डधारी के बीच राशन वितरण को लेकर बैठक बुलाई गयी। बैठक में डिजिटल मशीन से सभी कार्डधारी को पूरा पूरा डीलर द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पहल से राशन वितरण की बात से सभी कार्डधारी खुश नजर आयें। मौके पर समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाईक, उपमुखिया सियावर सिंह, टकबर सिंह, किशोर कुमार सिंह, गौरी शंकर सिंह के अलावे कार्डधारी उपस्थित थे। इधर तनुजा देवी डीलर भी राशन का वितरण किये समय पर मुखिया द्वारा जांच में पाया गया। कार्डधारी को पूरा पूरा राशन वितरण किया गया। कार्डधारी से किसी प्रकार की कहीं भी शिकायत नहीं मिला। इस मौके पर फसल राहत योजना का प्रत्येक किसान को आनलाईन हर हाल में करा लेने कि बात मुखिया द्वारा कहा गया।

राष्ट्रीय एकता अखंडता व सद्भावना विषय पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कुडू - लोहारदगा। युवा सद्भावना मंच द्वारा राजयकृत उत्क्रमित उच्चय विधालय चंदलासो मे शनिवार को राष्ट्रीय एकता अखंडता और सद्भावना विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे मुख्य रूप से उपस्थित हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार और थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने छात्रों को राष्ट्र की एकता अखंडता बनाए रखने में अपने योगदान देने की बात कही। मौके पर भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र - छात्रा खुशवंत राम, मोहम्मद जैद, सोनी कुमारी, रोहन कुमार राम शब्बा प्रवीण को अतिथियों द्वारा प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड बिस सूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी युवा सदस्य सलीम अमीर,सुरेंद्र यादव, मुखिया दसमती उरांव, रोस पूनम मिंज, रजिया खातून, मेरी रेशमा एक्का, अनिल उरांव, डेविड कुजूर, रामेश्वर उरांव मौजूद रहे।

झारखंड आंदोलनकारी नेता दुर्गा सोरेन की 54 वीं जयंती पर झामुमो ने किया याद

सिमडेगा। झामुमो सिमडेगा द्वारा शनिवार को स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की 54 वीं जयंती पर संयोजक मंडली सदस्य शफीक खान के आवास पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। मौके पर सभी लोगों ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी इसके बाद 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया मौके पर शफीक खान ने कहा स्वर्गीय दुर्गा सोरेन ने झारखंड आन्दोलन में अहम और सशक्त भूमिका निभाई थी। पूरे राज्य में उनकी पहचान एक सर्वमान्य नेता के रूप में थी गरीबों, असहाय, जरूरतमंदों तथा समाज के सभी वर्ग के लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए वे सदैव उनके साथ खड़ा रहते थे वे युवाओं के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणा स्त्रोत थे माल्यार्पण करने वालों में मुख्य रूप से संयोजक मंडली सदस्य शफीक खान, अनिल कंडुलना, अनिल तिर्की, ऑस्कर डांग इसके अलावा नोवास केरकेट्टा, कल्याण मिंज, नील जस्टिन बेक, बीस सूत्री सदस्य सिकंदर बरवा, विरेंद्र बाड़ा, सिमडेगा प्रखंड अध्यक्ष सुमन मिंज, तिमीथियुस खाखा, अनस आलम, विपिन कुल्लू, ओलिवर एक्का, रीयाजुल, माईकल इन्दवार, कमल यादव, जयराम बड़ाईक, सहित अन्य लोग शामिल थे।

श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचिका जया किशोरी ने श्री कृष्ण की लीलाओं को बताया,कहा

भगवान को किसी भी रूप में मानो परंतु भगवान से प्रेम करो

राहुल कौशल

लोहरदगा। स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में साहू परिवार के सौजन्य से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचिका जया किशोरी ने अपने प्रवचनों और मंत्रमुग्ध करने वाली भक्ति गीतों से सराबोर कर दिया। उनके मधुर मधुर भजनों की लय में भक्तों ने भी ताल से ताल मिलाया और उनके साथ गीत गाया। भक्ति संगीत पर स्टेडियम परिसर में स्थित पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने भी झूमना शुरू कर दिया।इस मौके पर राधा रानी बुलाए रही आवनो नी, मनिहारी का वेश बनाया श्याम चूड़ी बेचने आया आदि के बोल पर झूमें लोग। इस दौरान कथावाचिका जया किशोरी ने कहा कि भागवत कथा एक धार्मिक ग्रंथ है, अगर इस ग्रंथ को सच्चे दिल से सात दिन बैठकर श्रवण कर लिया जाए तो उस परिवार का तो जीवन धन्य हो जाता है। भागवत कथा के साथ-साथ लोगों को भगवान की झांकियां दिखाने का केवल एक ही अर्थ होता है ताकि अतीत में झांककर अपने मन में इस बात का चितन कर सके। अगर भगवान की कृपा प्राप्ति करना चाहते हैं तो श्रीमद् भागवत कथा को मन में उतारने से आपका जीवन धन्य हो जाएगा। इधर श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन पूज्या जया किशोरी जी के कार्यक्रम स्थल व्यास मंच में आगमन होते हीं भक्तों के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने पूज्या जया किशोरी जी को अंगवस्त्र प्रदान कर एवं पगड़ी पहनाकर अभिनन्द किया। साहू परिवार ने ठाकुर जी की पूजा अर्चना एवं आरती किया। भजन जय जय राधा रमन, हरी बोल, के साथ श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ की गई। इस दौरान कथा सुनने आये अतिथियों में राज्यसभा सांसद धीरज साहू, लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह समेत अन्य का व्यास मंच पर स्वागत किया गया। मौके पर कथावाचिका जया किशोरी ने भगवान श्री कृष्ण व राम सहित उनकी बाल लीलाओं तथा राधा कृष्ण की रास लीलाओ का वर्णन कर भागवत कथा सुनाई। उन्होंने श्रृद्धालुओं से कथा को अपने जीवन मे उतारने का संकल्प लेने को कहा। उन्होंने कहा कि भगवान श्री हरि विष्णु मनु और सतरूपा को दिऐ वचन के अनुसार श्री राम और कृष्ण के रूप मे धरती पर अवतरित हुए है। बताया कि प्रभु श्री कृष्ण ने पूतना को मां का दर्जा दिया तथा उसके शरीर को अमरत्व प्रदान किया। इसके पश्चात वह त्रेता युग के श्री राम जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री हरि राम की कथा सुनाई और उनको मयार्दा पुरुषोत्तम बताकर हर युग का श्रेष्ठ अवतार बताया है उन्होने भागवत कथा को भक्त से भगवान् के मिलन की कथा बताई है। बाल कृष्ण का दर्शन करने को देखने के लिए बाबा भोले नाथ भी गोपी बनकर मथुरा आते है। इसके बाद वह श्री कृष्ण और राधा के रासलीला की कथा सुनाई। उन्होने कहा कि रासलीला प्रभु से आत्मा का मिलन है इसमे आत्मा और परमात्मा एक दूसरे मे समा जाते है। उन्होने बताया कि हर गोपी प्रभु के प्रेम मे अपने की समर्पित कर परमात्मा से मिलने को व्याकुल थी। आपसे प्रार्थना है कि भगवान के लिए कोई मजाक नहीं करे और कोई और मजाक उड़ा रहा है तो आप उसमें शामिल नहीं हो। आप अगर भगवान की इज्जत नहीं करेंगे तो कोई नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। कथावाचिका जया किशोरी ने बताया कि भागवत कथा का प्रत्येक प्रसंग मनुष्य के चरित्र और स्वभाव को सुधारता है। कथा श्रवण करने पर श्री कृष्ण के प्रति प्रेम ना हो, पाप से घृणा ना जागे, धर्म के प्रति प्रेरित ना हो तो ये समझना कि आपने कथा सुनी ही नही। पाप, कर्मों का नाश करती है कथा, प्रेम को बढ़ाती है कथा। पहले हम अपने मन को सुधारें, फिर जगत को सुधारने निकले। अपने चरित्र से यदि अपनी आत्मा को संतोष मिले तभी मानो कि तुम्हारा स्वभाव सुधरा है। भगवान को किसी भी रूप में मानो परंतु भगवान से प्रेम करो। इस दौरान कई आकर्षक झांकियों की भी प्रस्तुति की गई जिसकी सराहना उपस्थित लोगों ने किया। श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, साहू परिवार से शैफाली साहू, अरुणा साहू, उदय शंकर प्रसाद, धीरज प्रसाद साहू, सरिता साहू, मनु साहू, राहुल साहू, मदन मोहन शर्मा, सचिदा चौधरी, दिल्ली से राजश्री कुमार, अजय महासेठ, शालिनी महासेठ रांची डॉ अनूप साहू, अशोक यादव, संजय बर्मन, निशिथ जायसवाल,सुखैर भगत, राजेन्द्र खत्री, मनोज प्रसाद, प्रकाश कुमार, अरविन्द कुमार, हनुमान राजगड़िया, संदीप कुमार, लाल मोहन प्रसाद केशरी, , कमल प्रसाद केशरी, मोहन दुबे, कंवलजीत सिंह, अरुण राम, राहुल कुमार, बलवीर देव, , कृष्ण मोहन केशरी, कैलाश केशरी, उर्मिला केशरी, प्रमोद अग्रवाल सहित शहर के भक्त जन उपस्थित थे।

डीसी की अध्यक्षता में मुख्य सचिव की जिले के पदाधिकारियों व सभी अंचलाधिकारियों/कर्मचारियों के साथ हुई बैठक

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में ई-केवाईसी का कार्य सौ फीसदी पूर्ण का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मुख्य सचिव, झारखंड के साथ होनेवाली बैठक की पूर्व तैयारी हेतु आवश्यक बैठक जिले के पदाधिकारियों व सभी अंचलाधिकारियों/कर्मचारियों के साथ हुई। बैठक में उत्तराधिकार दाखिल खारिज, भूमि जमाबंदी, पंजी-2 में सुधार से संबंधित प्रगति व लंबित मामलों की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिये गये। झारखंड राज्य फसल राहत योजना में प्राप्त आवेदन का दिनांक 12.09.2022 की शाम 4 बजे तक हल्का कर्मचारी स्तर व अंचल अधिकारी स्तर से 50 प्रतिशत आवेदन निष्पादित करने का निदेश दिया गया। इस योजना में लाभुक किसानों के ई-केवाईसी का कार्य भी उक्त तिथि व समय तक 6 हजार का लक्ष्य पूर्ण किये जाने का निदेश सभी अंचल आधिकारियों को दिया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में ई-केवाईसी का कार्य 100 फीसदी पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। जाति प्रमाण-पत्र के प्राप्त आवेदन व निर्गत किये जाने के बिंदु पर उपायुक्त द्वारा अतिरिक्त जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संबंधित आवेदन पत्रों को अंचलाधिकारी से वेरीफाई करा कर प्रज्ञा केंद्र में अपलोड करायें। जो भी आवेदन अंचल में रिसीव किये गये हैं उसका 50 प्रतिशत दिनांक 12.09.2022 तक प्रज्ञा केंद्र में अपलोड करा दें। एनआईसी, लोहरदगा को इस संबंध में जिला स्तर पर 10-15 कम्यूटर ऑपरेटरों की टीम गठित किये जाने का निदेश दिया गया ताकि आवश्यकता पड़ने पर जाति प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की इंट्री लक्ष्य अनुसार पूरी करायी जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता गरिमा सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीषा तिर्की, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी आंबुज्य पाण्डेय, सभी अंचल अधिकारी, मैनेजर आइटी पीएमयू राजस्व शाखा अरूण कुमार साह, सभी अंचल के अंचल निरीक्षक, कर्मचारी समेत अन्य उपस्थित थे।

जल विहिन खराब चापाकल में पानी मशीन लगा कर जलमीनार को दिखाया पूर्ण

ग्रामीणों ने जलमीनार निर्माण में अनियमिता का लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता

बानो। प्रखंड अंतर्गत महाबुआंग थाना क्षेत्र के राजस्व ग्राम चोरबांदू में भारत सरकार की हर घर नल योजना द्वारा घर- घर जल पहुंचाने में भारी अनियमितता बरतने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। चोरबंदू गांव के पुजार टोली के ग्रामीणों के मुताबिक पुजार टोली में स्थानीय जल सहिया के द्वारा खराब पड़े चापाकल में पानी मशीन को लगाया गया है ,जिसमें पानी ही नहीं है। नया बोरिंग नहीं किया जा रहा है जल सहिया के इस रवैया से पुजार टोली के ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। यह जानते हुए कि खराब पड़े चापाकाल में पानी ही नहीं है ,फिर भी मशीन फिट कर दिया गया है। अब बिना पानी के जलमिनार में पानी कैसे चढ़ेगा और घर- घर पानी की आपूर्ति कैसे होगी। पुजार टोली के ग्रामीण कई वर्षों से पानी की किल्लत का सामना कर रहे हैं। सरकारी पैसों का बंदरबांट हो रहा है। टोली में एक भी चापाकाल नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले में जल सहिया के पति जेठन मुंडा के द्वारा गोलमोल जवाब दिया जा रहा है। गांव के ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना से भी की है। ग्रामीणों का आरोप है की नया बोरिंग करके जलमिनार का निर्माण करना है, परन्तु स्थानीय जल सहिया द्वारा वर्षों पुराने जल विहीन चापाकल में मशीन लगाकर रुपये हडप लिए। ग्रामीणों ने जांचोपरांत कडी कारवाई करने,एवं नया बोरिंग कर जलमिनार में जल पहुंचाने की मांग की है।

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक बसिया में सम्पन्न

हेमंत सोरेन झारखंड आंदोलनकारी के गौरव पुत्र हैं, आंदोलनकारियों को पहचान दे : पुष्कर महतो

नवीन मेल संवाददाता

बसिया। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला की बैठक शनिवार को बसिया ब्लॉक में हुई। बैठक में झारखंड के अगुवा स्व दुर्गा सोरेन की 54 वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों का चिन्हितीकरण का कार्य जल्द से जल्द करने, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को समान रूप से मान - सम्मान, पेशन, नियोजन व पहचान देने के विषय पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री झारखंड आंदोलनकारी के गौरव पुत्र है। आंदोलनकारियों का अभिमान है। शनिवार को झारखंड आंदोलनकारियों का सारा दारोमदार व मान -सम्मान, पेंशन, नियोजनव पहचान देने का परम दायित्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों में है। आंदोलनकारियों के सम्मान से ही सरकार का सम्मान है। कार्यकर्म की अध्यक्षता करते हुए गुमला जिला के संयोजक अजीत विश्वकर्मा ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के भावनाओं के अनुरूप विकास की अवधारणाओं को पूर्ण किया जाए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मोर्चा के उपाध्यक्ष पीसी बड़ाइक ने कहा कि मुख्यमंत्री आंदोलनकारियों के प्रति वेदना व संवेदना जाहिर करते हुए सभी आंदोलनकारी माता- पिता का चिन्हितीकरण का कार्य समय रहते करे,हमलोग आभारी रहेंगे। मौके पर अल्फ्रेड आइंड, रतिया इंडवार, जोसेफ आभाष मिंज, सीताराम उरांव, भोलानाथ सिंह, कुंवार राम किसान, अलीम खान, अमित बघवार, गौरीशंकर चौधरी, रोजलीना तिग्गा, मारकुस केरकेट्टा, हीरा प्रधान, सुषमा तिग्गा, सुषमा कुजुर, सहित बड़ी संख्या में झारखंड आंदोनकारी गण उपस्थित थे।

सिमडेगा पुलिस अधीक्षक ने किया केरसई थाना का दौरा

नवीन मेल संवाददाता

केरसई। पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने शनिवार को केरसई थाना का दौरा किया। साथ ही मौके पर जनप्रतिनिधि,समाजसेवी एवं ग्रामीणों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। प्रखंड एवं थाना से संबंधित जन समस्याओं से एसपी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी ग्रामीण क्षेत्र की समस्या सुनकर उनका विधिवत समाधान करने का प्रयास करेंगें। मौके पर कोनजोबा पंचायत मुखिया मुंस खेस ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र होने से ग्रामीणों को मजदूरी नहीं मिलने के कारण दूसरे राज्य काम करने के लिए चले जाते हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनकी लाल ने कहा कि मनरेगा योजना के तहत मजदूरों को काम कम मिलने एवं सभी ट्रैक्टर ऑनर का गाड़ी खड़ा होने के कारण गांव के ट्रैक्टर में काम करने वाले मजदूरों को काम नहीं मिलने से भी ग्रामीण दूसरे राज्य पलायन कर रहे हैं। जिला परिषद सदस्य प्रेमा बड़ा ने एसपी से कहा कि छोटे-छोटे बच्चे शराब पीकर इधर-उधर घूमते हैं। स्कूल नहीं जाते हैं। इसे लेकर माता पिता परेशान रहते हैं। जैनुल अंसारी ने कहा कि ढ़ोड़ी जोर मकर घारा गांव जंगल में बसा हुआ है गांव में बिजली नहीं है एवं हाथी का प्रभाव अधिक है,आने जाने के लिए सड़क नहीं है। गांव में मोबाइल टावर नहीं है, जिससे लोगों को प्रखंड प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को खबर करने में परेशानी होती है एवं लाईट नहीं होने के कारण सोलर लाइट की मांग की गई ।ग्रामीणों द्वारा एसपी को बताया गया कि क्षेत्र में अंग्रेजी शराब एवं महुआ की शराब अवैध बिक्री होती है। प्रत्येक गांव में बिक्री भी खुलेआम होती है जिससे युवा बिगड़ रहे हैं एवं कई जगह घटनाएं हो रही है जिस पर एसपी ने थाना प्रभारी को सख्त निर्देश देते हुए कार्रवाई करने की बात कही। पत्रकारों से बात करते हुए एसपी ने बताया कि अगले माह से पूरे जिले में 3 सप्ताह का जागरूकता अभियान पुलिस चलाएगी। पहले सप्ताह में मानव तस्करी के सम्बंध पर, दूसरे सप्ताह में महिला उत्पीड़न को लेकर वहीं तीसरी सप्ताह में साइबर सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। डायन प्रथा एवं सर्प दंश से झाड़-फूंक द्वारा मृत्यु होने के बारे में एसपी को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फेसबुक या व्हाट्सएप में आए गए अनजान व्यक्ति का लिंक को ना दबाएं एवं कोई भी जानकारी मांगी जाए तो नहीं देने की बात कही गई। मौके पर थाना प्रभारी राजेश कुमार,जेएसआई सत्य प्रकाश उपाध्याय, अखिलेश कुमार, सोनाराम बेसरा, छोटू सिंह सहित थाना के सभी पुलिस बल एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी बबिता फोगाट ने भारत के विकास में खेल व खिलाड़ियों की भूमिका को बताया, कहा

जीवन में हारने का स्वाद भी बहुत जरूरी है

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा राज्य स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरा दिन की सत्र शुरूआत शुरू दंगल गर्ल के नाम से मशहूर गोल्ड मेडलिस्ट अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य बबिता फोगाट ने भारत के विकास में खेल एवं खिलाड़ियों की भूमिका पर कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल की महत्ती भूमिका जीवन में होती है। खेल के माध्यम से तन और मन दोनों स्वस्थ रखा जा सकता है। व्हाट्सएप मन और तन से ही हम अपने बड़े से बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति आसानी से कर सकते हैं जगह स्वस्थ तन मन के किसी भी लक्ष्य को साधना आसान नहीं होता। अपने स्वयं के जीवन में तनाव मुक्त होने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान खेल का मैदान होता है। जीवन में हारने का स्वाद भी बहुत जरूरी है वह जीतने की राह को प्रशस्त करता है जो भविष्य को संवार देती है। किसलय तिवारी ने कहा कि हम और हमारा व्यक्तित्व विषय पर कहा कि हम जिस तरह से दूसरे लोगों के साथ व्यवहार करते हैं उसे हमारा व्यक्तित्व परिभाषित होता है क्योंकि हमारा व्यवहार हमारी मंशाओं और दूसरों के प्रति हमारी भावनाओं को दशार्ता है। विनय जायसवाल ने कहा कि हमारा झारखंड प्रदेश एक वीरों की धरती है जहां प्रत्येक काल में अपनी विचारधारा संस्कृति सांस्कृतिक राष्ट्र धर्म के संरक्षण को लेकर पराक्रम दिखाया है। प्रदेश के महामंत्री बालमुकुंद सहाय हमारी वैचारिक नींव और प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने झारखंड की राजनीतिक परिदृश्य में युवाओं की भूमिका के विषय लेकर संबोधित किया। कार्यकर्ता हेतु विधि गतिविधि के विषय को कुमार हर्ष ने बताया।

राष्ट्र की वैभव को स्थापित करने में युवाओं की भूमिका अहम : सच्चिदानंद लाल

प्रांत संघचालक सचिदानन्द अग्रवाल ने भी विचार परिवार और समन्वय विषय को लेकर सत्र को संबोधित किया। कहा कि आज की स्थिति में हमें लगभग सभी क्षेत्रों में सामान्य एवं विचार व्यवहार की प्रक्रिया में केंद्र में रखते हुए संगठन कार्यरत ही नहीं बल्कि प्रभावी रूप से पुनः निर्माण के कार्य को प्रबल बना सकते हैं। हमारी भूमिका बहुत ही स्पष्ट है राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के व्यापक संदर्भ जो कि क्षेत्र की आवश्यकता तथा स्वरूप के अनुसार जन संगठन खड़ा करके क्षेत्र में अपेक्षित परिवर्तन साध्य करने का प्रयास करनी है। शक्ति किसी के विरोध में नहीं, प्रतियोगिता में नहीं या वर्चस्व स्थापित करने के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पुनर्निर्माण से ही प्रेरित होती है। शिक्षा, सेवा, वंचित समाज के स्थान को कार्यरत संगठन ने सामाजोत्कर्षक के माध्यम से बहुत बड़ा कार्य खड़े किए हैं। राष्ट्र की वैभव को स्थापित करने में इतिहास के साथ साथ युवाओं की भूमिका बहुत ही बड़ी भूमिका होती है।

सिविल कोर्ट परिसर में महिला विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए : पीडीजे

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। नालसा, नई दिल्ली, झालसा, रांची और राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के द्वारा सिविल कोर्ट परिसर में महिला विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल, पूनम पाल और डालसा सचिव राजेश कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 55 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया, जिसमें 35 आशा दीदी/सहिया एवं 20 सरकारी शिक्षिकाएं भी शामिल थीं। इस मौके पर पीडीजे ने कहा कि ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। अपने अधिकार के प्रति जागरूक नहीं होने की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना ज्यादा करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सहिया और शिक्षक समाज से सीधे जुड़े होते है, ग्रामीणों के बीच इनका सिधा जुड़ाव होता है, इसलिए इन्हें लोगों को कानूनी सहायता पहुंचाने की दिशा में आगे बढ़कर कदम उठाना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जरूरतमंद लोगों के लिए हमेशा तैयार है। डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। साथ ही डीएलएसए द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि डीएलएसए द्वारा विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी दी जा रही है ताकि विद्यार्थी जागरूक होकर गलती करने से बचें एवं अपने क्षेत्र में जागरूकता लाएं। संपूर्ण सत्र के दौरान महिला अधिवक्ता इंद्रानी कुजूर एवं आकांक्षा टोप्पो ने पोक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, मातृत्व लाभ से संबंधित कानून, महिलाओं पर लैंगिक अत्याचार से संबंधित उपबंध एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संबंध में जानकारी दी गई।

न्यूज गैलरी

सार्वजनिक पूजा समिति करेगा डांडिया गरबा का आयोजन

मेदिनीनगर। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति हाउसिंग कॉलोनी नवरात्रि में त्रिदिवसीय गरबा व डांडिया का आयोजन करेगी। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष रजनीश सिंह ने बताया कि आयोजन के सफल संचालन के लिए गुजरात से गरबा व डांडिया विशेषज्ञ की टीम बुलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम दो अक्टूबर से प्रारंभ होगा जो पांच अक्टूबर तक चलेगा। डांडिया व गरबा प्रतिदिन संध्या सात बजे प्रारंभ होगा जो देर रात्रि तक चलेगा। उन्होंने बताया कि पूजोत्सव के सफल संचालन के लिए पूजा समिति में कार्यकारी अध्यक्ष के रुप में संतोष कुमार,राहुल सिंह,रामशरण कुमार,उपाध्यक्ष के रुप संजीव तिवारी,डबल्यू शुक्ला,चेतन सिंह,गोलू सिंह,सचिव के रुप में रोहित निगम, राजन मेहता,सुजीत गिरी,बिटटू यादव,कोषाध्यक्ष के रुप में राहुल सोनी,निशांत तिवारी,पूजा के रुप में प्रभारी शंभु तिवारी,विवेक चौबे व स्वागत समिति में आशीष श्रीवास्तव व रविकरण सिंह को मनोनीत किया गया है।

कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने पहुंचे कई राज्यों के खिलाड़ी

मेदिनीनगर। स्थानीय गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में आयोजित ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप में बिहार, उड़ीसा, झारखंड राज्य के खिलाड़ियों ने भाग लिया है। इस प्रतियोगिता में विजेता सभी खिलाड़ियों का चयन नेशनल कराटे चैंपियनशिप के लिए चयनित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष सोनू सिंह नामधारी ,अविनाश वर्मा, रविकांत मेहता ,गुरबीर सिंह , पंकज कमली ने दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम के शुभारंभ में ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी के द्वारा स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। वहीं यंग स्टार ग्रुप के मनीष कुमार ने खेल खिलाड़ी खेल गीत से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मौके पर क्रीड़ा भारती पलामू अध्यक्ष सोनू सिंह नामधारी ने कहा कि पलामू में इस तरह का आयोजन से खिलाड़ियों का हौसला अफजाई होता है । हमारे यहां से सदैव बच्चें मैच खेलने के लिए बहार जाते थे। परन्तु आज मुझे बहुत खुशी हो रही है कि पहली बार हमारे पलामू जिला में दूरदराज से खिलाड़ी भाग लेने यहां आये है। वहीं मौके पर संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि दूरदराज से आये हुए सभी खिलाडियों का पलामू में स्वागत है। इस तरह का आयोजन से हौसला बढ़ता है। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा भारती पलामू जिला सह झारखंड कराटे एसोसिएशन के सचिव सेंसाई सुमित कुमार ने किया।

सेना से देश की सरहद व पौधों से धरती व ब्रह्मांड की होती है सुरक्षा: कौशल

मेदिनीनगर। पलामू प्रमंडल के लातेहार जिले के गारू प्रखंड के कबरी कोटा सीमा खास ई 214 बटालियन के कैंप परिसर स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पौधरोपण किया। उन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ हिमाचल के कपूर का पौधा लगाकर किया । पर्यावरणविद ने कार्यक्रम में शामिल सेना के जवानों को पर्यावरण धर्म की शपथ दिलाई। मौके पर उन्होंने कहा कि यह केवल पौधा नहीं बल्कि पौधा रूपी मिसाइल है । देश और दुनिया में फैले प्रदूषण नामक जहर से बचाने की दवाई है । उन्होंने कहा कि सेना से देश के सरहद और पौधों से धरती और ब्रह्माण्ड की सुरक्षा होती है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि जिस तरह अंग्रेजी हुकूमत और पाकिस्तान के बढ़ते नापाक हरकत की तापमान को हमारे देश के शहीद वीर सैनिकों ने ठंडा किया था। ठीक उसी तरह आज दुनिया में प्रदूषण का तापमान बढ़ रहा हैं । उसे बुझाने के लिए सभी लोगों को पौधरोपण अभियान का हिस्सा बनना होगा। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि वर्तमान और आने वाली पीढ़ी को जल और ऑक्सीजन संकट से बचाना और प्रदूषण की आग को बुझाना है तो प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्र को अपनाना ही होगा। कार्यक्रम का समापन पेड़ों पर राखी बांधकर उसे बचाने का संकल्प के साथ किया । एसआई राजेंद्र कुमार ने पर्यावरणविद के कार्यों की प्रशंसा करते हुए दोबारा आने का न्योता दिया । मौके पर मनीष कुमार सिंह, मनजीत कुमार, राम मिलन यादव, अनंत कुमार सिंह, शीतल तिर्की, संजय कुजूर समेत सीआरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

सहयोग व संयुक्त परिश्रम का फल है पुरस्कार : आदर्श

मेदिनीनगर। सीबीएसई स्कूलों के प्रिंसिपल की एक संयुक्त बैठक शुक्रवार को की गयी। सभी ने स्कूलों को और बेहतर विकसित करने बच्चों के सर्वांगीण विकास शिक्षकों की मूलभूत समस्या, स्कूल से संबंधित समस्याएं इत्यादि अनेक विषयों पर आपसी जानकारियों का आदान प्रदान किया । प्रिंसिपल की सामूहिक बैठक मे बेहतर कार्य करने वाले प्रिंसिपल को पुरस्कृत किया गया । इसी कड़ी में पलामू जिले अन्तर्गत मेदिनीनगर स्थित संत मरियम स्कूल के प्रिंसिपल कुमार आदर्श को सीबीएसई पटना क्षेत्र के रीजनल ऑफिसर जगदीश वर्मन के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । सम्मानित होने के पश्चात संत मरियम स्कूल के प्रिंसिपल कुमार आदर्श ने कहा कि यह सम्मान सभी शिक्षकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है । हम सभी ने कोरोना के कठिन दौर को पार करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को कायम रखा है और विश्वास है कि आने वाले समय में हम इसे और बेहतर करेंगे । बच्चों के सर्वांगीण विकास ही हमारे स्कूल का प्रमुख लक्ष्य है । विद्यार्थियों को भिन्न-भिन्न कलाओं में निपुण करते हुए उन्हें पारंगत बनाना विद्यालय प्रबंधन की सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता होती है । पुरस्कार प्राप्ति के बाद हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है । पुरस्कृत होने के बाद विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के साथ सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से उन्हें बधाई दी।

पलामू कांग्रेस ने भारत जोड़ो कार्यक्रम के तहत की पदयात्रा

मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा 10 सितम्बर को नौडीहा बाजार प्रखंड के विभिन्न गांवों में भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से सभी लोगों से जन संपर्क करते हुए पदयात्रा की । जिसका नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने की। एवं अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनवर हुसैन ने किया । इसके उपरांत जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश में जो स्थिति है यह किसी से छुपा नहीं है । आज एक दूसरे को एकजुटता के साथ जोड़ने का समय आ चुका है । उन्होंने मंहगाई बेरोजगारी और खाद सामग्री में जीएसटी को लेकर आवाज बुलंद करने के लिए सदन से सड़क तक मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोला है । केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हम सभी नेता राहुल गांधी के साथ मिलकर संघर्ष करें। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3570 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा निकाला है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा में जिस प्रकार लोगों का समर्थन मिल रहा है।

साहिबगंज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक

एनजीटी के दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

साहिबगंज। समाहरणालय स्थित सभागार में आज उपायुक्त राम निवास की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त श्री यादव ने पूर्व में हुई टास्क फोर्स की बैठक मैं दिए गए निदेशों के अनुपालन एवं 30अगस्त से अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि क्रेशर यूनिट एवं माइनिंग को 15 दिनों के भीतर एनजीटी द्वारा दिए गए निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। इसी के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों से उन्होंने कहा कि 15 दिनों के भीतर अनुपालन से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को सुनिश्चित कराएं एवं इसका अनुपालन न करने वाले क्रशर यूनिट एवं माइनिंग पर उचित कार्यवाही करें।

इन मानकों का रखना होगा ध्यान

ह्लउन्होंने कहा कि सभी खनन क्रशर एवं माइंड डिस्प्ले बोर्ड लगाना सुनिश्चित करेंगे। इसमें मुख्य रूप से क्रशर प्लांट का नाम इसकी कैपेसिटी इसका पता इसकी एग्जैक्ट लोकेशन एटीट्यूड लोंगिट्यूड प्रोपराइटर का नाम उनका फोन नंबर सीटीई सीटीओ एसएचडब्लू विवरणी एवं विद्युत आपूर्ति की विवरणी मेंशन करेंगे।सभी क्रशर यूनिट एवं माइनिंग डीजी सेट जो विद्युत आपूर्ति हेतु उपयोग करते हैं उनका वैध प्राधिकरण नियमों के अनुरूप हो। जिसमें 2016 के नियम के अनुरूप अपशिष्ट प्रबंधन एवं ट्रांसबाउंड्री मूवमेंट आदि किया गया हो।

उन क्षेत्रों में जहां जहां ग्रामीण पीने के स्नान के लिए झरिया नाले का उपयोग करते हैं और अन्य घरेलू कार्यो आदि के भी पानी के इन्हीं स्त्रोतों पर पूरी तरह आश्रित हैं वहां 100 जची से अधिक क्षमता वाले स्टोन क्रशर को उत्सर्जन नियंत्रण हेतु बैग फिल्टर उपलब्ध कराना है।रेलवे साइडिंग, विद्यालय आदि से मानकों के अनुरूप सुरक्षित दूरी पर क्रश या माइनिंग प्लांट स्थापित होनी चाहिए जिससे खनन गतिविधियों के दौरान निकलने वाले सिलिकोसिस आदि से बच्चों एवं अन्य लोगों को स्वास्थ संबंधित परेशानी या अन्य समस्या ना हो।सभी क्रशर यूनिट डीजी सेट के उपयोग के लिए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राधिकृत होने चाहिए।खनन पदार्थों को ले जाने के लिए ट्रकों का जो मानक रखा गया है संबंधित पट्टा धारी उसका अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही खनन पदार्थों को ले जाते समय इसे त्रिपाल ढक कर ले जाना सुनिश्चित करेंगे। सभी पट्टा धारी क्रशर यूनिट के अपने सड़क को दुरुस्त करते हुए डस्ट के प्रबंधन हेतु स्प्रिंकलर सिस्टम से समय-समय पर छिड़काव करते रहेंगे। सभी पट्टा धारी क्रशर यूनिट के पास सड़क के दोनों किनारे वृक्षारोपण करना सुनिश्चित करेंगे।

पदाधिकारियों को उपायुक्त रामनिवास यादव ने दिये कई दिशा-निर्देश

उपायुक्त रामनिवास यादव ने बताया कि जिले में स्थापित क्रशर प्लांट एवं माइनिंग 15 दिनों में एनजीटी द्वारा दिए गए इन दिशा निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे अगर अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के क्रम में इन दिशानिदेशों का अनुपालन नहीं देखा गया तो उन पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पूर्व हुई बैठक में दिए गए दिशा-निदेशों के अनुपालन पर चर्चा की जहां उन्होंने कहा कि किसी भी सोर्स से अवैध खनन की शिकायत प्राप्त होती है तो पुलिस पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उक्त स्थल पर जाकर छापेमारी करें वही उन्होंने सभी अंचलाधिकारी ओं से संबंधित चेक नाका पर सीसीटीवी की स्थिति की जानकारी ली एवं कहा कि सीसीटीवी दुरुस्त रखें एवं इसका बैकअप भी ले और चेक नाका पर निगरानी रखें बैठक के दौरान बताया गया कि समय-समय पर नियमित वाहन जांच चलाया जा रहा है। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा विगत माह से अब तक खनन टास्क फोर्स द्वारा की गई कार्यवाई की जानकारी दी गई जिसमें बताया गया कि 30 अगस्त से अब तक कुल 2 प्राथमिकी दर्ज की गई है। वही जप्त 15 वाहनों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके अलावा 39 क्रशरों को ध्वस्त किया गया है और 3 खदानों की मापी भी की जा रही है।

केतार में बीडीओ ने शिक्षकों के साथ की बैठक, आभा कार्ड बनवाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

केतार। प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शनिवार को बीडीओ मुकेश मछुआ ने सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के साथ बैठक किया। उक्त बैठक में बीडीओ मुकेश मछुआ ने शिक्षकों को विद्यालय के छात्रों और अभिभावकों का आभा कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा की किसी भी बीमार व्यक्ति का हेल्थ रिकॉर्ड आभा कार्ड में सुरक्षित है। उन्होंने कहा की आभा कार्ड भारत के प्रत्येक नागरिक का अनिवार्य रूप से बनाए जाने वाला युनिक स्वास्थ्य पहचान पत्र है।आभा कार्ड बनाना बहुत ही सरल और आसान है। अपने मोबाइल फोन से यह कार्ड बना सकते हैं। उन्होंने कहा की आभा कार्ड में इस्तेमाल होने वाला मोबाइल नम्बर आधार कार्ड में लिंक होना बहुत जरूरी है।आभा आधार में निहित समान्य जानकारी जैसे नाम, पता, उम्र,14 अंको का आभा नम्बर, और पता

उल्लेखित होगा। आभा कार्ड में आपके स्वास्थ्य सम्बन्धी सभी जानकारी, बीमारी, जांच, इलाज,दवा निहित होंगी।इस कार्ड के जरिए बीना किसी कागज के इलाज करा सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों को 31 सितम्बर तक शत प्रतिशत लोगों का आभा कार्ड बनवाने का निर्देश दिया है।इस मौके पर शिक्षक देवेन्द्र कुमार, दीपक कुमार सिंह, शकुन्तला देवी,सरिता देवी, दिनेश कुमार, धर्मनाथ पासवान, अवधेश मिश्रा,रामानंदन प्रसाद, सुरेन्द्र ठाकुर,दीपक पाल, विरेन्द्र राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

सिंदुरिया में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर हुई बैठक

भवनाथपुर। दुर्गा पूजा समिति सिंदुरिया के तत्वाधान में सिंदुरिया पुनर्वास घाघरा विद्यालय के प्रांगण में उदय गुप्ता के अध्यक्षता में दुर्गा पूजा मनाने के लिए बैठक किया गया ' दुर्गा पूजा धूम धामसे मनाने के लीए कमिटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष लालू साह, उपाध्यक्ष शनीचर अगरिया, सचिव उपेंद्र गुप्ता, सह सचिव सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष विकास वियार, सह कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, संगठन मंत्री सोनू कुमार गुप्ता, संरक्षक उदय कुमार गुप्ता, मुख्य संरक्षक अजय साह, रोशन वियार, अशोक गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य सतीश गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, धमेंद्र पासवान, जितेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, राजू कुमार, अमित पासवान, मंजय वियार, तेजू पासवान, वीरेंद्र शाह, आशीष पासवान, रुपेश शाह, विकास गुप्ता, हंसराज गुप्ता को बनाया गया।

बीईईओ के नेतृत्व में गुरु गोष्ठी का आयोजन, कहा

सभी शिक्षक अपने कार्य के प्रति सचेत रहें

- यूनिफॉर्म संबंधी सहित कई प्रतिवेदन को निष्पादित करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

चिनियां। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र मे चिनिया रंका के नवनियुक्त एरिया ऑफिसर सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सच्चिदानंद सिंह के नेतृत्व में प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक प्रधान शिक्षामित्र के साथ विद्यालय के विभिन्न प्रतिवेदन के संबंध में गुरु गोष्ठी आयोजित की गई। मौके पर विद्यालय द्वारा छात्र छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनवाने, पोषण माह मनाने स्वच्छता पखवाड़ा यूनिफॉर्म संबंधी सहित कई प्रतिवेदन को निष्पादित

करने का निर्देश दिया गया। मौके पर एरिया ऑफिसर सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सच्चिदानंद सिंह ने कहा कि प्रखंड के सभी शिक्षक अपने कार्य के प्रति सचेत रहें बायोमेट्रिक उपस्थिति विद्यालय पहुंचकर स-समय बनाये विभाग द्वारा मांगे गए सभी प्रतिवेदनो को ससमय बनावे ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई निश्चित है वही मौके पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कोरनेलुयिस लकड़ा सचिव अजय कुमार चंद्रवंशी जिला प्रतिनिधि दुबराज सिंह उपाध्यक्ष चैतुनाथ सिंह कोषाध्यक्ष गुलाम साबिर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी अरुण कुमार मेहता ने संयुक्त रूप से नवनियुक्त एरिया ऑफिसर सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को बुके देकर स्वागत किया तथा संघ ने पदाधिकारी को आश्वस्त किया कि शैक्षणिक गतिविधि एवं विभागीय कार्यों के प्रति संघ पूर्ण रुप से सहयोग करेंगा मौके पर शिक्षक दिलीप कुमार सिंह, जयशंकर प्रसाद, तनवीर आलम, बृजेंद्र पाठक, चैतुनाथ सिंह, अमित कुमार सतनारायण सिंह,नथुनी सिंह, अंबिका प्रसाद, सीआरपी अश्विनी कुमार,प्रभु नारायण राम, सहित प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक एवं प्रधान शिक्षा मित्र मौके पर मौजूद थे ।

दोमुहान मोड़ पर टाटा मैजिक की टक्कर में एक की मौत, सात घायल

नवीन मेल संवाददाता

मनिका (लातेहार)। मनिका थाना क्षेत्र के दोमुहान मोड़ पर टाटा मैजिक ट्रक और ऑटो की आमने सामने की टक्कर में मनिका प्रखंड मुख्यालय निवासी सुरेश ठाकुर के पुत्र कमलेश ठाकुर उम्र 22 वर्ष की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। और 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार टेंपू में सवार होकर मृतक कमलेश ठाकुर पिता सुरेश ठाकुर व सबपरिवार समेत नगर भगवती मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। इसी क्रम में दोमुहान मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे टाटा मैजिक ट्रक ने टेंपू को सीधी टक्कर मार दी। जिसके कारण 22 वर्षीय युवक कमलेश ठाकुर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनिका शुभम कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल सभी लोगों को इलाज हेतु

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचवाया और मृतक व्यक्ति के शव को बरामद कर सदर अस्पताल लातेहार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद सड़क में जाम की स्थिति बन गई थी। थाना प्रभारी ने जाम को हटवाकर वाहनों का आवागमन बहाल करवाया। घायलों में टेंपो चालक रिंकू नायक, छोटी कुमारी, मंजू देवी, निसी कुमारी, दुलारी देवी, सुरेश ठाकुर, अनयास कुमार, काव्या कुमारी, अमरेश ठाकुर शामिल हैं।

सड़क बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बरवाडीह प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले पश्चिमी जिला परिषद सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता कन्हाई सिंह के नेतृत्व में सड़क बनाने की मांग को लेकर शनिवार को लात,हरातु एवम चुंगरु पंचायत के काफी संख्या में ग्रामीणों ने में प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। इससे पूर्व सुदूर पंचायतों से पहुंचे सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष ग्रामीणों पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर में जमा होकर जुलूस निकालते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे। प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड कार्यालय का घेराव कर एक सभा में तब्दील हो गए। ग्रामीणों का कहना था कि लात से लाभर नाका तक पगडंडी रोड है लेकिन पक्की रोड नही बनने के कारण परेशानी

का सामना करना पड़ रहा है। बीमार पड़ने पर ग्रामीणों को इलाज के लिए आने - जाने में काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना था कि ग्राम चुंगरु से लाभर नाका तक का रोड भी नही बना हैं। लाभर पुलिस पिकेट से टोंगरी पुलिस पिकेट तक प्रधानमन्त्री ग्राम सडक योजना सरकार के अन्तर्गत स्वीकृत कर दिया गया है , लेकिन काम अभी तक शुरू नही किया गया है। घेराव कार्यक्रम जिप सदस्य कन्हाई सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता जग सहाय सिंह एवम अन्य ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम के अंत में बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रखंड के प्रधान सहायक को लातेहार उपायुक्त के नाम एक मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें सभी पगडंडी सड़कों को पक्की सड़क निर्माण करने की मांग किया गया था। सड़क निर्माण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। कार्यक्रम में लात मुखिया ईश्वरी देवी, संयुक्त ग्राम सभा के धीरज कुमार, पूर्व मुखिया बलदेव परहिया, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, लात पंचायत समिति प्रेम लता देवी, हरातू मुखिया सावित्री देवी, मुंडू ग्राम प्रधान राज कमल सिंह एवम हरातू पंचायत समिति तेतरी देवी ने आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों ने बीडीओ को सौंपा मांग पत्र

केतार। केतार एवं खरौंधी प्रखंड के स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों ने शनिवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ से मिलकर दस सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में स्वतंत्रता सेनानी सम्मान योजना,1980 के अंतर्गत स्वतंत्रता सेनानी एवं उनके पात्र आश्रितों के लिए पेंशन में वृद्धि करने, स्वतंत्रता सेनानी के विधवा एवं उनके विधुर के लिए एक साथी के साथ निशुल्क रेलवे पास सुविधा, हवाई यात्रा सुविधा, आधा किराये पर टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने सहित अन्य मांग किया है। स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों ने बताया की सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है, सरकारी लाभ से उन्हें वंचित रखा जा रहा है।

ब्रिटेन की महारानी के निधन पर शोक

राष्ट्रीय ध्वज झुकाना आजादी का अपमान: दीपांकर

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। ब्रिटेन की महारानी के निधन पर शोक में राष्ट्रीय ध्वज को झुकाना आजादी का सबसे बड़ा अपमान है। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ साम्राज्यवाद का प्रतीक थीं। यह बातें भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने पलामू में कही। दीपांकर भट्टाचार्य, बगोदर विधायक विनोद सिंह, बिहार के आंगियाव विधायक मनोज मंजिल, जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा के साथ इंकलाबी नौजवान आरवाईए के राष्ट्रीय कन्वेंशन भाग लेने के लिए पलामू पहुंचे थे। भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि महारानी एलिजाबेथ साम्राज्यवाद का प्रतीक थीं। इनके देश का कई देशों पर कब्जा था। भारत की आजादी के बाद भी अफ्रीका, केन्या जैसे देशों में कई बड़े नरसंहार हुए हैं। भारत की आजादी में सैकड़ों लोगों ने बलिदान दिया है। ऐसे में महारानी की मौत पर राष्ट्रीय झंडे को झुकाना, आजादी का अपमान है और इससे अधिक अपमान क्या होगा।

दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि 1857 के क्रांति के नायक नीलाम्बर पीताम्बर की समाधि स्थल आज भी उपेक्षित है। जबकि ब्रिटेन की महारानी के सम्मान में राष्ट्रीय ध्वज को झुकाया जा रहा है। भगत सिंह ने चेतावनी दी थी कि ऐसा न हो कि गोरे अंग्रेज की जगह भूरे अंग्रेज आ जाये, आज यही हो रहा है। उन्होंने कहा कि इंकलाबी नौजवान सभा का राष्ट्रीय कन्वेंशन है। इसमें युवा कई निर्णय लेंगे। कन्वेंशन में सुरक्षित नौकरी, शिक्षा और हालात को लेकर चर्चा की जायेगी। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को कर्तव्य के नाम पर ठेके पर नौकरी दी जा रही है, उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इंकलाबी नौजवान सभा का शनिवार से दो दिवसीय 7 वां राष्ट्रीय कन्वेंशन शुरू हो गया है। पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनीनगर के टाउन हॉल में राष्ट्रीय कन्वेंशन का आयोजन किया गया है। कन्वेंशन की शुरूआत सबसे पहले नीलाम्बर पीताम्बर के समाधि स्थल पर माल्यार्पण के साथ हुई। उसके बाद पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर, भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान नक्सलबाड़ी के समर्थन में और जय भीम के नारे लगे। इंकलाबी नौजवान सभा के कन्वेंशन में देश के 21 राज्यों से 500 से अधिक डेलीगेट भाग ले रहे हैं। इस कन्वेंशन में रोजगार शिक्षा देश के वर्तमान हालात समेत कई बिंदुओं पर प्रस्ताव

विधायक कोटे के बीस योजनाओं का हुआ शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पड़वा प्रखंड अंतर्गत बासु ग्राम में पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने 3 लाख की लागत से बनने वाली पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। इसके अलावे गोलहना में तीन, पड़वा में एक, मुरमा में एक कोकरसा में दो,छेछौरी में दो सहित अन्य गांव में कुल 57 लाख की लागत से बनने वाली 18 पीसीसी पथ व दो चबूतरा सहित बीस योजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योजना में गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन विधायक मद से कराया जा रहा है। आप सभी कभी भी हमारे पास अपने कार्य के लिए आ सकते हैं। मैं अपने क्षेत्र की समस्याओं को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाती हूं। चाहे वह सुखाड़ का मसला हो या अन्य। राज्य में बीजेपी की सरकार नहीं है फिर भी हम अपने क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खींचने का कार्य कर रही हूं। मौके पर भाजपा नेता सह पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि पूर्व के प्रतिनिधि के साथ जनता तालमेल नहीं बना पाते थे। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है,भाजपा के पास कार्यकर्ताओं की फौज है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री देश को हर क्षेत्र में आग ले जाने का कार्य कर रहे हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ मेहता, अशोक तिवारी, महामंत्री निरंजन प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष रिता देवी, उपाध्यक्ष राकेश पांडेय, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद, डॉक्टर सत्येंद्र मेहता, विष्णु देव यादव, जेईई विवेक सिंह, संजय कुमार पांडेय, रमाकांत मेहता, भरदुल पासवान, सत्यदेव तिवारी,रामानुज पांडेय, उस्मान अंसारी, दिलीप मेहता,फरेस मेहता सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एक नजर इधर भी

आत्मघाती समय के विरोध में

तेज बारिश की वह शाम हम सबके अंदर गहरे तक पैठ चुकी थी। प्रकृति, पर्यावरण और जीवन की रूमानी चर्चा के बीच एक जहीन महिला ने कहना शुरू किया- 'हमारे यहां लोग कितने पाखंडी हैं कि वे आत्महत्या को कायरों का काम बताते हैं। भला अपने हाथों से ही तकलीफ बर्दाश्त करने वालों को डरपोक कैसे कहा जा सकता है? इसके लिए हिम्मत चाहिए।' उनकी इस बात से मैं 'राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो' की ताजा रिपोर्ट पर सोचने को मजबूर हो गया। गये साल यानी 2021 में भारत में आत्महत्या की घटनाओं में 7.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान एक लाख 64 हजार से अधिक आत्महत्या के मामले दर्ज किये गये। 1967 से अब तक खुदकुशी की यह सबसे ऊंची दर है। आंकड़ों की गहन पड़ताल इस तर्क को बिना सिर-पैर का साबित करती है। यह सच है कि आत्मघात की थोड़ी-बहुत प्रवृत्ति हर मनुष्य में पाई जाती है। पिछले कुछ सालों में जिस तरह आचार-विचार और व्यवहार में परिवर्तन आया है, उसने इस आदिम अवगुण को काफी बढ़ावा भी दिया है। यही वजह है कि आर्थिक बदहाली के कारण अपनी जीवन-लीला समाप्त करने वाले पुरुषों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इनमें सबसे बड़ा तबका दिहाड़ी मजदूरों का है। कुल आत्महत्या करने वालों में एक चौथाई से ज्यादा इसी वर्ग से थे। यही नहीं, स्वरोजगार के जरिये खुद को भौतिक तौर पर आगे बढ़ाने के आकांक्षी लोगों में भी यह प्रवृत्ति घर कर गई है। कुल आंकड़ों में इस वर्ग के लोगों की संख्या 12.3 फीसदी है, जो चौंकाती है। हालांकि, घरेलू हिंसा और कलह सबसे बड़ी वजह के तौर पर उभर रहे हैं। क्या 'न्यूक्लियर फैमिली' के पनपते चलन से हमारी हजारों साल पुरानी और बेहद मजबूत मानी जाने वाली विवाह संस्था पर दीमक लग गया है? जिस तेजी से हमारे देश में तलाक के मामले बढ़ रहे हैं, उससे तो यही लगता है। हालात इतने विकराल हैं कि हर जनपद में परिवार न्यायालयों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। बेंगलुरु में पहले सिर्फ एक परिवार न्यायालय हुआ करता था। बढ़ते मुकदमों के कारण उन्हें बढ़ाकर तीन तक पहुंचा दिया गया, फिर भी मुकदमे अपने निस्तारण के लिए लंबी बाट जोहने को अभिशप्त हैं। तमाम समाजशास्त्री मानते हैं कि 1991 के बाद से भारत में गरीबी उन्मूलन का शानदार काम तो हुआ, पर साथ-साथ अभिलाषाओं, आकांक्षाओं और उन्हें पाने की ललक में भी बेतहाशा बढ़ोतरी हुई। कृषि व्यवस्था विशाल ग्रामीण आबादी का पेट नहीं भर सकती थी, इसीलिए लोगों को तेजी से नगरों और महानगरों में जलावतनी काटने के लिए विवश होना पड़ा। यह अनवरत तौर पर चलने वाला सिलसिला आबादी के इस विशाल तबके के 'वैल्यू सिस्टम' को उलट-पुलट कर देता है। अवसाद बढ़ने का एक बड़ा कारण यह भी है। 2020 के मध्य में अत्याधुनिक स्मार्ट तकनीक पर आधारित स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'जीओक्यूआईआई' ने अपने एक सर्वे में पाया था कि 43 फीसदी भारतीय किसी न किसी कारण से अवसाद के शिकार हैं। क्या आपको यह आंकड़ा चौंकने पर बाध्य नहीं करता? कोई आश्चर्य नहीं कि अपेक्षाकृत अमीर समझे जाने वाले प्रदेशों में अपनी जीवनलीला खुद समाप्त करने की प्रवृत्ति अधिक पाई जाती है। देश के 53 बड़े शहरों में होने वाली कुल घटनाओं का 35 प्रतिशत सिर्फ चार शहरों में दर्ज किया गया। ये शहर हैं- दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु। इन महानगरों और उनके उपनगरों में बड़ी संख्या में बाहर से आए लोग बसते हैं। उनकी अपेक्षाओं और अवसरों के बीच जब तालमेल में कमी रह जाती है, तब वे इस तरह के अतिवादी कदम उठाने पर मजबूर हो जाते हैं। यहां यह भी गौरतलब है कि देश की राजधानी में इस साल कम घटनाएं हुईं, फिर भी वह अव्वल नंबर पर है। सवाल उठता है कि क्या सिर्फ भारत में ऐसा हो रहा है? जी नहीं, दुनिया का हाल तो और भी बदहाल है। ताजा वैश्विक आंकड़े गवाह हैं कि बेल्जियम, जापान, चीन, स्वीडन, दक्षिण कोरिया और रूस जैसे संपन्न माने जाने वाले देशों में आत्महत्या करने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

- शशि शेखर

जलवायु परिवर्तन से बढ़ती मुश्किलें

संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आइपीसीसी) ने भी पाया था कि मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन प्रकृति में खतरनाक और व्यापक व्यवधान पैदा और दुनिया भर के अरबों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। पैनल ने अपनी इस साल की रिपोर्ट में कहा कि चरम मौसम की घटनाओं के चलते लाखों लोगों को गंभीर भोजन और पानी की असुरक्षा का सामना करना पड़ा है, खासकर अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिकों, छोटे द्वीपों और आर्कटिक में। ग्रीनलैंड और अंटार्कटिक में पिघलती बर्फ अगामी कुछ दशकों में इस धरती पर प्रलय का नजारा दिखा सकती है। पाकिस्तान में आई भीषण बाढ़ और चीन में भंयकर सूखा इसकी एक छोटी झांकी भर है। ग्लोबल वार्मिंग न हो तब भी यह उन इलाकों को डुबो देगी, जहां आज करोड़ों लोगों का बसेरा है। अब सब कुछ इस पर निर्भर है कि इंसान बढ़ती गर्मी को रोकने के लिए क्या कुछ कर पाता है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पृथ्वी पर सागरों के उभार का सबसे प्रमुख कारक है। आर्कटिक क्षेत्र में गर्मी धरती के बाकी क्षेत्रों की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। 'नेचर क्लाइमेट चेंज' में छपे नये अध्ययन में ग्लेशियर विज्ञानियों ने बताया है कि भविष्य में जीवाश्म ईंधन का प्रदूषण और बढ़ती गर्मी ग्रीन लैंड के बर्फ की चादर के आयतन का 3.3 फीसद पिघला देगी। नतीजतन सागर का जल स्तर 27.4 सेंटीमीटर तक बढ़ जायेगा। इससे दुनिया का नक्शा बदल जायेगा। नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्ष 2100 तक सागरों में तीन से चार फीट पानी अकेले ग्रीनलैंड में पिघलने वाली बर्फ से बढ़ सकता है। इतना पानी दुनिया के कई हिस्सों को डुबोने के लिए काफी होगा। इसका मतलब है कि फिलहाल सागर का जलस्तर बढ़ने का माडल कहीं पीछे छूट जायेगा। गर्मी और न बढ़े, तो भी तबाही आयेगी। हैरत में डालने वाले ये नतीजे भी सबसे कम नुकसान वाली स्थिति को बता रहे हैं, क्योंकि इनमें भविष्य की गर्मी के असर का हिसाब नहीं जोड़ा गया है। नेशनल जियोलाजिकल सर्वे आफ डेनमार्क ऐंड ग्रीनलैंड के प्रमुख लेखक जेसान बाक्स के अनुसार ग्रीनलैंड के आसपास की जलवायु का गर्म होना जारी रहेगा। आज दुनिया में जगह-जगह बाढ़, सूखा, जंगल की आग, कटिबंधीय क्षेत्रों में तूफान आदि की तीव्रता और आवृत्ति बढ़ने का कारण खत्म होते जंगलों और जीवाश्व ईंधन से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडल में बढ़ती मात्रा है। इसमें कोई शक नहीं कि ग्रीष्म लहर भी ग्लोबल वार्मिंग का एक प्रत्यक्ष प्रभाव है। यूरोप के ठंडे मुल्कों में रिकार्ड गर्मी के बाद, चीन भी अभूतपूर्व गर्मी और सूखे के दौर से गुजर रहा है। इन दिनों भारत और उसके आसपास के देशों में कहीं भंयकर बारिश तो कहीं कम वर्षा से सूखे का भारी संकट है। पाकिस्तान भीषण बाढ़ की चपेट में है।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पृथ्वी पर सागरों के उभार का सबसे प्रमुख कारक है। आर्कटिक क्षेत्र में गर्मी धरती के बाकी क्षेत्रों की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। 'नेचर क्लाइमेट चेंज' में छपे नये अध्ययन में ग्लेशियर विज्ञानियों ने बताया है कि भविष्य में जीवाश्म ईंधन का प्रदूषण और बढ़ती गर्मी ग्रीन लैंड के बर्फ की चादर के आयतन का 3.3 फीसद पिघला देगी। नतीजतन सागर का जल स्तर 27.4 सेंटीमीटर तक बढ़ जायेगा। इससे दुनिया का नक्शा बदल जायेगा। नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्ष 2100 तक सागरों में तीन से चार फीट पानी अकेले ग्रीनलैंड में पिघलने वाली बर्फ से बढ़ सकता है।

इस साल उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच यूरोप में प्रचंड गर्मी पड़ने की खबरें आईं। चीन इस साल भीषण गर्मी की समस्या से जूझ रहा है। बताया जा रहा है कि इस साल चीन में इकसठ सालों में सबसे भयंकर गर्मी पड़ी है। तेजी से बढ़ते तापमान को देखते हुए लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी गई है। वहां बारिश न होने की वजह से कई इलाकों में भयंकर सूखा पड़ गया है। चीन की लाइफलाइन कहलाने वाली सबसे लंबी यांग्त्जी नदी लगभग सूख चुकी है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव को लेकर विशेषज्ञों की राय है कि ग्रीष्म लहर वैश्विक ताप का सीधा और स्पष्ट पैमाना बन गया है। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (आइपीसीसी) ने भी पाया था कि मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन प्रकृति में खतरनाक और व्यापक व्यवधान पैदा कर और दुनिया भर के अरबों लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। पैनल ने अपनी इस साल की रिपोर्ट में कहा कि चरम मौसम की घटनाओं के चलते लाखों लोगों को गंभीर भोजन और पानी की असुरक्षा का सामना करना पड़ा है, खासकर अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिका में, छोटे द्वीपों और आर्कटिक में। 3.6 अरब लोग जलवायु परिवर्तन की चपेट में हैं। रिपोर्ट ने अपनी चेतावनी में यह कहते हुए जोड़ा कि दुनिया अगले दो दशकों में 1.5 डिग्री सेल्सियस की ग्लोबल वार्मिंग के साथ कई अपरिहार्य जलवायु खतरों का सामना कर रही है, जिसमें कहा गया है कि इस बढ़ते तापमान के कुछ परिणाम अपरिवर्तनीय होंगे। बढ़ी हुई ग्रीष्म लहर, सूखा और बाढ़ पहले से ही पौधों और जानवरों की सहनशीलता की सीमा से अधिक है, जिससे पेड़ों और मूंगा जैसी प्रजातियों में बड़े पैमाने पर मृत्यु दर बढ़ रही है। इससे लाखों लोगों को, विशेष रूप से अफ्रीका, एशिया, मध्य और दक्षिण अमेरिका, छोटे द्वीपों और आर्कटिक में भोजन और पानी की असुरक्षा रेखांकित हुई है। आइपीसीसी की रिपोर्ट में आग्रह किया गया है कि 'जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है, साथ ही ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में तेजी से, गहरी कटौती करनी होगी।' आइपीसीसी के अध्यक्ष होसुंग ली ने कहा है कि 'यह रिपोर्ट निष्क्रियता के परिणामों के बारे में एक गंभीर चेतावनी है। यह दर्शाता है कि जलवायु परिवर्तन हमारी भलाई और एक स्वस्थ ग्रह के लिए गंभीर और बढ़ता खतरा है। आज हमारे कार्य तय करेंगे कि लोग कैसे रहेंगे और प्रकृति बढ़ते जलवायु जोखिमों के प्रति क्या प्रतिक्रिया करेगी।' 'नेचर क्लाइमेट चेंज' में छपी रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि सागर के जलस्तर का बढ़ना अठहत्तर सेंटीमीटर तक जा सकता है। ऐसे में तटों के आसपास के निचले इलाकों का बड़ा हिस्सा डूब जायेगा, साथ ही बाढ़ और आंधियां बढ़ जाएयेगी। बाक्स और उनके साथियों ने इस बार कंप्यूटर माडल के बजाय दो दशक में लिए गए मापों और निगरानी के आंकड़ों का इस्तेमाल कर यह पता लगाने की कोशिश की कि ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पहले जो गर्मी झेल चुकी है, उसके आधार पर कितना बदलेगी। बर्फ की चादर के ऊपरी हिस्से को हर साल बर्फबारी से भर जाना होता है। हालांकि 1980 के बाद से ही यह इलाका बर्फ की कमी से जूझ रहा है। जितनी बर्फ हर साल गिरती है, उससे कहीं ज्यादा पिघल जा रही है। बाक्स का कहना है कि शोधकर्ताओं ने जिस सिद्धांत का इस्तेमाल किया उसे आल्प्स के ग्लेशियरों में हुए बदलाव की व्याख्या करने के लिए तैयार किया गया था। इससे जाहिर है कि अगर ग्लेशियर पर ज्यादा बर्फ जमा होगी तो निचले हिस्से का विस्तार होगा। ग्रीनलैंड के मामले में कम हुई बर्फ के कारण निचला हिस्सा सिकुड़ रहा है, क्योंकि ग्लेशियर नई परिस्थितियों के हिसाब से खुद को संतुलित करते हैं। आइपीसीसी के एक और विशेषज्ञ गेरहार्ड क्रिनर का कहना है कि जो जानकारी मिली है वह समुद्री जलस्तर के बारे में ज्यादा जटिल मॉडलों से कुल मिला कर मिली जानकारी से मेल खाती है। हालांकि वे इस पर सवाल जरूर उठाते हैं कि यह सब कुछ क्या इसी शताब्दी में हो जायेगा। क्रिनर के अनुसार यह काम हमें ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पर लंबे समय यानी कई सदी में होने वाले असर का आकलन देता है, लेकिन इस शताब्दी में होने वाले कम से कम असर का नहीं। दुनिया औद्योगिक काल के पहले की तुलना में औसत रूप से 1.2 डिग्री सेल्सियस गर्म हो चुकी है। इसके नतीजे में लू और ज्यादा तेज आंधियों का सिलसिला बढ़ गया है। पेरिस जलवायु समझौते के तहत दुनिया के देश गर्मी को दो डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने पर सहमत हुए हैं। आइपीसीसी ने अपनी रिपोर्ट में बढ़ती गर्मी का जलवायु पर पड़ने वाले असर के बारे में कहा है कि अगर गर्मी में इजाफे को दो से ढ़ाई डिग्री तक पर भी सीमित कर लिया जाए तो इसी सदी में पच्चीस मेगासिटी के निचले इलाके इसकी चपेट में आएंगे। इन जगहों पर 2010 तक 1.3 अरब लोग रहते थे।

■ निरंकार सिंह

क्या अब रूस लगा रहा पश्चिम पर पाबंदियां

जब रूस ने फरवरी में यूक्रेन पर हमला बोला, तब अमेरिका और उसके नैटो सहयोगियों ने उस पर कड़े प्रतिबंध लगाये। उन्होंने अपने यहां रूस के विदेशी मुद्रा भंडार को फ्रीज कर दिया। यानी रूस का जो पैसा उनके यहां के बैंकों व संस्थानों में रखा था, उसे निकालने पर रोक लगा दी गई। रूस को अंतरराष्ट्रीय पेमेंट सिस्टम स्विफ्ट से भी बाहर कर दिया गया। इन पाबंदियों का मकसद रूस से तेल, गैस, कृषि उत्पादों और पैलेडियम का निर्यात कम करना था। **बाजी रूस के हाथ** आर्थिक जानकारों ने कहा था कि इन पाबंदियों से रूस के जीडीपी में 15 फीसदी तक की गिरावट आयेगी, जिससे वह तबाह हो जायेगा। लेकिन आज हालात बिल्कुल उलट हैं। अब तो रूस नैटो पर पाबंदियां लगा रहा है और उसने सदस्य देशों को गैस की सप्लाई घटा दी है। इससे यूरोपीय देशों को अप्रत्याशित ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ रहा है। गैस और बिजली की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण यूरोपीय देश अपने नागरिकों को भारी सब्सिडी देने पर मजबूर हुए हैं। उनकी इकॉनमी गहरी मंदी में चली गई है। इससे सरकारी खर्च का हिसाब-किताब गड़बड़ा जायेगा। यूरोप और ब्रिटेन के लिए आने वाला वक्त बहुत मुश्किल रहने वाला है। यूक्रेन युद्ध की वजह से एलएनजी की बढ़ी कीमतों की मार जापान, चीन, भारत सहित इसका आयात करने वाले सभी देशों पर पड़ी है, जिससे मायूसी बढ़ रही है। हां, रूस के कंस्यूमर्स पर इन सबका असर नहीं पड़ा है। इसमें कोई शक नहीं है कि पश्चिमी देशों की पाबंदियों से रूस की इकॉनमी को झटका लगा है, लेकिन यह कोई बड़ा झटका नहीं है। यह भी लग रहा है कि मंदी में जा चुके नैटो के सदस्य देशों की तुलना में रूस इससे कहीं कम प्रभावित होगा। पश्चिमी देशों ने रूस पर पाबंदी यह सोचकर लगाई थी कि इससे वह तेल और गैस का निर्यात नहीं कर पायेगा। लेकिन जल्द ही पता चल गया कि रूस के तेल और गैस पर यूरोप की निर्भरता इतनी अधिक है कि वह तुरंत इसकी सप्लाई नहीं रोक सकता। अब वह इस साल के अंत तक रूस से इनकी खरीदारी रोकने की बात कर रहा है। नैटो को इसका अंदाजा भी नहीं था कि दर्जनों देश यूक्रेन युद्ध को लेकर निष्पक्ष रवैया अपनायेंगे और वे रूस की आलोचना के लिए संयुक्त राष्ट्र में लाये गये प्रस्तावों पर उसका साथ नहीं देंगे। लेकिन यहां तो यूरोप भी रूस से तेल और गैस खरीदने पर मजबूर हुआ। इसलिए पश्चिमी देशों के लिए भारत जैसे देशों को लेकर सख्त रवैया अपनाना मुश्किल हो गया, जिन्होंने रूस से कम कीमत पर तेल खरीदने का फैसला किया। इस बाजार में कई ऐसी इकाइयां सक्रिय हैं, जो ईरान, नॉर्थ कोरिया और वेनेजुएला को अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने में अरसे से मदद करती आई हैं। यही इकाइयां अब रूस को बड़े पैमाने पर तेल बेचने में मदद कर रही हैं। इस बीच, प्रतिबंधों की वजह से ब्रेंट क्रूड की कीमत 80 डॉलर से बढ़कर 130 डॉलर तक पहुंचने के बाद अब गिरकर 95 डॉलर प्रति बैरल के करीब चल रही है। तब से कई देशों की मुद्राओं की तुलना में डॉलर करीब 20 फीसदी मजबूत हुआ है। इसलिए तेल का आयात करने वाले देशों को इसकी कहीं अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। इससे रूस को छोड़कर दुनिया भर के कंस्यूमर्स प्रभावित हुए हैं और उन देशों में मंदी की आहट सुनाई देने लगी है। जहां तक प्राकृतिक गैस की बात है, इसकी तेजी ने सबको हैरान कर रखा है। यूरोप की निर्भरता रूसी गैस पर काफी अधिक है। यूक्रेन युद्ध के बाद जब प्रतिबंध लगाये गये, तब इसके असर के बारे में बहुत सोचा नहीं गया। नैटो ने तब नॉर्डस्ट्रीम 2 पाइपलाइन का कंस्ट्रक्शन बंद करने का भी एलान किया। इस पाइपलाइन के जरिये बाल्टिक सागर होते हुए रूस से गैस जर्मनी पहुंचनी थी। लेकिन नॉर्डस्ट्रीम 1 से जो गैस आ रही थी, उस पर भी यूरोप की काफी निर्भरता थी। आर्थिक प्रतिबंध लगाये जाने के बाद से रूस इस पाइपलाइन से गैस की सप्लाई कई बार रोक चुका है।

पश्चिमी देशों ने रूस पर पाबंदी यह सोचकर लगाई थी कि इससे वह तेल और गैस का निर्यात नहीं कर पायेगा। लेकिन जल्द ही पता चल गया कि रूस के तेल और गैस पर यूरोप की निर्भरता इतनी अधिक है कि वह तुरंत इसकी सप्लाई नहीं रोक सकता। अब वह इस साल के अंत तक रूस से इनकी खरीदारी रोकने की बात कर रहा है। नैटो को इसका अंदाजा भी नहीं था कि दर्जनों देश यूक्रेन युद्ध को लेकर निष्पक्ष रवैया अपनायेंगे और वे रूस की आलोचना के लिए संयुक्त राष्ट्र में लाये गये प्रस्तावों पर उसका साथ नहीं देंगे।

■ स्वामीनाथन एस अंकलेसरिया अय्यर

है न विचित्र बात !

जिंपिंग जपांग लाल

एक थे जे.जे.लाल। जे.जे. का वैसे तो मतलब जग जीत था, लेकिन जिस हिसाब से उन्होंने दल बदलें है, लोग उन्हें जंपिंग जपांग लाल पुकारते थे। जंपिंग जपांग लाल नेता क्या बने हर चार पैर वाली चीज उन्हें कुर्सी ही नजर आने लगी। नाम के अनुरूप इस दल से उस दल और उस दल से इस दल में गुलाटी मारकर राजनीति के ओलंपिक्स में नए कीर्तिमान स्थापित किये। उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र के सरकस में मतदाता रूपी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। फलस्वरूप उन्हें मंत्री पद मिला। उनके लिए दुनिया की सबसे प्यारी चीज कुर्सी है। कभी कभी तो उनकी कुदृष्टि बच्चों की स्टूल पर भी पड़ जाती। उनका दृढ़ विश्वास था बैठने के लिए चीज चाहे जैसी भी हो उसे छोड़ना नहीं चाहिए। वह क्या है न कि सत्ता के खेल में एक बार उठने वाला हमेशा के लिए उठ जाता है। वे हमेशा सबसे कहते फिरते, आप चाहे तो हमारी जान माँग लीजिये लेकिन कुर्सी हरगिज नहीं। इस तरह पानी की तरह अपना चरित्र रखने वाले जंपिंग जपांग लाल अलग-अलग सत्ता रूपी बर्तनों के अनुरूप अपना आकार ढाल लेते। ढालने और गुलाटियों के चलते उनकी रीढ़ की हड्डी कब की लुप्त हो चुकी थी। एक दिन जंपिंग जपांग लाल सरकारी बंग्ले के अहाते में बैठे सुस्ता रहे थे। उनकी नजर एक बंदर पर पड़ी। वह बंदर इस घर से उस घर गुलाटी मारते हुए, कुछ देर सुस्ताते हुए इनके बंग्ले पर पहुँचा। कमाल की बात यह है कि बंदर जंपिंग जपांग लाल को देखते ही उड़न छू हो गया। उन्हें बंदर की यह हरकत पसंद नहीं आयी। बगल में खड़ी पत्नी उन्हें देखकर जोर-जोर से हँसने लगी। झल्लाए जंपिंग जपांग लाल ने हँसने का कारण पूछा तो पत्नी ने कहा, बंदर अपने बाप को देखकर नौ दो ग्यारह हो गया। जंपिंग जपांग लाल थोड़ा भड़के। कहा, तुम्हारी हँसी छूट रही है। तुम्हें पता भी यहाँ पहुँचने के लिए हमने कितनी गुलाटियाँ मारी हैं? इतना कहने पर भी पत्नी की हँसी नहीं रुक रही थी। वह और हँसने लगी। जंपिंग जपांग लाल ने पति का कवच उठा फेंका। नेताई ताव में कहा, झूठ को सच की तरह और सच को झूठ की तरह पेश करना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। जोड़नेवाले लोगों को तोड़कर और तोड़नेवाले लोगों को जोड़कर साथ चलना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। सपने दिखाकर बकरों को और घोड़ा बताकर गधों को रिझाना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। चुनाव से पहले लोगों के पैरों पर और चुनाव के बाद सिर पर चढ़ना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। बिना योग्यता के बुद्धिजीवियों को और पूरब के बजाय पश्चिम से सूरज उगाना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। पाँच साल कुछ न करना और फिर खिखियाते हुए बेशर्मों की तरह लोगों का सामना करना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। थूके को चाटना और मूते को पवित्र जल समझकर खुद पर छिड़कना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। बात-बात पर अपमानित और कदम-कदम पर चप्पल-जूते से सम्मानित होना पड़ता है, तब कोई यहाँ तक पहुँच पाता है। तुम्हारी तरह बत्तीसी दिखाकर खी-खी हँसने लगूँ तुम गाँव में चौका-बेलन और मैं बैलों को चराता फिरता। यह सब सुन पत्नी वहाँ से रफू चक्कर हो गयी थी।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

2024 चुनावों के लिए बिसात अभी से बिछ गई

2024 आम चुनाव के अभी डेढ़ साल बाकी हैं। इतने वक्त में देश की सियासत कई करवटें ले सकती है। लेकिन चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष अभी से अपने-अपने हिसाब से सियासी पिच तैयार करने में जुट गये हैं। अपनी मजबूती और कमजोरी को देखते हुए दोनों खेमे आम चुनाव का अजेंडा सेट करने की भी कोशिश में हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने हालिया भाषण और रुख से साफ संदेश दे दिया है कि 2024 में गवर्नेंस और करप्शन के खिलाफ जंग को मुद्दा बनाकर अपने लिए तीसरा कार्यकाल मांगेंगे। वहीं, कांग्रेस ने भारत जोड़ो अभियान व दिल्ली में रैली करके यह संकेत दिया है कि वह महंगाई-बेरोजगारी को 2024 चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बनायेगी। ऐसे में अगले कुछ महीनों तक दोनों पक्षों की ओर से अपने अनुरूप नैरेटिव सेट करने की तमाम कोशिशें दिखेंगी। इनकी वजह से सियासी तापमान और बढ़ सकता है। एक ओर विपक्षी एकता की नये सिरे से शुरू की गई कोशिशों के बीच करप्शन के मसले को केंद्र में लाने की पहल खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। बिहार में नीतीश कुमार के पाला बदलने और उनकी विपक्षी दलों को एक करने के प्रयासों के बीच मोदी ने इसे करप्शन के खिलाफ गठबंधन बता डाला। पिछले दिनों केरल में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैंने 15 अगस्त को लाल किले से एलान किया था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का समय आ गया है। हम देख रहे हैं कि जैसे ही हमने भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की, राष्ट्रीय स्तर पर एक नया राजनीतिक ध्रुवीकरण शुरू हो गया। इन भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए कई राजनीतिक गुट खुलेआम एक-दूसरे के साथ आकर एकता दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।' **विपक्षी गठबंधन पर साधा निशाना :** यह नीतीश सहित तमाम विपक्षी दलों पर हाल के दिनों में सबसे बड़ा और सीधा प्रहार था। इसमें 2024 के लिए अजेंडा सेट करने का संदेश भी था। दरअसल, 2014 से लेकर अब तक पीएम मोदी के नेतृत्व में करप्शन और परिवारवाद को हमेशा बड़ा मुद्दा बनाया गया। 2014 में मोदी सरकार को करप्शन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की उम्मीद पर बड़ा बहुमत भी मिला था। हालांकि बाद में सरकार पर आरोप लगे कि इस मोर्चे पर वैसी कार्रवाई नहीं हुई, जैसी अपेक्षा थी। उलटे विजय माल्या, नीरव मोदी जैसे वित्तीय फ्रॉड करने वाले जब देश छोड1कर भाग गये तो सरकार की फजीहत ही हुई। साथ ही 2019 में राहुल गांधी की अगुवाई में राफेल डील में घोटाले का आरोप लगाकर पीएम मोदी को उनके ही मजबूत किले में घेरने की असफल कोशिश भी हुई। बीजेपी और मोदी इसे अपना सबसे मजबूत पक्ष मानते हैं कि उनकी सरकार में करप्शन के कोई गंभीर आरोप नहीं लगे। 2019 में बड़ी जीत के बाद फिर पीएम ने 2024 में आजमाए फॉर्म्युले से ही आगे बढ़ने की जमीन तैयार कर दी। इस साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिये उनके भाषण को भी इसी संदर्भ में देखना होगा। उन्होंने करप्ट नेताओं के महिमामंडन की प्रवृत्ति पर चिंता जताई। पीमोदी ने संकेत दिया कि विपक्षी हमले के बीच वह करप्शन पर अपने स्टैंड को नहीं बदलेंगे और अगले आम चुनाव में भी इसे बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश करेंगे। करप्शन के आरोप में सजा पाए नेताओं को जनता पसंद न करे, इसकी भी मांग कर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की गई। दरअसल, पीएम मोदी ने लाल किले से करप्शन पर तब सख्त तेवर दिखाये, जब विपक्षी दलों ने जांच एजेंसियों पर राजनीतिक अजेंडा के हिसाब से कार्रवाई करने का आरोप लगाया और इस पर खूब राजनीति की। पिछले कुछ महीनों में करप्शन को लेकर जांच के दायरे में विपक्ष के कई नेता आए हैं। विपक्ष का कहना है कि उनके नेताओं पर दबाव बनाने के लिए इस तरह की कार्रवाई हो रही है। पिछले दिनों एक न्यूज एजेंसी को दिये इंटरव्यू में केंद्रीय एजेंसी के दुरुपयोग के विपक्ष के आरोप पर पीएम मोदी ने कहा था कि हिंदुस्तान में हमेशा चुनाव चलता रहता है तो क्या सरकार और उसकी एजेंसियां काम ना करें? **विपक्ष को जनता पर भरोसा :** वहीं विपक्ष को लगता है कि बीजेपी का दांव इस बार सही नहीं लगने वाला। उसका तर्क है कि हाल में जिस तरह एकतरफा कार्रवाई हुई है उससे न सिर्फ बीजेपी की, बल्कि जांच एजेंसियों की भी विश्वसनीयता पूरी तरह समाप्त हो गई है। अब विपक्षी दल जांच एजेंसियों पर सीधा हमला कर रहे हैं। एक वर्ग का मानना है कि जांच एजेंसियों ने एक के बाद एक लगातार विपक्षी दलों पर हमला कर इस नैरेटिव को बनाने में विपक्ष की मदद भी कर दी। लगभग सभी विपक्षी दल जांच एजेंसियों के खिलाफ एकजुट हो गये हैं। ईडी को मिले असीमित अधिकार को जब सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया तो लगभग सभी दलों ने इसके खिलाफ अपील करने की बात की और उनकी अपील को स्वीकार भी किया गया। विपक्ष का कहना है कि मोदी सरकार के आठ वर्षों में जांच एजेंसियां अपनी कार्रवाई को कोर्ट में सही साबित करने में पूरी तरह विफल रहीं। विपक्षी दलों का यह भी तर्क है कि आम लोगों के सामने महंगाई और बेरोजगारी बड़ी समस्या है। अगर वे इन मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे, तो न सिर्फ लोगों का साथ मिलेगा, बल्कि करप्शन के नाम पर होने वाली कार्रवाई से उन्हें लोगों की सहानुभूति मिलेगी। वे एनडीए सरकार की करप्शन पर बेदाग छवि पर भी सवाल उठाते हैं। विपक्ष लोगों के बीच संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि चंद बड़े उद्योगपतियों को हर संसाधन सरकार के संरक्षण में दिलाना भी एक बड़ा करप्शन है। वे इसे 2024 में बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश में हैं। जाहिर है, विपक्ष के सवाल तीखे हैं तो पीएम की बातें भी धारदार हैं। अगले कुछ दिनों में संकेत मिलने लगेगा कि किसके नैरेटिव को अधिक सफलता मिल रही है। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

2014 में मोदी सरकार को करप्शन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की उम्मीद पर बड़ा बहुमत भी मिला था। हालांकि बाद में सरकार पर आरोप लगे कि इस मोर्चे पर वैसी कार्रवाई नहीं हुई, जैसी अपेक्षा थी। उलटे विजय माल्या, नीरव मोदी जैसे वित्तीय फ्रॉड करने वाले जब देश छोड1कर भाग गये तो सरकार की फजीहत ही हुई। साथ ही 2019 में राहुल गांधी की अगुवाई में राफेल डील में घोटाले का आरोप लगाकर पीएम मोदी को उनके ही मजबूत किले में घेरने की असफल कोशिश भी हुई। बीजेपी और मोदी इसे अपना सबसे मजबूत पक्ष मानते हैं कि उनकी सरकार में करप्शन के कोई गंभीर आरोप नहीं लगे।

■ नरेंद्र नाथ

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नंबर :** 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, **फोन नंबर :** 0651-2283384, **फैक्स नंबर :** 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

न्यूज गैलरी

गृह मंत्री अमित शाह से बिहार को कई उम्मीदें : तेजस्वी यादव

पटना (एजेंसी)। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पिछले तीन दिनों से लगातार एक्शन में हैं। इस बीच वे दिल्ली जा पहुंचे हैं। उन्होंने वहां शनिवार को भाजपा पर जमकर हमला किया। तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार ने जो पहल किया है अब उसका प्रभाव दिख रहा है। विपक्षी पार्टियां एक साथ आ रही हैं। अब 2019 वाली गलती दोबारा नहीं होगी। एक बार जो गलती हुई, उसका खामियाजा पूरा देश भुगत रहा है। देश की अर्थव्यवस्था पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा है कि आज देश की जो हालत हो गई है, वह जनता देख रही है। काम की बात करने की जगह बेकार की बात ज्यादा होती हैं। जिन मुद्दों पर बात होनी चाहिए उसे नजर अंदाज किया जाता है। अमित शाह के पटना दौरे पर तेजस्वी यादव ने कहा कि गृह मंत्री पटना आ रहे हैं तो बहुत अच्छी बात है। मैं चाहूंगा कि वो बिहार के लिए कुछ अच्छा करें। उनके बिहार आने पर तो मैं उनसे कई उम्मीद कर रहा हूं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली से पटना लौटने के बाद उप मुख्यमंत्री भी दिल्ली रवाना हो गए। तेजस्वी के दिल्ली दौरे को भी राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि मैं यहां सियासी कारणों से नहीं बल्कि निजी काम से आया हूं।

शासक के कानून पर अंततः भारी पड़ेगा कानून का शासन : शुभेंदु



कोलकाता (एजेंसी)। कानून का शासन अंततः शासक के कानून पर भारी पड़ेगा। शनिवार को विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने ट्विटर के जरिये राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि मेरे अथक परिश्रम से जिस जिले में टीएमसी ने पैर जमाया, वहां राजनीतिक झंडा फहराया, अब 'बुआ भतीजा सरकार' (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी) मेरे खिलाफ अधिक से अधिक झूठे मामले दर्ज करने के लिये साजिशें कर रही है। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा है कि राज्य में सीआईडी का असली चेहरा सामने आ चुका है। सीआईडी पर कटाक्ष करते हुए शुभेंदु ने लिखा कि जिन मामलों की तत्काल जांच होनी चाहिये उनकी उपेक्षा कर आप लोग आम लोगों को परेशान करने में समय व संशाधन नष्ट कर आगे बढ़ते जाइये। शुभेंदु ने सीधे मुख्यंमंत्री ममता बनर्जी को चुनौती देते हुए लिखा कि वह मेरे खिलाफ अपना अशुभ कार्यकलाप जारी रखें। कानून का शासन अंततः शासक के कानून पर भारी पड़ेगा।

बस और ट्रेलर की भिडंत में एक व्यक्ति की मौत, 10 लोग घायल

बिलासपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के कोनी थाना क्षेत्र में रतनपुर मार्ग पर एक निजी बस और ट्रेलर की आमने सामने की भिडंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि कल देर रात कोनी थाना क्षेत्र में बिलासपुर-रतनपुर राजमार्ग पर सेंदरी वायपास के पास यात्रियों से भरी बस और कोयला लोड ट्रेलर के बीच जोरदार भिडंत हो गई। हादसे में ट्रेलर के अनियंत्रित होकर ट्रेलर पलट जाने से ट्रेलर चालक की मौत हो गई और 10 बस यात्री लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें से तीन लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। हादसे के समय ट्रेलर कोयला लेकर बेलमुंडी जा रहा था, जबकि बस कोरबा की ओर जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अनियंत्रित कार की चपेट में आकर पिता-पुत्र सहित तीन घायल

मुरादाबाद (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर स्कूटर सवार पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज सुबह सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में स्थित पीएमएस स्कूल के सामने तेज रफ्तार एक अनियंत्रित कार ने स्कूल जाते समय स्कूटर सवार पिता-पुत्र समेत तीन लोगों को रौंद दिया, जिससे दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के दौरान राहगीरों ने कार चालक को पकड लिया, हादसे के बाद मे मौके पर पहुंची पुलिस को उसे सौंप दिया। प्रत्यदर्शियों ने बताया कि कटघर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुरी निवासी पंकज अरोड़ा अपने बेटे प्रिंस लक्षित जो कि पीएम एस स्कूल का छात्र है शनिवार सुबह को लगभग साढे छह बजे स्कूटर से स्कूल छोड़े के लिए जा रहे थे । इसी दौरान अचानक एक तेज गति से अनियंत्रित कार ने स्कूटर मे टक्कर मार दी,जिससे पिता-पुत्र कार की चपेट में आ गये साथ ही वहीं से गुजर रहा एक अन्य छात्र कृतार्थ अरोड़ा भी कार से टकराने से घायल हो गया। इस तरह दो छात्र व एक अभिभावक को गंभीर चोटें आई हैं। कार में सवार चालक समेत दो लोगों को भीड ने मारपीट कर पुलिस को सौंप दिया। अभिभावक की तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई जारी है। कार व चालक दोनों पुलिस के कब्जे में हैं।

भाजपा ने अनुपम को बिहार के सह प्रभारी पद से हटाया

कोलकाता (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी ने बंगाल भाजपा के बहुचर्चित नेता और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम हाजरा को पार्टी की बिहार प्रदेश इकाई के सह प्रभारी पद से हटा दिया है। सूत्रों के मुताबिक बंगाल प्रदेश भाजपा को लेकर अनियंत्रित बयानबाजी को चलते यह कदम उठाया गया है। वह लंबे समय से बिहार भाजपा के सह प्रभारी थे। हालांकि वह बिहार में राजनीतिक मुद्दों को लेकर बहुत अधिक सक्रिय नहीं रहते थे ना ही बिहार भाजपा नेतृत्व से उनका संपर्क बहुत अच्छा था। इसके इतर बंगाल में भाजपा नेतृत्व की कार्यशैली के खिलाफ लगातार सोशल मीडिया और मेनस्ट्रीम मीडिया में वह खुलेआम टिप्पणी कर रहे थे। इसे लेकर कई बार प्रदेश भाजपा को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा था। दरअसल मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के बाहुबली और विवादित नेता अणुव्रत मंडल की गिरफ्तारी के बाद अनुपम हाजरा ने उस मुद्दे को लेकर राज्य भर में लोगों के बीच जाने में प्रदेश भाजपा को विफल बताया था। इसके अलावा मंडल की गिरफ्तारी के बाद बीरभूम जिला भाजपा नेतृत्व की उत्साह हीनता पर भी उन्होंने सवाल खड़ा किया था।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधि व्यवस्था की उच्चस्तरीय बैठक की, कहा

अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही न बरतें

पटना (एजेंसी)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को विधि व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। गंभीर आपराधिक घटनाओं पर की गई कार्रवाई के संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय प्रेस को प्रतिदिन अवगत कराएं। सोशल मीडिया पर भी इसके संबंध में जानकारी दें।

सीएम ने कहा कि घटना की पूरी जानकारी, उस पर की जा रही कार्रवाई, घटना के विभिन्न पहलुओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दें ताकि लोगों को सही जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी थानों में लैंडलाइन फोन फंक्शनल रहे, इसके लिए मुख्यालय स्तर से निरंतर अनुश्रवण करते रहें। अपराध अनुसंधान कार्य में तेजी लाएं और इसे ससमय पूर्ण करें ताकि दोषियों पर जल्द कार्रवाई हो सके। गश्ती व्यवस्था को और सुदृढ़ करें। इसकी निरंतर निगरानी भी करते रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन से संबंधित आपसी विवाद को खत्म करने के लिए महीने में एक बार जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, 15 दिनों में एक बार एसडीओ और एसडीपीओ तथा सप्ताह में एक दिन अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष की नियमित रूप से होनेवाली बैठकों में समस्याओं का त्वरित निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि 60 प्रतिशत से अधिक हत्याएं भूमि विवाद के कारण होती हैं। लैंड सर्वे एंड सेटलमेंट का काम तेजी से हो ताकि भूमि विवाद को लेकर होनेवाले अपराध में कमी आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय मानक के अनुरूप प्रति एक लाख की आबादी पर पुलिसकर्मियों की स्वीकृत पदों की संख्या में बढ़ोतरी करने के लिए तेजी से काम करें। उन्होंने कहा कि स्पीडी ट्रायल में तेजी लाएं। अपराध अनुसंधान कार्य को समय पर पूर्ण करें। बैठक में पुलिस महानिदेशक एसके सिंघल ने मुख्यमंत्री को अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ लगातार काम कर रही है। अपराध अनुसंधान के कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं ताकि दोषियों को शीघ्र सजा मिल सके। बैठक में पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय जेएस गंगवार ने बताया कि पुलिस बल में महिलाओं को आरक्षण दिए जाने के बाद राज्य में महिला पुलिस और महिला दारोगा की संख्या लगातार बढ़ रही है और उनकी पदस्थापना पुलिस थानों में की जा रही है। इसकी सराहना राज्य के बाहर भी हो रही है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों की स्वीकृत पदों की संख्या में बढ़ोतरी के बाद प्रति लाख की आबादी पर पुलिसकर्मियों की संख्या 192 के करीब हो जाएगी जबकि राष्ट्रीय मानक 193.95 है।

बिहार में अगले महीने 224 नगर निकायों के लिए होंगे मतदान, चुनाव आयोग ने की घोषणा

पटना (एजेंसी)। बिहार में अगले महीने दो चरणों में 10 और 20 अक्टूबर को निकाय चुनाव होंगे। राज्य चुनाव आयोग ने यह घोषणा की है। आयोग ने कहा है कि राज्य भर में 224 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के लिए चुनाव होंगे। पहले चरण की मतगणना 12 अक्टूबर को, जबकि दूसरे चरण की मतगणना 22 अक्टूबर को होगी। चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, पटना सहित सभी 17 नगर निगमों में दूसरे चरण में 20 अक्टूबर को मतदान होगा। दोनों चरणों में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। पहले चरण के लिए 21 सितंबर तक नामांकन किए जा सकते हैं और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 24 सितंबर है, जबकि दूसरे चरण के लिए नामांकन 26 सितंबर तक होगा और 29 सितंबर तक नाम वापस लिए जा सकते हैं।

अधिसूचना के अनुसार, "10 अक्टूबर को होने वाले चुनाव के लिए उम्मीदवारों को 25 सितंबर को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे, जबकि दूसरे चरण के लिए 30 सितंबर को चुनाव चिह्न का आवंटन किया जाएगा। शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का इस्तेमाल किया जाएगा।" जिन नगर निकायों में मतदान हो रहा है, उनमें 44 नगर परिषद और 95 नगर पंचायत हैं। इनमें कुल 1,14,52,759 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिनमें लगभग 60,17,882 पुरुष और 54,34,455 महिला मतदाता हैं।

प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पं. गोविंद बल्लभ पंत की 135वीं जयंती पर सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री व देश के पूर्व गृहमंत्री भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत की 135 वीं जयंती पर लोक भवन परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वाधीनता आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और आजादी के बाद उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने। प्रदेश की तरक्की के लिए उन्होंने विकास का मॉडल देने का प्रयास किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, स्वतंत्र भारत के उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री भारत के पूर्व गृहमंत्री पं.गोविंद बल्लभ पंत की 135वीं जयंती पर मैं भारत माता के महान सपूत को समाज और राष्ट्र के लिए किए गए उनके योगदान के लिए स्मरण करते हुए प्रदेशवासियों की तरफ से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उनकी कर्मठता, उनकी राष्ट्र निष्ठा व संगठन क्षमता को ध्यान में रखकर उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री पद का दायित्व दिया गया। वह स्वतंत्र भारत के उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने फिर उन्होंने गृहमंत्री के रूप में देश व प्रदेश की सेवा की। उन्होंने उत्तर प्रदेश को उस समय आगे बढ़ने के लिए जो विकास का मॉडल देने का प्रयास किया था, उनके इस कृतित्व के लिए मैं उन्हें हृदय से नमन करता हूं।

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय का अनोखा कारनामा

राज्यपाल को बना दिया परीक्षार्थी एडमिट कार्ड हो रहा वायरल

दरभंगा (एजेंसी)। बिहार के दरभंगा जिले से हैरतअंगेज कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने राज्यपाल फागू चौहान को ही अपना परीक्षार्थी बना दिया। स्नातक (थर्ड पार्ट) के एडमिट कार्ड पर फागु चौहान की तस्वीर लगाते हुए उसे जारी भी कर दिया। वहीं अब यह एडमिट कार्ड सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर एडमिट कार्ड की तस्वीर डालते हुए एक विद्यार्थी ने कहा कि मैंने अपनी तस्वीर डाली थी, लेकिन इस पर राज्यपाल फागू चौहान की तस्वीर डाल दी गई। वहीं इस मामले में यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डाक्टर मुश्ताक अहमद ने यूनिवर्सिटी की गलती स्वीकार करते हुए कहा कि छात्र फार्म खुद भरते है तो छात्र भी ऐसा काम कर सकते है या फिर साइबर कैफे वालों की बदमाशी हो सकती है, जिससे विश्वविद्यालय की बदनामी हो। मुश्ताक अहमद ने कहा कि जिस भी परीक्षार्थी का यह एडमिट कार्ड है, उसे नोटिस भेजकर कर बुलाया जाएगा। वहीं जांच के बाद जिसकी भी गलती सामने आएगी, उसके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सहारनपुर में दर्दनाक हादसा

करंट लगने से तीन मजदूरों की मौत, एक की हालत गंभीर

सहारनपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के एक गांव में शनिवार को एक किसान के खेत पर पेड़ काटने आये तीन मजदूरों की हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर करंट लगने से मौत हो गई जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। घायलों को उपचार के लिए पी जी आई चंडीगढ़ भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने को बताया कि शनिवार को रामपुर मनिहारान थाने के तहत आने वाले मदनुकी गांव में एक किसान ने अपने खेत में लगे पेड़ों को कटवाने के लिए मजदूर बुलाए थे तथा गंगोह क्षेत्र के फतेहपुर ढोला निवासी सद्दाम (32), नौशाद (30), और अजय अपने साथी मजदूरों के साथ पेड़ काटने आये थे। राय ने बताया कि जब ये तीनों पेड काटने लगे तभी पास से गुजर रही विद्युत लाइन की चपेट में आकर करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गयी जबकि इनका एक साथी आरिफ (29) गम्भीर रूप से झुलस गया। हादसे की जानकारी मिलते ही रामपुर मनिहारान थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मजदूर आरिफ को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे इलाज के लिए पी जी आई चंडीगढ़ में भर्ती कराने के लिए कहा गया है।

जब्त शराब की बोतलों से चूड़ियां बनाने के लिए महिलाओं को दिया जाएगा कोष

पटना (एजेंसी)। शराबबंदी वाले राज्य बिहार में ग्रामीण महिलाओं को कचरे को घटाने और आजीविका प्रदान करने के प्रयास में जब्त शराब की बोतलों से कांच की चूड़ियां बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार के मद्य निषेध विभाग ने ग्रामीण आजीविका कार्यक्रम 'जीविका' से जुड़ी महिलाओं के साथ चूड़ी निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए एक करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। मद्य निषेध एवं आबकारी मंत्री सुनील कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि राज्य में हर साल बड़ी मात्रा में शराब जब्त की जाती है और जब्त की गई बोतलों को निपटाने में अधिकारियों को अक्सर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, जब्त शराब की बोतलों को अर्थमूवर्स का इस्तेमाल करके कुचल दिया जाता है जिसके परिणामस्वरूप भारी कचरा जमा हो जाता है। इस पहल के अंतर्गत विभाग अब कांच की चूड़ियों के निर्माण के लिए जीविका श्रमिकों को कच्चे माल के रूप में नष्ट की जा चुकी बोतलें प्रदान करेगा। जीविका श्रमिकों के एक समूह को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कांच की चूड़ियां बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। मंत्री ने कहा, कार्यक्रम के आगे विस्तार के लिए एक व्यापक व्यवहार्यता रिपोर्ट बनाई जा रही है। शुरूआत में, विनिर्माण इकाइयों की संख्या सीमित होगी, लेकिन आगामी महीनों में इसकी संख्या बढ़ाई जाएगी। ये इकाइयां कुटीर उद्योग की तरह काम करेंगी। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुरूआत में कितनी विनिर्माण इकाइयां स्थापित की जाएंगी इसकी योजना तैयार की जा रही है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि विश्व बैंक की सहायता से लागू जीविका योजना का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन है। उन्होंने कहा, योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों, विशेषकर महिलाओं के लिए अधिक रोजगार पैदा करना है। जीविका कामगार पहले से ही एलईडी ट्यूब लाइट और बल्ब के निर्माण में लगी हुई हैं, और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं। कुमार ने कहा कि उनका विभाग चूड़ी निर्माण पहल पर मद्य निषेध विभाग के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा, ह्यद्यदोनों विभागों के अधिकारी संयुक्त रूप से पहल के लिए व्यापक योजना तैयार कर रहे हैं। इस परियोजना के पटना से शुरू होने की संभावना है। बिहार ने अप्रैल 2016 में शराब पर प्रतिबंध लगाते हुए इसके भंडारण, परिवहन, बिक्री, खपत और निर्माण को दंडनीय अपराध बना दिया था। पुलिस के मुताबिक, इस साल जनवरी से मई के बीच राज्य ने 13.87 लाख लीटर से ज्यादा शराब जब्त की है। इस दौरान कुल 8.15 लाख लीटर भारत निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) और 5.72 लाख लीटर देशी शराब बरामद कर नष्ट कर दी गई, जबकि शराबबंदी के उल्लंघन के 36,120 मामले दर्ज किए गए। इसमें अधिकांश शराब पटना (1.36 लाख लीटर), वैशाली (89,944 लीटर), समस्तीपुर (75,688 लीटर), सारण (75,294 लीटर) और औरंगाबाद (69,327 लीटर) से बरामद की गई।

पूरे साल उपेक्षित रहने वाले कौवों को पितृ पक्ष में मिलता है खास आदर, कौवों को निवाला देना शुभ

सनातन धर्म में मान्यता, कौए को भोजन कराना अपने पितरों तक भोजन पहुंचाने के समान

वाराणसी (एजेंसी)। सनातन धर्म में हर जीव का खास स्थान है। पूरे साल उपेक्षित रहने वाले कौवों को पितृ पक्ष में खास आदर मिलता है। पितृ पक्ष में कौवे को निवाला देने के बाद पितर भी संतुष्ट होते हैं। पितृ पक्ष के 15 दिनों तक माना जाता है कि पूर्वजों की आत्मा पृथ्वी लोक में अपने वंशजों के घर के आसपास कौवों के रूप में ही आती है। अनादि विमल तीर्थ पिशाचमोचन कुंड के कर्मकांडी प्रदीप पांडेय बताते हैं कि पितृ पक्ष के दौरान अगर घर के आंगन में कौवा आकर बैठ जाए तो यह शुभ संकेत माना जाता है। कौवा अगर आपका दिया हुआ भोजन कर ले तो यह बहुत शुभ होता है। यह इस बात का प्रतीक है कि आपके पूर्वज प्रसन्न हैं। पितृ पक्ष में कौवे को 15 दिन तक भोजन करवाना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। कौवों के भोजन कराए बिना श्राद्ध और तर्पण अधूरा ही रह जाता है। प्रदीप पांडेय बताते हैं कि यदि कौआ उस भोजन के अंश को ग्रहण कर लेता है तो आपके पितर तृप्त हो जाते हैं। कहा जाता है कि कौआ के द्वारा खाया गया भोजन सीधे पितरों को प्राप्त होता है। एक पौराणिक कथा है कि त्रेतायुग में इंद्र देव के पुत्र जयंत ने कौआ का भगवान राम देख रहे थे। उहोंने एक तिनका चलाया तो वह जयंत रूपी कौआ की एक आंख में जाकर लग गया। इससे उसकी एक आंख खराब हो गई। इसके बाद कौआ ने भगवान राम से अपनी गलती के लिए माफी मांगी और क्षमा याचना करने लगा। इस पर भगवान प्रसन्न हुए और उसे आशीर्वाद दिया कि पितृ पक्ष में कौआ को दिया गया भोजन का अंश पितृ लोक में निवास करने वाले पितर देवों को प्राप्त हो। इस वजह से कौआ को भोजन दिया जाता है। गरुड़ पुराण में लिखा है कौवा यमराज का संदेश वाहक है। पितृपक्ष के दौरान लोग अपने पूर्वजों को याद करते हैं। पूजन अनुष्ठान करते हैं और अन्न जल का भोग कौए के माध्यम से लगाते हैं। कौआ यम का यानी यमराज का प्रतीक होता है। कौए को भोजन कराना अपने पितरों तक भोजन पहुंचाने के समान है। कौवे का आना घर के आंगन में आना और भोजन ग्रहण करना शुभ माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार यमराज ने कौए को वरदान दिया था कि तुम्हें दिया गया भोजन पूर्वजों की आत्मा को शांति देगा। तब से ही यह प्रथा चली आ रही है। श्राद्ध पक्ष में कौवे को खाना खिलाने से यमलोक में पितर देवताओं को शांति का अनुभव होता है। श्राद्ध के बाद जितना जरूरी ब्राह्मण भोज होता है उतना ही जरूरी कौए को भोजन कराना भी होता है। शास्त्रों में कौए एवं पीपल को पितृ प्रतीक माना जाता है।

पितरों के प्रति श्रद्धा समर्पण का पितृपक्ष शुरू, गंगा किनारे उमड़ी भीड़

बेगूसराय (एजेंसी)। दिवंगत पूर्वजों के प्रति श्रद्धा समर्पण और उनके मोक्ष की कामना के लिए पितृपक्ष शनिवार को अगस्तमुनि को जल देने के साथ ही शुरू हो गया। अब अगले 15 दिनों तक लोग अपने पूर्वजों को प्रत्येक दिन प्रातः बेला में जल देने के साथ मृत्यु तिथि के अनुसार विशेष पिंडदान करेंगे। पितृ पक्ष को लेकर कुछ लोग जहां पिंडदान करने दुनिया के चर्चित मोक्ष स्थली गया गए हैं। वहीं, अधिकतर लोग अपने-अपने घर पर ही पुरोहित के माध्यम से पूर्वजों को जल अर्पण कर रहे हैं। इसकी शुरूआत को लेकर पितृपक्ष महालया के अवसर पर शनिवार को गंगा किनारे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने पूर्वजों के मोक्ष की कामना को लेकर गंगा स्नान किया तथा गंगाजल लेकर घर गए हैं, इसी जल से प्रत्येक दिन तर्पण करेंगे। पुरोहितों के अनुसार पितृलोक भी अदृश्य जगत का हिस्सा है और अपनी सक्रियता के लिये दृश्य जगत के श्राद्ध पर निर्भर है। सनातन धर्मग्रंथों के अनुसार श्राद्धपक्ष के सोलह दिनों में लोग अपने पितरों को जल देते हैं तथा उनकी मृत्युतिथि पर श्राद्ध करते हैं। ऐसी मान्यता है कि पितरों का ऋण श्राद्ध द्वारा चुकाया जाता है। वर्ष के किसी भी माह तथा तिथि में स्वर्गवासी हुए पितरों के लिए पितृपक्ष की उसी तिथि को श्राद्ध किया जाता है। पूर्णिमा पर देहांत होने से भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा को श्राद्ध करने का विधान है, इसी दिन से महालय (श्राद्ध) का प्रारंभ भी माना जाता है। श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धा से जो कुछ दिया जाए। पितृपक्ष में श्राद्ध करने से पितृगण वर्ष भर तक प्रसन्न रहते हैं।

स्व.रामफल मंडल स्मृत दिवस व मेधा सम्मान कार्यक्रम में जुटे जदयू के कद्दावर नेतागण

मधुबनी (एजेंसी)। जिला के झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में शनिवार को जदयू नेताओं की वृहत मंच आयोजित किया गया।जदयू राष्ट्रीय स्तर के नेतागण कार्यक्रम की आगाज किया। समाजवादी चिंतक स्व रामफल मंडल राष्ट्रीय पुरस्कार सह मेधा सम्मान वितरण समारोह बताया गया। पूर्व राज्यपाल धनिक लाल मंडल के नाम पर बेलहा गांव में बनाए गए वाटिका भवन में कार्यक्रम की शुरूआत शनिवार दोपहर में किया गया। कार्यक्रम में जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, वरीय नेता उपेंद्र कुशवाहा, मंत्री संजय कुमार झा, शीला मंडल,सांसद आरपी मंडल सहित विधायकों ने हिस्सा लिया। समाजवादी चिंतक रामफल मंडल को अमर शहीद की उपाधि के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह सह मेधा सम्मान कार्यक्रम की शुरूआत नेताओं द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। मंच पर जिला के जदयू कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देखी गई। जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कामत व इंजीनियर शैलेंद्र मंडल मंच पर विराजमान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेंद्र मंडल ने की। जबकि कार्यक्रम की उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने किया। संसदीय दल नेता पूर्व मंत्री उपेंद्र कुशवाहा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यकताओं को संबोधित किया। जदयू विधायक सुधांशु शेखर मीना कामत व क्षेत्रीय सांसद रामप्रीत मंडल मंच पर विराजमान देखे गए। कार्यक्रम में स्व रामफल मंडल के व्यक्तित्व- कृतित्व की दुहाई सहित कुछ राजनीतिक बातों की चर्चा की गई। पंडाल के बाहर टीईटी पास अभ्यर्थियों द्वारा अपनी मांग समर्थन के पक्ष में बैनर के साथ मौन प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर गौर करने पर देखा गया कि जदयू के वरीय नेताओं व कार्यकर्ताओं का निजी आयोजन है। राजनीतिक सलाहकार द्वारा खासकर परिवहन मंत्री शीला कुमारी मंडल का व्यक्तिगत व निजी पारिवारिक कार्यक्रम बताया गया। कारण मंच पर राजद के किसी भी जनप्रतिनिधि को नहीं देखा गया। जबकि भारत भूषण मंडल यहां के क्षेत्रीय विधायक लौकही विधानसभा क्षेत्र से हैं।

न्यूज गैलरी

युवराज संधू ने जम्मू-कश्मीर ओपन में चार शॉट की मजबूत बढ़त बनायी

जम्मू (एजेंसी)। युवराज सिंह संधू यहां जम्मू-कश्मीर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में सात-अंडर 65 के शानदार स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गये। टूर्नामेंट के अब तक के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ उन्होंने चार-शॉट की बढ़त हासिल कर अपना दबदबा बनाया। पीजीटीआई में तीन बार के विजेता चंडीगढ़ के संधू (69-70-65) का तीसरे दिन के खेल के बाद कुल स्कोर 12-अंडर 204 था। उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी खलिन जोशी (70-68-70) का स्कोर आठ अंडर 208 है। हैदराबाद के मोहम्मद अजहर (70) और गुरुग्राम के वीर अहलावत (72) दो अंडर 214 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। प्रमुख खिलाड़ियों में मनु गंडास दो ओवर 218 के स्कोर के साथ नौवें, राशिद खान चार ओवर 220 के स्कोर के साथ 14वें, उदयन माने छह ओवर 222 के स्कोर के साथ 23वें और मौजूदा चैम्पियन हनी बैसोया आठ ओवर 224 के स्कोर के साथ 30वें स्थान पर हैं।

डूरंड कप : सेमीफाइनल में पहुंची मोहम्मडन स्पोर्टिंग

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता की दिग्गज टीम मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने शुक्रवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल में केरल ब्लास्टर्स की युवा और प्रतिभाशाली टीम को 3-0 से हरा दिया। मोहम्मडन स्पोर्टिंग की ओर से नाइजीरिया के दौदा (59वें और 84वें मिनट) ने दो गोल किए जबकि एसके फैयाज (17वें मिनट) ने पहले हाफ में एक गोल दागा। स्पोर्टिंग की टीम इस मैच में फसलू और अभिषेक हलदर जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के बिना उतरी थी जो चोटों और निलंबन के कारण बाहर हैं। स्पोर्टिंग की टीम ने हालांकि शुरू से ही दबदबा बनाया और आसान जीत के साथ अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रही।

अमनदीप द्राल स्विस ओपन में संयुक्त तीसरे स्थान पर

होल्जहौसर्न/स्विट्जरलैंड (एजेंसी)। भारतीय गोल्फर अमनदीप द्राल ने महिलाओं के यूरोपीय टूर में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्विस लेडीज ओपन के पहले दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला। अमनदीप अभी संयुक्त तीसरे स्थान पर है। वह संयुक्त बढ़त हासिल करनेवाली क्रिस्टीन वुल्फ और लिन ग्रांट से दो शॉट पीछे हैं। अमनदीप ने जहां शानदार खेल का नजारा पेश किया, वहीं भारत की अन्य खिलाड़ी सामान्य प्रदर्शन नहीं कर पायी। दीक्षा डागर और वाणी कपूर ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला और वे संयुक्त 26वें स्थान पर हैं। त्वेसा मलिक ने इवन पार 72 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 50वें स्थान पर हैं। रिदिमा दिलावरी और नेहा त्रिपाठी ने पहले दौर का खेल पूरा नहीं किया था।

एशिया कप : आज आमने-सामने होंगे श्रीलंका-पाकिस्तान

दुबई (एजेंसी)। एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में शुक्रवार को श्रीलंका ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रन बनाए थे। श्रीलंका ने 18 गेंद पहले ही टारगेट हासिल कर लिया। हालांकि, पाकिस्तान पहले ही एशिया कप के फाइनल में पहुंच चुका है। फाइनल में भी रविवार को श्रीलंका और पाकिस्तान की टीमें ही आमने-सामने होंगी। इधर, शुक्रवार को श्रीलंका की पारी के दौरान पाकिस्तानी विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान और फील्ड अंपायर ने एक ऐसा काम कर दिया, जिसके बाद बाबर आजम को यह कहना पड़ा कि टीम का कप्तान मैं हूं। पूरा वाकया कैमरे में कैद हो गया। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। दरअसल, श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर के दौरान गेंदबाजी का जिम्मा हसन अली संभाल रहे थे। ओवर की दूसरी गेंद पर श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने स्कूप शॉट मारने की कोशिश की, पर गेंद उनके बल्ले पर नहीं आई और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान

के ग्लव्स में चली गई। रिजवान को लगा कि गेंद बल्ले का बाहरी किनारा से लगकर उनके हाथों में आई है। इसके बाद उन्होंने अपील की, लेकिन फील्ड अंपायर अनिल चौधरी ने शनाका को नॉट आउट करार दिया। इसके बाद रिजवान ने तुरंत डीआरएस लेने का इशारा कर दिया, चौधरी ने भी लगे हाथ इसे मंजूर कर लिया। रिजवान के कहने पर डीआरएस मंजूर करने पर बाउंड्री लाइन पर फील्डिंग कर रहे कप्तान बाबर आजम तुरंत फील्ड अंपायर के पास पहुंचे। उन्होंने कहा- मैं कप्तान हूं। मेरे बिना कहे आपने डीआरएस को कैसे मंजूर कर लिया। नियम के मुताबिक कप्तान के ग्रीन सिग्नल के बाद ही फील्ड अंपायर डीआरएस को मंजूर करता है। यहां भारतीय अंपायर ने रिजवान के कहने पर ही फैसला ले लिया था।

इंडिया को चाहिए धोनी-युवराज जैसे पावर हिटिंग खिलाड़ी

दुबई (एजेंसी)। 13 फरवरी 2006 का दिन। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान के बीच सीरीज का तीसरा वनडे मैच खेला जा रहा था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम ने 50 ओवर में 288 रन बना दिए। शोएब मलिक ने शानदार 108 रनों की पारी खेली। जवाब में टीम इंडिया के 5 विकेट 190 रन तक गिर गए। भारतीय फैंस की उम्मीदों को तब करारा झटका लगा जब सचिन तेंदुलकर 95 रन बनाकर आउट हो गए। उनके अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं कर पाया था। ऐसा लगा टीम इंडिया ये मुकाबला हार जाएगी, लेकिन उस दिन भारत के दो ऐसे सुपरस्टार्स का उदय हुआ, जिन्होंने आने वाले दिनों में भारत को अनगिनत मैचों में जीत दिलाई। ये खिलाड़ी थे महेंद्र सिंह धोनी और युवराज सिंह। दोनों के बीच 102 रन की साझेदारी हुई और भारत ने 47.4 ओवर में 292 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। धोनी ने सिर्फ 46 बॉल पर 72 रन की धमाकेदार पारी खेली। वहीं, युवराज के बल्ले से 79 रन निकले। ये दोनों खिलाड़ी फिनिशर के साथ-साथ मल्टी-टैलेंटेड भी थे। इन दोनों के संन्यास लेने के बाद टीम इंडिया बड़े टूर्नामेंट में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। 2013 के बाद हम कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद एशिया कप से भी टीम इंडिया बाहर हो गयी। अगर हमें अक्टूबर में वर्ल्ड कप जीतना है तो ऐसे ही खिलाड़ियों की जरूरत है।

दलीप ट्रॉफी : वेस्ट जोन की ओर से पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेल रहे जायसवाल

यशस्वी जायसवाल ने दलीप ट्रॉफी में जड़ा दोहरा शतक

चेन्नई (एजेंसी)। यशस्वी जायसवाल ने अहम मौकों पर बड़ी पारियां खेलने का क्रम जारी रखा है। दलीप ट्रॉफी के तहत वेस्ट जोन की ओर से पहला क्वार्टरफाइनल मुकाबला खेल रहे जायसवाल ने दोहरा शतक जड़ दिया है। जायसवाल ने इससे पहले रणजी ट्रॉफी के अहम मुकाबलों में भी शानदार प्रदर्शन किया था। रिकॉर्ड देखें तो उन्होंने, रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में शतक, सेमीफाइनल में दो बार शतक तो फाइनल में अर्धशतक जड़ा था। अब दलीप ट्रॉफी में शतक लगाकर उन्होंने अपना रिकॉर्ड और अच्छा कर लिया है। मैच की बात करें तो अजिंक्य रहाणे और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक से पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ

पहली पारी में दो विकेट पर 590 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने भी शतक जड़ा। शुक्रवार को बारिश के कारण सिर्फ 25 ओवर का खेल हो पाया था लेकिन आज साफ मौसम का पूरा फायदा उठाते हुए पश्चिम क्षेत्र ने 98 ओवर में 474 रन बटोरे। दिन का खेल खत्म होने पर रहाणे 264 गेंद में 18 चौकों और 6 छक्कों से नाबाद 207 रन बनाकर खेल रहे थे। राहुल त्रिपाठी 25 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। जायसवाल ने 228 जबकि पृथ्वी ने 113 रन की पारी खेली। पश्चिम क्षेत्र की टीम बिना विकेट खोए 116 रन से आगे खेलने उतरी। पृथ्वी ने 61 जबकि जायसवाल ने 55 रन से पारी को आगे बढ़ाया। पृथ्वी ने अधिक आक्रामक रुख अपनाया और जायसवाल के साथ मिलकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने इस दौरान शतक भी पूरा किया। पृथ्वी हालांकि शतक पूरा करने के बाद जल्द ही अंकुर मलिक की गेंद पर विकेटकीपर आशीष थापा को कैच दे बैठे जिससे जायसवाल के साथ उनकी 206 रन की साझेदारी का अंत हुआ। उन्होंने 121 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके और 5 छक्के मारे।

अजिंक्य रहाणे ने ठोकी टीम इंडिया के लिए दावेदारी, दलीप ट्रॉफी में बनाया दोहरा शतक

भारतीय क्रिकेटर अजिंकय रहाणे ने दलीप ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाकर टीम इंडिया में वापसी के लिए दावेदारी ठोक दी है। चेन्नई के चिंदबरम स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में रहाणे ने वेस्ट जोन की ओर से खेलते हुए महज 251 गेंदों पर ही 17 चौके और छह छक्कों की मदद से अपना दोहरा शतक पूरा कर लिया। रहाणे की इस दौरान स्ट्राइक रेट 79 रही। यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका 37वां शतक है। वह 12 हजार रन भी पूरे कर चुके हैं। दलीप ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे पहले क्वार्टरफाइनल के तहत वेस्ट जोन और नॉर्थ जोन आमने-सामने हैं। वेस्ट जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रहाणे के शतक लगाने तक दो विकेट के नुकसान पर 580 रन बना लिये हैं। वेस्ट जोन की शुरुआत काफी अच्छी रही थी। पहले दिन बारिश के कारण खेल प्रभावित हुआ था जिसके कारण पृथ्वी शॉ और यशस्वी जायसवाल ने 25 ओवरों में 116 रन स्कोरबोर्ड पर टांग दिये थे। दूसरे दिन खेलने आये पृथ्वी ने अपना शतक पूरा किया। उन्हें अंकुर ने आशीष थापा के हाथों कैच आऊट करवाया।

एशिया कप : आसिफ और फरीद पर लगा जुर्माना, मैच के दौरान हुई थी झड़प

दुबई (एजेंसी)। पाकिस्तान के बल्लेबाज आसिफ अली और अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फरीद अहमद पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आचार संहिता के लेवल-एक के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बुधवार को खेले गये एशिया कप मैच में दोनों के बीच झड़प हो गई थी। फरीद ने दूसरी पारी के 19वें ओवर में आसिफ को आउट करने के बाद उनके बहुद करीब जाकर विकेट लेने की खुशी जाहिर की। जवाब में आसिफ ने फरीद को धक्का दिया जिसके बाद अन्य खिलाड़ियों ने बीच-बचाव कराया। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि आसिफ ने खिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.6 का उल्लंघन किया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अश्लील, आक्रामक या अपमानजनक इशारे का उपयोग करने से संबंधित है, जबकि फरीद ने अनुच्छेद 2.1.12 का उल्लंघन किया था, जो कि एक अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान एक खिलाड़ी, खिलाड़ी समर्थन कर्मी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (एक दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी गलती कबूल कर ली है और मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया। पाकिस्तान ने 20वें ओवर की पहली दो गेंदों पर नसीम शाह के दो छक्कों की बदौलत एक नाटकीय अंदाज में एक विकेट से मुकाबला जीत लिया था, जिसके बाद दर्शकों के बीच भी मारपीट देखी गयी।

नीरज चोपड़ा को लगी चोट, राष्ट्रीय खेलों में भाग लेना मुश्किल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के निर्देश के बावजूद चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का लंबे अंतर्राष्ट्रीय सत्र और कमर में चोट के कारण आगामी राष्ट्रीय खेलों में भाग लेना मुश्किल है। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा ने गुरुवार को ज्यूरिख में प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल का खिताब जीत कर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। वह इस खिताब को जीतनेवाले पहले भारतीय बने। इसके एक दिन बाद उनसे 29 सितम्बर से 12 अक्टूबर तक गुजरात के विभिन्न शहरों में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के बारे में पूछा गया। चोपड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय खेल करीब आ रहे हैं। मैं अभी कमर की चोट से उबर रहा हूं। मैं एक या दो सप्ताह तक प्रशिक्षण नहीं ले पाऊंगा। इसलिए मैं मुख्य रूप से अगले साल पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। आईओए ने देश के शीर्ष एथलीटों के लिए खेलों में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है, जिससे कई खिलाड़ियों को अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम में

बदलाव करना पड़ सकता है। आईओए का निर्देश गृह मंत्री अमित शाह द्वारा खेलों के शुभंकर और राष्ट्रगान के लॉन्च के बाद आया है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह अब तक के सबसे बड़े और भव्य राष्ट्रीय खेल होंगे। राष्ट्रीय खेलों का आयोजन सात साल के लंबे अंतराल पर होगा। इस चोट के कारण चोपड़ा अमेरिका में हुए विश्व चैम्पियन में रजत पदक जीतने के बाद इस साल जुलाई-अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में भाग नहीं ले पाये थे। उन्होंने हालांकि एक महीने के बाद 26 अगस्त को डायमंड लीग सीरीज के लुसाने चरण को जीतकर यहां फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और इसके विजेता बनकर अंतर्राष्ट्रीय सत्र को शानदार तरीके से खत्म किया। वह डायमंड लीग मीट में स्वर्ण जीतनेवाले पहले भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने लुसाने में 89.08 मीटर के थ्रो से अपने करियर के तीसरे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ यह खिताब जीता था। ज्यूरिख में चोपड़ा ने फाउल से शुरूआत की लेकिन अपने दूसरे प्रयास में 88.44 मीटर भाला फेंक कर वह शीर्ष पर पहुंच गए। यह उनके करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है जो आखिर में उन्हें स्वर्ण पदक दिला गया। उन्होंने अपने अगले चार प्रयास में 88.00 मीटर, 86.11 मीटर, 87.00 मीटर और 83.60 मीटर भाला फेंका।

ऑस्ट्रेलिया की वनडे कप्तानी छोड़ेंगे आरोन फिंच

केयर्न्स (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने कहा है कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होनेवाले तीसरे और अंतिम वनडे मैच के बाद एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। 35 वर्षीय फिंच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने जून में श्रीलंका के खिलाफ वनडे में 62 रन बनाने के बाद केवल 3.7 रन प्रति पारी की औसत से रन बनाये हैं। इनमें से तीन पारियों में वह खाता खोलने में भी नाकाम रहे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को जारी बयान में कहा की फिंच टी-20 में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान बने रहेंगे और टीम उनकी अगुवाई में ही अक्टूबर-नवम्बर में होनेवाले टी-20 विश्व कप में भाग लेगी। अपने करियर में कुल 145 वनडे खेलने वाले फिंच ने कहा कि यह शानदार सफर रहा जिसमें कुछ बहुत अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं। मैं भाग्यशाली रहा जो मैं एक बेहतरीन वनडे टीम का हिस्सा रहा। उन्होंने कहा कि अब समय नये कप्तान को जिम्मेदारी सौंपने का है ताकि वह टीम को अगले विश्वकप के लिए तैयार कर सके। मैं उन सभी का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस सफर में मेरी मदद की। क्रिकेट जगत के सबसे विस्फोटक सलामी बल्लेबाजों में से एक फिंच ने वनडे में 5401 रन बनाये और उनका औसत लगभग 40 रन प्रति पारी रहा। उन्होंने इस प्रारूप में 17 शतक भी जमाये। उन्होंने 54 मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की। फिंच के इस फैसले के बाद ऑस्ट्रेलिया को अगले साल भारत में होनेवाले विश्वकप से पूर्व नया कप्तान तलाशना होगा।

हॉकी कोच ग्राहम रीड बोले- विश्व कप में स्पेन देगी कड़ी टक्कर

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा कि एफआईएच विश्व कप में भारत के पूल में स्पेन की मौजूदगी से लीग चरण ही चुनौतीपूर्ण बन गया है। विश्व में पांचवें नंबर की भारतीय टीम को अगले साल 13 से 29 जनवरी के बीच भुवनेश्वर और राउरकेला में होनेवाले विश्वकप में इंग्लैंड (विश्व में नंबर छह), स्पेन (विश्व में नंबर आठ) और वेल्स के साथ पूल डी में रखा गया है। भारत ने इस साल राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने के अपने अभियान के दौरान इंग्लैंड को 4-4 से ड्रॉ पर रोका था जबकि वेल्स को 4-1 से हराया था। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार रीड ने कहा- एफआईएच हॉकी विश्व कप और ओलंपिक के पूल चरण के मैच हमेशा मुश्किल होते हैं। वहां प्रत्येक टीम जीत के लिए आती है। हमने हाल में

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में इंग्लैंड और वेल्स का सामना किया था और यह मैच काफी कड़े रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पिछले 12 महीनों में लगातार सुधार कर रहे स्पेन की मौजूदगी से पहले दौर के मैच काफी कड़े हो जायेंगे। रीड ने कहा- इंग्लैंड विश्वस्तरीय टीम है और अभी वह बहुत अच्छी हॉकी खेल रही है। लेकिन हम भी अच्छा खेल दिखा रहे हैं तथा विश्वकप में खेल के उस क्षण में बने रहना और खेल के प्रत्येक पहलू पर ध्यान देना महत्वपूर्ण होगा। विश्व कप से पहले भारत 30 अक्टूबर से छह नवंबर के बीच कलिंग स्टेडियम में स्पेन के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के मैच खेलेगा। भारत भुवनेश्वर में 2018 में खेले गये पिछले विश्वकप में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया था, लेकिन रीड को इस बार इस रिकॉर्ड में सुधार की उम्मीद है। रीड ने कहा कि यह टीम चार साल पहले खेलनेवाली टीम से पूरी तरह भिन्न है तथा इसको अलग तरह का अनुभव हासिल है। हम विश्वकप को अपने दर्शकों के सामने खेलने के लिए तैयार हैं। विश्व कप में पूल ए में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका को जबकि पूल बी में मौजूदा विश्व चैम्पियन बेल्जियम, जर्मनी, दक्षिण कोरिया और जापान को रखा गया है। नीदरलैंड, चिली, मलेशिया और न्यूजीलैंड पूल सी में हैं।

न्यूज गैलरी

विदेशी मुद्रा भंडार 7.9 अरब डॉलर घटकर 553.1 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 02 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 7.9 अरब डॉलर गिरकर लगातार पांचवें सप्ताह गिरता हुआ 553.1 अरब डॉलर पर आ गया। इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार तीन अरब डॉलर घटकर लगातार चौथे सप्ताह गिरता हुआ 561.05 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 02 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.53 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 492.12 अरब डॉलर रह गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार भी 1.34 अरब डॉलर घटकर 38.3 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर पांच करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 17.8 अरब डॉलर पर रहा। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 2.4 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 4.9 अरब डॉलर पर आ गई।

अमेजॅन बिजनेस का 12 से 18 सितंबर तक लघु बिजनेस सप्ताह

नयी दिल्ली। भारत में परिचालन के पांच वर्ष पूर्ण होने के मौके पर अमेजॅन बिजनेस ने भारत में 12 से 18 सितंबर तक अपने छोटे कारोबारी ग्राहकों के लिए सप्ताह भर चलने वाले लघु बिजनेस सप्ताह के शुभारंभ की भी घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि इस साल भारत में एमएसएमई को सशक्त बनाने के अपने पांच साल पूरे कर लिए हैं और उन्हें उनके बिजनेस को अधिक कुशलता से चलाने में मदद की। छोटे और मझोले बिजनेस को सशक्त बनाने के पांच साल पूरे होने के मौके पर 'स्मॉल बिजनेस वीक' शॉपिंग इवेंट के दौरान आईटी प्रोडक्ट, ऑफिस सप्लाई व फर्निशिंग, मैंटेनेंस, रिपेयर एवं ऑपरेशन्स प्रोडक्ट, सेफ्टी इक्विपमेंट और अन्य पर ऑफर पेश किए गये हैं। कंपनी के निदेशक सुचित सुभाष ने कहा, भारत में अपने कारोबार के बीते पांच वर्षों में अपने ग्राहको और एमएसएमई सेलिंग पार्टनरों से मिले समर्थन के लिए हम उनका आभार प्रकट करते हैं। हम बिजनेस ग्राहकों की ओर से इनोवेशन को जारी रखेंगे और उन्हें सशक्त बनाने और उनके बिजनेस को अधिक कुशलता से चलाने के लिए नए प्रोडक्ट पेश करेंगे। हम भारत में अपनी पांचवीं वर्षगांठ मनाने के लिए ग्राहकों और विक्रता साझेदारों के साथ टॉप ब्रांडों की विभिन्न कैटेगरी के प्रोडक्टों की रेंज से चुने गए प्रोडक्टों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई डील्स और ऑफर के साथ जश्न मनाने जा रहे हैं।

पीएलआई के तहत वृहद इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण के लिए 53.28 करोड़ रुपये आवंटन को मंजूरी

नयी दिल्ली। आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों के विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गयी पीएलआई योजना के तहत उच्चधिकार समिति ने वृहद इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए 53.28 करोड़ रुपये वितरित करने को आज मंजूरी प्रदान कर दी। समिति की आज हुयी बैठक में यह मंजूरी दी गयी। यह राशि पेडगेट इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड को दी जायेगी। यह डिक्सन टेक्नालॉजीज का ईकाई है। पीएलआई के तहत यह पहली राशि स्वीकृत की गयी है। सरकार ने कुल 38645 करोड़ रुपये की यह योजना बनायी है जिसमें मोबाइल फोन के लिए 15 हजार करोड़ रुपये या इससे अधिक की पांच वैश्विक कंपनियां, पांच घरेलू कंपनियां और छह विशेष इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण करने वाली कुल 16 कंपनियां शामिल है। सरकार की इस योजना के बल पर 2025-26 तक देश में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के 300 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है।

तीन माह की राहत के बाद फिर बढ़ सकती है महंगाई सर्वे में दावा, आपूर्ति प्रभावित

बेंगलूरु (एजेंसी)। खुदरा महंगाई में तीन महीने से जारी नरमी का सिलसिला अगस्त में थम सकता है। रॉयटर्स के सर्वे में कहा गया है कि खाद्य कीमतें बढ़ने की वजह से अगस्त में खुदरा महंगाई की दर एक बार फिर 6.9 फीसदी के स्तर पर पहुंच सकती है। जुलाई में खुदरा महंगाई दर 6.71 फीसदी थी। सर्वे में शामिल 45 अर्थशास्त्रियों ने खुदरा महंगाई के 6.3 फीसदी से लेकर 7.37 फीसदी तक रहने का अनुमान जताया है। इनमें एक चौथाई का मानना है कि अगस्त में महंगाई दर 7 फीसदी से ऊपर पहुंच जाएगी। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अगस्त में खाद्य कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला है। बढ़ती गर्मी से आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिससे अनाज, दालों और सब्जियों की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला। आरबीआई नीतिगत ब्याज दरों को लेकर अपनी मौद्रिक समीक्षा में खुदरा महंगाई के आंकड़ों पर नजर रखता है। आशंका है कि अगर महंगाई अनुमान से तेज बढ़ती है तो केंद्रीय बैंक दरों को लेकर और सख्त रुख अपना सकता है। सरकार अगस्त के लिए खुदरा महंगाई के आंकड़े 12 सितंबर को जारी कर सकती है। महंगाई पर काबू पाने के लिए आरबीआई इस साल मई से लेकर अब तक नीतिगत ब्याज दरों में 1.4 फीसदी की बढ़ोतरी कर चुका है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि महंगाई दर स्थिर रहने पर त्योहारी सीजन को देखते हुए आरबीआई नरम रुख भी अपना सकता है। अक्तूबर का महीना त्योहारी सीजन का महीना है और कई कंपनियों की अधिकांश कमाई इस सीजन पर ही टिकी है। ब्याज दरें बढ़ने पर धारणा प्रभावित हो सकती है।

> आशंका है कि अगर महंगाई अनुमान से तेज बढ़ती है तो केंद्रीय बैंक दरों को लेकर और सख्त रुख अपना सकता है। सरकार अगस्त के लिए खुदरा महंगाई के आंकड़े 12 सितंबर को जारी कर सकती है।

ऑनलाइन बिक्री को आसान बनाने के लिए ई-कॉमर्स टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन

नयी दिल्ली (एजेंसी)। ओएनडीसी के मुख्य बिजनेस अधिकारी शिरीष जोशी ने आज कहा कि वर्तमान समय में ई-कॉमर्स तभी संभव है जब कोई शुरू से लेकर अंत तक की प्रक्रिया को आपस में जोड़ता है और जब खरीदार एवं विक्रेता दोनों एक ही प्लेटफॉर्म पर रजिस्टर होते हैं। यूनी कॉमर्स द्वारा आयोजित सरल सम्मेलन में 1000 से ज्यादा रिटेलर ब्रांड अपने द्वारा अपनायी जा रही प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया गया। सरल नाम से आयोजित इस सम्मेलन में ई-कॉमर्स उद्योग की वृद्धि को बढ़ावा देने में टेक्नोलॉजी की भूमिका का जश्न मनाया गया। ओएनडीसी के चीफ बिजनेस ऑफिसर श्री जोशी कहा हमने ओएनडीसी को एक फ्लेक्सिबल कैपेबिलिटी के तौर पर बनाया है जिसके कई तत्व साथ मिलकर एक-दूसरे से इंटरैक्ट करते हैं। ओएनडीसी के साथ, ई-कॉमर्स एक निश्चित पूर्व-परिभाषित समाधान एक फ्लेक्सिबल सिस्टम में बदल जाएगी, जहां खरीदार और विक्रेता अपनी जरूरत के आधार पर जुड़ सकेंगे। यूपीआइ का इस्तेमाल कर जिस तरह पेमेंट किए जाते हैं जहां दो पक्ष एक-दूसरे के साथ एक एकीकृत नेटवर्क पर लेकिन अलग-अलग बैंकिंग चैनलों के जरिए लेनदेन करते हैं, ओएनडीसी भी ईकॉमर्स कंपनियों एवं विक्रेताओं को ज्यादा संख्या में खरीदारों तक पहुंचने में सशक्त बनाएगा। यूनी कॉमर्स हर साल ऑनलाइन बिक्री को आसान बनाने के उद्देश्य से सरल का आयोजन करती है।

> ■ यूनी कॉमर्स हर साल ऑनलाइन बिक्री को आसान बनाने के उद्देश्य से सरल का आयोजन करती है।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



नयी दिल्ली (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों के 90 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बने रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई कमी नहीं की जा रही है और इसके दाम आज भी स्थिर रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सप्ताहांत पर लंदन ब्रेंट बढ़त के साथ 92.84 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 3.06 प्रतिशत बढ़कर 86.10 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन करने वाली कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर यथावत है। पिछले दो महीने से अधिक समय से तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर हैं। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे:

महानगर	पेट्रोल	डीजल
दिल्ली	96.72	89.62
मुंबई	106.31	94.27
कोलकाता	106.03	92.76
चेन्नई	102.63	94.24

(रुपए प्रति लीटर)

बाजार में अगले हफ्ते कमाई का मौका, खुलेगा हर्षा इंजीनियर्स का आईपीओ

नई दिल्ली। अगर आप शेयर बाजार के माध्यम से बेहतरीन कमाई करना चाहते हैं तो बहुत जल्द ही शेयर बाजार में बीयरिंग कैजेस बनाने वाली कंपनी हर्षा इंजीनियर का आईपीओ आने वाला है और आईपीओ के जरिए शेयर बाजार में जल्द ही लिस्ट हो जाएगी। हर्षा इंजीनियर इंटरनेशनल ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया है कि क्ढड के जरिए कंपनी 755 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। इसके साथ ही कंपनी ने आईपीओ के तहत 314-330 रुपए के बीच प्राइस बैंड भी फिक्स कर दिया है। बता दें कि हर्षा इंजीनियर आईपीओ में पैसा लगाने के लिए आपको कुछ ही दिनों का इंतजार पड़ेगी। 755 करोड़ रुपए के इस पब्लिक इश्यू में 455 करोड़ रुपए के इक्विटी शेयरों का ताजा इश्यू और मौजूदा शेयरधारकों की ओर से 300 करोड़ रुपए तक का ऑफर फॉर सेल भी शामिल किया गया है।

सेमीकंडटर आपूर्ति में सुधार से यात्री वाहनों की बिक्री अगस्त में 21 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। सेमीकंडकर की आपूर्ति में सुधार और त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने के चलते अगस्त महीने में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री सालाना आधार पर 21 फीसदी बढ़ गई है। वाहन बनाने वाली कंपनियों के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। सियाम ने विगत शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि अगस्त महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 21 फीसदी बढ़ गई। डीलरों को 2,81,210 यात्री वाहनों की आपूर्ति की गई थी, जबकि अगस्त 2021 में यह आंकड़ा 2,32,224 इकाई था। यात्री कारों की थोक बिक्री पिछले महीने 23 फीसदी बढ़कर 1,33,477 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 1,08,508 इकाई रही थी। आंकड़ों के मुताबिक उपयोगिता वाहनों की आपूर्ति अगस्त महीने में 20 फीसदी बढ़कर 1,35,497 इकाई पर पहुंच गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1,12,863 इकाई थी रही। इसी तरह पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 16 फीसदी बढ़कर 15,57,429 इकाई हो गई है जबकि अगस्त, 2021 में यह 13,38,740 इकाई थी। वहीं, पिछले महीने मोटरसाइकिल की थोक बिक्री भी 23 फीसदी बढ़कर 10,16,794 इकाई हो गई जबकि पिछले साल अगस्त में इसकी 8,25,849 इकाई बिकी थी। उद्योग संगठन सियाम के मुताबिक पिछले महीने स्कूटरों की बिक्री 10 फीसदी की बढ़त के साथ 5,04,146 इकाई रही, जबकि अगस्त 2021 में यह संख्या 4,60,284 इकाई रही थी।

सस्टेनेबिलिटी एजुकेशन पर चौथा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

नयी दिल्ली (एजेंसी)। पर्यावरण के क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी पर कार्यरत गैर-सरकारी संगठन मोबियस फाउंडेशन ने अपनी चौथी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सस्टेनेबिलिटी एजुकेशन (आईसीएसई) का आयोजन किया जहां वक्ताओं ने सम्मेलन के भागीदारों में यूनेस्को, यूएनईपी, सेंटर फॉर एन्वायरनमेंट एजुकेशन (सीईई), फाउंडेशन फॉर एन्वायरनमेंटल एजुकेशन (एफईई, कोपेनहेगन), द क्लाइमेट रिएलिटी प्रोजेक्ट इंडिया, द एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (टेरी), डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया शामिल थे। यह लगातार तीसरा साल है जबकि आईसीएसई का आयोजन मोबियस फाउंडेशन द्वारा 30 से अधिक संगठनों के सहयोग से सस्टेनेबिलिटी एजुकेशन के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श के लिए किया जाता है। इस साल आयोजित सम्मेलन का विषय बिल्डिंग कनेक्शंस एंड पार्टनरशिप्स फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर रखा गया था और इस भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण की बदौलत, कनेक्शंस बनाने तथा भागीदारियों को मजबूती देने के लिए शानदार नेटवर्किंग अवसर प्रदान किए गए। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों के साथ ही 300 से अधिक हितधारकों ने भाग लिया। फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा "सस्टेनेबिलिटी एजुकेशन पूरी दुनिया को अधिक सस्टेनेबल बनाने के लिए प्रमुख उत्प्रेरक तथा बदलाव के वाहक की भूमिका निभाने की क्षमता रखती है।

इस साल चावल के उत्पादन में एक से 1.12 करोड़ टन की आएगी कमी

खरीफ सीजन में चावल उत्पादन में आ सकती है गिरावट : खाद्य सचिव

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने कहा कि धान की बुवाई क्षेत्र में गिरावट के कारण इस साल खरीफ सीजन के दौरान चावल के उत्पादन में एक से 1.12 करोड़ टन की गिरावट आ सकती है। खाद्य सचिव सुधांशु पांडे ने यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। खाद्य सचिव का यह बयान गैर-बासमती चावल के निर्यात पर 20 फीसदी निर्यात शुल्क और टूटे चावल पर प्रतिबंध लगाने के बाद आया है। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन में चावल के उत्पादन में 10-12 मिलियन टन (एक से 1.12 करोड़ टन) की कमी हो सकती है। उन्होंने कहा कि चावल के उत्पादन में एक करोड़ टन के नुकसान की आशंका है, लेकिन सबसे खराब स्थिति में यह इस साल 1.2 करोड़ टन कम हो सकता है। हालांकि, पांडे ने कहा कि देश में चावल का सरप्लस उत्पादन होगा। सुधांशु पांडे ने बताया कि कई राज्यों में कम बारिश की वजह से इस खरीफ सीजन में अब तक धान का रकबा 38 लाख हेक्टेयर कम है। हालांकि, उन्होंने कहा कि फसल वर्ष 2021-22 (जुलाई-जून) के दौरान चावल का कुल उत्पादन रिकॉर्ड 13.29 करोड़ टन होने का अनुमान है, जो पिछले पांच साल के 11.64 करोड़ टन के औसत उत्पादन से 1.38 करोड़ टन ज्यादा है।

केरल में ओणम के दौरान दूध-दही की बिक्री का रिकॉर्ड, पिछले वर्ष की तुलना में इतनी बढ़ी खपत

नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन को उसके ट्रेड नेम मिल्मा के नाम से जाना जाता है। यह राज्य सरकार के स्वामित्व वाली सहकारी समिति है। मिल्मा की ओर से यह भी कहा गया है कि इस वर्ष ओणम पर दही की बिक्री भी रिकॉर्ड स्तर पर रही। केरल सरकार की स्वामित वाली दुग्ध सहकारिता समिति मिल्मा ने इस वर्ष ओणम के मौके पर अब तक की रिकार्ड (अब तक सबसे अधिक) दूध, दही और उससे बने उत्पादों की बिक्री की है। इस वर्ष ओणम का त्योहार चार से सात सितंबर के बीच मनाया मनाया गया। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष इस दौरान दूध और उससे बने उत्पादों की बिक्री में बड़ी वृद्धि हुई है। मिल्मा की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान कुल 94,59,576 लीटर दूध की बिक्री की गई जो पिछले वर्ष के ओणम की तुलना में 11.12% अधिक है। आठ सितंबर को थिरूवोणम के दिन सबसे अधिक 35,11,740 लीटर दूध की बिक्री की गई। इस दिन दूध की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 7.03% की वृद्धि दर्ज की गई। बता दें कि केरल को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन को उसके ट्रेड नेम मिल्मा के नाम से जाना जाता है। यह राज्य सरकार के स्वामित्व वाली सहकारी समिति है। मिल्मा की ओर से यह भी कहा गया है कि इस वर्ष ओणम पर दही की बिक्री भी रिकॉर्ड स्तर पर रही।

पेज एक के शेष

दाल के छिलके...

था। इक्रीसेट जीन बैंक के नेतृत्व में किये गये शोध में पाया गया है कि सिर्फ 100 ग्राम अरहर की दाल के छिलके में 652 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। वहीं, 100 मिलीग्राम दूध में 120 मिलीग्राम होता है। इतना ही नहीं 100 ग्राम अरहर के बीज की परत में 2.7 मिलीग्राम आयरन होता है, जो अन्य फलियां और अनाज की तुलना में काफी अधिक होता है। शोध से यह भी पता चला है कि अरहर के दानों में सीड कोट की तुलना में 18 गुना अधिक प्रोटीन होता है। कितने कैल्शियम का सेवन करना चाहिए? शोधकर्ताओं का अनुमान है कि मनुष्य को प्रतिदिन औसतन 800 से 1,000 मिलीग्राम कैल्शियम की जरूरत होती है, जबकि शोध से पता चला है कि भारतीयों को औसतन अपने आहार से उतनी मात्रा नहीं मिल रही है।

गूगल दबदबा बनाने के लिए एपल-सैमसंग जैसी कंपनियों को हर साल दे रही अरबों डॉलर



दिल्ली/ वॉशिंगटन (एजेंसी)। गूगल दुनिया का सबसे बड़ा सर्च इंजन है लेकिन यह एकाधिकार उसने प्रतिस्पर्धा के जायज तरीकों से नहीं हासिल किया है। गूगल की पेरेंट कंपनी एल्फाबेट सर्च इंजन में दबदबा कायम रखने के लिए एपल, सैमसंग जैसी मोबाइल कंपनियों को हर साल अरबों डॉलर का भुगतान करती है। यह जानकारी अमेरिकी न्याय विभाग ने स्थानीय कोर्ट को दी है। न्याय विभाग के अटॉर्नी केनेथ डिंट्जर ने रकम तो नहीं बताई लेकिन बताया कि कंपनियों को हर साल किया जाने वाला भुगतान अरबों डॉलर में है। मोबाइल, लैपटॉप और डेस्कटॉप पर अपना सर्च इंजन डिफॉल्ट तौर पर रखने के लिए इन कंपनियों से कॉन्ट्रैक्ट किया जाता है। आमतौर पर लोग डिफॉल्ट सर्च इंजन में बदलाव नहीं करते।

अगर करते भी हैं तो कई तरह की तकनीकी परेशानियां बार-बार सामने आती रहती हैं। इसी से गूगल का एकाधिकार कायम है। अमेरिकी न्याय विभाग का दावा है कि एकाधिकार कायम रखने के लिए गूगल एंटी ट्रस्ट कानून का उल्लंघन कर रही है। कोर्ट अभी दोनों पक्षों को सुन रहा है। उसके बाद इस मामले की औपचारिक सुनवाई शुरू होगी। गूगल ने अपनी सफाई में कहा कि न्याय विभाग और राज्यों ने बाजार को सही तरीके से नहीं समझा। वे छोटे सर्च इंजन जैसे माइक्रोसॉफ्ट कि बिंग और डकडकगो पर ज्यादा केंद्रित हो गए हैं।

करीब 9 साल के उच्च स्तर पर बैंक ऋण

नई दिल्ली (एजेंसी)। वाणिज्यिक बैंकों के ऋण में वृद्धि करीब 9 महीने के उच्च स्तर पर है और इसमें 26 अगस्त को समाप्त सप्ताह में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 15.5 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। हाल में जारी भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक यह 1 नवंबर, 2013 के बाद का उच्चतम स्तर है, जब वृद्धि 16.1 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष में अब तक बैंकों ने 5.66 लाख करोड़ रुपए कर्ज दिए हैं। इंडिया रेटिंग्स में डायरेक्टर एवं हेड, फाइनैंशियल इंस्टीट्यूशंस प्रकाश अग्रवाल ने कहा, ह्यव्यवस्था में ऋण में वृद्धि तेज है और यह कई साल के उच्च स्तर पर है लेकिन 20 प्रतिशत बढ़ोतरी चुनौतीपूर्ण नजर आती है क्योंकि ज्यादातर कर्ज खुदरा क्षेत्र में लिया गया है ह्ल उन्होंने कहा कि ऋण में वृद्धि 20 प्रतिशत हो, इसके लिए आर्थिक वृद्धि की रफ्तार बहुत तेज होनी चाहिए और इसके लिए जमा में भी बढ़ोतरी करनी होगी। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल की तुलना में जमा में 9.5 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इस वित्त वर्ष में जमा में वृद्धि, ऋण वृद्धि से पिछड़ रही है। इसे देखते हुए विश्लेषकों में यह चिंता है कि कम जमा ऋण में वृद्धि की राह में बड़ा व्यवधान बन सकती है। मैक्वैरी रिसर्च ने एक रिपोर्ट में कहा है।

अनिल अंबानी व एस्सेल ग्रुप को दिया गया बैड लोन अब जेसी फ्लावर्स कंपनी खरीदेगी

> ◀◀ बता दें कि जेसी फ्लावर्स की ओर से यस बैंक के बैड लोन के लिए 11,183 करोड़ रुपये की बोली लगाई गई थी इसके जवाब में सात सितंबर तक काउंटर बोलियां मंगाई गई थी।

नई दिल्ली (एजेंसी)। एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी ऑफ इंडिया और सेर्बरस कैपिटल के एक कंसोर्शियम ने यस बैंक से 48,000 करोड़ रुपये के बैड लोन को खरीदने से पीछे हटने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इन दोनों की ओर से जेसी फ्लावर्स एआरसी के ऑफर के जवाब में बोलियां नहीं जमा की गई है। इस कंसोर्शियम के पीछे हटने के बाद अब इस बात की उम्मीद की जा रही है कि यस बैंक जेसी फ्लावर्स को विजेता घोषित करेगा और अपना 48,000 करोड़ का बैड लोन उसे स्थानांतरित कर देगा। इस ट्रांसफर के बाद यस बैंक के बैलेंस शीट में बैड लोन शून्य हो जाएगा। बता दें कि जेसी फ्लावर्स की ओर से यस बैंक के बैड लोन के लिए 11,183 करोड़ रुपये की बोली लगाई गई थी इसके जवाब में सात सितंबर तक काउंटर बोलियां मंगाई गई थी। हालांकि इस मामले में आधिकारिक रूप से कोई पुष्टि नहीं की गई है। जहां जेसी फ्लावर के चेयरमैन और सीईओ राहुल गुप्ता इस संबंध में कुछ नहीं बोले वहीं एलआरसीआईएल और यस बैंक की ओर से भी इस मामले में कुछ नहीं कहा गया है। जिस बैड लोन को जेसी फ्लावर को ट्रांसफर किया जाना है उनमें अनिल धीरूभाई अंबानी, एसेग्रुप और रेडियस ग्रुप को यस बैंक की ओर से दिया गया लोन शामिल हैं। ये लोन अब एनपीए में बदल गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

चार्ल्स तृतीय को घोषित किया गया आधिकारिक तौर पर ब्रिटिश सम्राट

लंदन (एजेंसी)। चार्ल्स तृतीय को शनिवार को 700 सदस्यीय परिग्रहण परिषद द्वारा सेंट जेम्स पैलेस में एक आधिकारिक समारोह में औपचारिक रूप से ब्रिटेन का नया सम्राट घोषित किया गया। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का गुरुवार को निधन के बाद बाद चार्ल्स तृतीय देश के नए राजा बन गए थे। महारानी एलिजाबेथ के बाद आधिकारिक रूप से ब्रिटेन को अपना नया सम्राट मिल गया है। बीबीसी ने उद्घोषणा के हवाले से कहा कि प्रिंस चार्ल्स फिलिप आर्थर जॉर्ज अब चार्ल्स तृतीय हैं। पेनी मोर्डेंट ने महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन की घोषणा के बाद प्रिंस चार्ल्स के राजा बनने की उद्घोषणा की थी। घोषणा पर हस्ताक्षर प्रिंस विलियम के सामने हुआ जबकि प्रधानमंत्री लिज ट्रस और आर्कबिशप जस्टिन वेल्बी भी इस मौके पर मौजूद थे। ब्रिटेन के नए सम्राट की ताजपोशी के समय सात पूर्व प्रधानमंत्री में गॉर्डन ब्राउन, डेविड कैमरन, बोरिस जॉनसन और थेरेसा मे भी शामिल थे जो नए राजा की घोषणा को पढ़कर सुनाते समय वहां मौजूद थे। परिग्रहण परिषद एक समूह है जिसमें शाही परिवार के सदस्य, प्रधानमंत्री और अन्य वरिष्ठ राजनेता और कैंटरबरी के आर्कबिशप शामिल हैं।

गोविंद बल्लभ पंत को पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली (एजेंसी)। महान स्वतंत्रता सेनानी और भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत को रविवार को उनकी 135 वीं पुण्य तिथि पर देश भर में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज और उत्तराखंड राज्य सहित 70 से भी अधिक स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गृह मंत्री अमित शाह और अनेक केंद्रीय मंत्रियों ने पंडित पंत को श्रद्धांजलि अर्पित की। राजधानी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में रकाबगंज स्थित पंडित पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि देनेवालों में उनकी पुत्रवधु और पूर्व सांसद इला पंत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

भारत जोड़ो यात्रा पर शाह का तंज, बोले -

विदेशी टी-शर्ट पहनकर देश जोड़ने निकले हैं राहुल गांधी

जयपुर (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज करते हुए कहा कि वह विदेशी टी-शर्ट पहनकर भारत जोड़ने निकले हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ने निकले हैं, मुझे लगता है कि उन्हें भारत के इतिहास को पढ़ने की जरूरत है। इससे पहले शाह का हवाई अड्डे पर भाजपा के राजस्थान इकाई के अध्यक्ष सतीश पूनिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, विपक्ष के नेता इससे पहले शनिवार सुबह शाह ने राजस्थान के जैसलमेर जिले में तनोट माता मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर में पर्यटन विकास कार्य की आधारशिला भी रखी और पट्टिका का अनावरण भी किया। उन्होंने विजय स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारत-पाक सीमा के करीब स्थित तनोट माता मंदिर का प्रबंधन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा किया जाता है। यह मंदिर जैसलमेर से 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह मंदिर भारत और पाकिस्तान के बीच 1965 और 1971 के युद्ध से जुड़ी शौर्य गाथाओं के लिए प्रसिद्ध है।

जैसलमेर के तनोट माता मंदिर पहुंचे गृह मंत्री, पर्यटन विकास केंद्र की रखी आधारशिला

गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार सुबह राजस्थान के सीमावर्ती जैसलमेर जिले में तनोट माता मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने तनोट मंदिर परिसर में पर्यटन विकास कार्य की आधारशिला भी रखी। शुक्रवार शाम जैसलमेर पहुंचे शाह शनिवार सुबह हेलीकॉप्टर से तनोट पहुंचे, जहां उन्होंने मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर में शिलान्यास समारोह में भाग लिया और पर्यटन विकास कार्य की आधारशिला रखी। इससे पहले उन्होंने तनोट स्थित विजय स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्र द्वारा वित्तपोषित इस परियोजना के तहत पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित की जायेगी और इसका उद्देश्य सीमा पर्यटन को बढ़ावा देना है। 1965 और 1971 के युद्ध से जुड़ी शौर्य गाथाओं के लिए प्रसिद्ध, भारत-पाक सीमा के करीब स्थित तनोट माता मंदिर का प्रबंधन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा किया जाता है। यह मंदिर जैसलमेर से 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। भारत-पाकिस्तान के 1965 के युद्ध में, पाकिस्तानी सेना ने मंदिर को निशाना बनाते हुए कई बम गिराये थे, लेकिन एक भी नहीं फटा था। ये बम मंदिर में रखे हुए हैं। 1971 की लड़ाई में भी, लोंगेवाला युद्ध के दौरान पाकिस्तानी टैंक मंदिर के पास रेत में फंस गये थे और भारतीय वायु सेना ने उन पर बमबारी कर उन्हें तबाह कर दिया था।

राजस्थान में अगले साल के अंत में होंगे विधानसभा चुनाव

कुल 200 विधानसभा क्षेत्रों में से 33 विधानसभा क्षेत्र जोधपुर संभाग में हैं, जिनमें से 10 अकेले जोधपुर जिले में हैं, और उनमें से 14 वर्तमान में भाजपा के पास, 17 कांग्रेस के पास, एक निर्दलीय और एक राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के पास है। राजस्थान में विधानसभा चुनाव अगले साल के अंत में होने हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनिया ने कहा कि ओबीसी विशाल समुदाय है। यह भाजपा की विचारधारा के साथ है। यह पहली बार है कि भाजपा शासन में हमारे पास इस समुदाय के 27 (केंद्रीय) मंत्री हैं। साथ ही नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा ओबीसी आयोग को संवैधानिक मान्यता दी गयी है।

'केवल जीसस ही असली गॉड'

विवादित पादरी से राहुल गांधी की बातचीत पर मचा बवाल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पर भ्रामक सूचना फैलाने का आरोप लगाया तथा कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी भारत जोड़ो यात्रा के सफलतापूर्वक शुरू होने के बाद से हताश हो गयी है। दरअसल, कांग्रेस ने राहुल गांधी के एक पादरी से बातचीत करने को लेकर भाजपा नेताओं के ट्वीट पर आपत्ति जतायी है। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा की हेट फैक्ट्री गांधी के संबंध में एक घटिया ट्वीट प्रसारित कर रही है। ऑडियो में जो कुछ भी रिकॉर्ड किया गया है, उससे इसका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया कि यह भाजपा का विशिष्ट तुच्छ तरीका है। भारत जोड़ो यात्रा की सफल शुरुआत और लोगों द्वारा मिल रहे समर्थन को देखकर ये हताश हो गये हैं। रमेश ने आरापे लगाया कि जो लोग महात्मा गांधी की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं। जिन लोगों ने नरेंद्र दाभोलकर, गोविंद पानसरे, गौरी लंकेश और एमएम कलबुर्गी जैसे लोगों की हत्या की, वे आज सवाल उठा रहे हैं। कैसा घटिया मजाक है। भारत जोड़ो यात्रा की भावना को ठेस पहुंचाने के लिए ऐसे सभी प्रयास बुरी तरह विफल होंगे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक पादरी के साथ गांधी का वीडियो साझा करते हुए कहा कि राहुल गांधी से मुलाकात करने वाले जॉर्ज पोन्नैया ने कहा कि ईसा मसीह ही एकमात्र वास्तविक ईश्वर है न कि कोई शक्ति या अन्य भगवान। पूनावाला ने ट्वीट किया कि इस व्यक्ति को हिंदुओं के खिलाफ घृणा के लिए पहले भी गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने यह भी कहा था कि मैं जूते इसलिए पहनता हूं ताकि भारत माता की अशुद्धियां हमें दूषित न कर सकें। भारत जोड़ो, भारत तोड़ो प्रतीकों के साथ है।

भारत ने चीन में मेडिकल स्टडी करने के इच्छुक छात्रों को किया आगाह, जारी की एडवाइजरी

बीजिंग (एजेंसी)। भारत ने चीन में चिकित्सा की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों को एक विस्तृत परामर्श जारी किया है जिसमें उन्हें चीन में पढ़ाई करने के बाद होनेवाली कई तरह की समस्याओं के प्रति आगाह किया गया है। परामर्श में छात्रों को परीक्षा उत्तीर्ण होने के कम प्रतिशत, आधिकारिक भाषा पुतोंग्हुआ सीखने की बाध्यता और भारत में चिकित्सक के तौर पर प्रैक्टिस करने के कड़े नियमों के बारे में बताया गया है। यह परामर्श ऐसे समय जारी किया गया है जब चीन के चिकित्सा संस्थानों में पढ़नेवाले कई भारतीय छात्र बीजिंग के कोविड वीजा प्रतिबंध के कारण दो साल से ज्यादा समय से घर बैठे हैं। आधिकारिक अनुमान के अनुसार, वर्तमान में विभिन्न चीनी विश्वविद्यालयों में 23 हजार से ज्यादा भारतीय छात्रों ने दाखिला लिया हुआ है, जिनमें से बड़ी संख्या चिकित्सा की पढ़ाई करनेवाले छात्रों की है। कोविड वीजा प्रतिबंधों के दो साल से ज्यादा समय गुजरने के बाद चीन ने हाल में कुछ चुनिंदा छात्रों को वापस आने के लिए वीजा जारी किया था। परंतु उनमें से अधिकांश छात्र वापस आने के लिए संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि, सीधी उड़ान उपलब्ध नहीं है और बीजिंग में पृथक-वास की पाबंदियों को देखते हुए दोनों देशों के बीच सीमित उड़ान सुविधाओं के लिए बातचीत जारी है।

ब्रिटेन के गृह मंत्री के पिता की गोवा में पुश्तैनी जमीन पर किसी ने कर लिया है कब्जा

- आरएनएम

नयी दिल्ली। ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन के पिता ने शिकायत की है कि उत्तरी गोवा में उनकी दो पुश्तैनी संपत्ति पर एक अज्ञात व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। उनकी इस शिकायत के बाद राज्य पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने भारतीय मूल की सांसद ब्रेवरमैन को ब्रिटेन की गृह मंत्री नियुक्त किया है। पुलिस अधीक्षक (एसआईटी) निधि वासन ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि ब्रेवरमैन के पिता क्रिस्टी फर्नांडीस ने शिकायत की है कि असगाओ में उनकी दो पुश्तैनी संपत्ति सामूहिक रूप से 13,900 वर्ग मीटर में हैं। उन्होंने कहा कि शिकायत के आधार पर एसआईटी ने पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की है। मामले की जांच शुरू हो गयी है।

- पिता के लिखित शिकायत पर अब जागी है गोवा सरकार व पुलिस, मामला दर्ज कर जांच शुरू की

फर्नांडीस ने मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, राज्य के पुलिस महानिदेशक जसपाल सिंह और गोवा एनआरआई कमिश्नरेट को एक ई-मेल के जरिये शिकायत दर्ज करायी। गोवा के एनआरआई कमिश्नर नरेंद्र सवाईकर ने बताया कि उनके विभाग को पिछले सप्ताह ई-मेल प्राप्त हुआ था, जिसे राज्य के गृह विभाग को भेज दिया गया था। गोवा सरकार ने इस साल की शुरुआत में जमीन हड़पने के मामले की जांच के लिए पुलिस, राजस्व और अभिलेखागार और पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को शामिल करते हुए एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी राज्य में ऐसे 100 से अधिक मामलों की जांच कर रही है और अभिलेखागार और पुरातत्व विभाग के दो अधिकारियों सहित 15 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

मौत को हराकर जल्द 'अमर' हो जायेंगे इंसान!

स्पेन के वैज्ञानिकों ने रिसर्च के बाद किया बड़ा खुलासा!

मैड्रिड (एजेंसी)। कहा जाता है कि इस धरती पर कुछ भी अनश्वर नहीं है, जो भी यहां आया है, उसे एक दिन जाना है। हमारे वेद पुराणों में भी अमरत्व को लेकर ऐसी चर्चा है। लेकिन, आज तक ऐसा कोई जवाब नहीं मिला, जो अमरता के रहस्य को खोल सके। देवी-देवताओं को छोड़ दें तो पुराणों में स्पष्ट लिखा है कि इंसान का शरीर नश्वर है, लेकिन इस दावे को स्पेन के वैज्ञानिक चुनौती देने जा रहे हैं। हाल ही में स्पेन की एक यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट्स ने जेलीफिश पर एक रिसर्च किया और उस रिसर्च के आधार पर उम्मीद की जा रही है कि वे बस अमरत्व से एक कदम की दूरी पर हैं। स्पेन की यूनिवर्सिटी ऑफ ओविएडो के डिपार्टमेंट ऑफ बायोकेमिस्ट्री एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के रिसर्चर ने धरती के इकलौते ऐसे जीव पर एक्सपेरिमेंट किया है, जिसे अमरत्व के करीब माना जाता है। वह जीव जेलीफिश है, जिसे टरीटॉप्सिस डोहरनी के नाम से भी जाता है। इस जीव में वापस युवावस्था में लौटने की क्षमता होती है, यानी कि जब इसके शरीर में कोई क्षति पहुंचती है तो वह खुद फिर से युवा बना लेता है। इस तरह से वह जब तक चाहे, तब तक जीवित रह सकता है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित इस स्टडी को कंपैरेटिव जीनोमिक्स ऑफ मोर्टल एंड इम्मोर्टल निडेरियन्स अनवील्स नोवेल कीज बिहाइंड रिजुवेनेशन कहा जाता है। इस रिसर्च के जरिए वैज्ञानिकों ने उम्र को कम करने वाली जेलीफिश के जीनोम को अनुक्रमित किया और डीएनए के सटीक हिस्से को अलग करने में कामयाब रहे। इसी हिस्से का उपयोग करके जेलीफिश अपनी उम्र कम करके खुद को दोबारा युवा बना लेता है। यह रिसर्च यूनिवर्सिटी ऑफ ओविएडो के डॉ. कार्लोस लोपेज-ओटिन के नेतृत्व में हुआ। इनकी टीम ने जेलीफिश के आनुवंशिक अनुक्रम को उनकी लंबी उम्र के रहस्य का पता लगाने और मानव उम्र बढ़ाने के नए सुराग खोजने की उम्मीद को देखते हुए मैप किया। उन्होंने यह पता लगाया कि टी. डोहरनी के जीनोम में भिन्नताएं हैं जो इसे डीएनए की प्रतिलिपि बनाने और मरम्मत करने में बेहतर बना सकती हैं और वे टेलोमेरेस नामक गुणसूत्रों के सिरों को बनाए रखने में बेहतर प्रतीत होते हैं। वहीं, मनुष्यों में उम्र के साथ टेलोमेयर की लंबाई कम होती दिखाई गई है।

ऑस्ट्रेलिया में 2.5 करोड़ लोगों की होगी डीएनए स्क्रीनिंग भविष्य में होनेवाली गंभीर बीमारियों का लग सकेगा पता

मेलबर्न (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया अपनी पूरी आबादी की डीएनए स्क्रीनिंग सरकारी खर्च पर करेगा। ऐसा करनेवाला वो दुनिया का पहला देश बन गया है। आबादी को सेहतमंद रखने और समय रहते इलाज मुहैया कराने के लिए ये प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। सरकार का मानना है कि आबादी की डीएनए सैंपलिंग करने से ये पता चल सकेगा कि लोगों को आनेवाले समय में कैंसर और डायबिटीज जैसी आनुवंशिक बीमारियां होने की कितनी आशंका है। आमतौर पर महंगी मानेजाने वाली डीएनए स्क्रीनिंग की शुरूआत ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न स्थित मोनाश यूनिवर्सिटी से की गई है। फ्री डीएनए टेस्टिंग प्रोजेक्ट के प्रति लोगों में खासा उत्साह देखा गया। 24 घंटे से भी कम समय में पहले चरण में 18-40 उम्र के 10 हजार लोगों ने डीएनए स्क्रीनिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करवा दिया। नतीजों में सामने आया कि टेस्ट किए गए हर 75 में से एक व्यक्ति को भविष्य में गंभीर बीमारी का खतरा है।